<u>भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ</u>

फा. सं. 6/14/2024-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
व्यापार उपचार महानिदेशालय
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, 5, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक : 27.8.2025

<u>अंतिम जांच परिणाम</u>

<u>मामला सं.-एडी (ओआई): 12/2024</u>

विषय: चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "टी-आकार के लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल" के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच।

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे आगे 'अधिनियम ' कहा गया है) और उसकी समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे यहां आगे "पाटनरोधी नियमावली" अथवा "नियमावली" कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए;

1. जबकि सवेरा इंडिया राइडिंग सिस्टम कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" या "घरेलू उद्योग" या "याचिकाकर्ता" या "सवेरा इंडिया" कहा गया है) ने सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार, चीन जन.गण. (जिसे आगे "संबद्ध देश" भी कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित टी-आकार के लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल (जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" या "संबद्ध सामान" या "पीयूसी" भी कहा गया है) के आयात पर पाटनरोधी जांच शुरू

करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे "प्राधिकारी " भी कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन-पत्र दायर किया।

2. और जबकि, आवेदक द्वारा दायर विधिवत प्रमाणित आवेदन-पत्र के मद्देनजर, प्राधिकारी ने भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना फा. सं. 6/14/2024-डीजीटीआर, दिनांक 29 जून, 2024 के तहत एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है, जिसमें संबद्ध सामानों के किसी कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने और पाटनरोधी शुल्क की राशि जो यदि लगाई जाए और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के अनुसार संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के आयातों की पाटनरोधी जांच शुरू की।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. वर्तमान जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

i. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच शुरु करने से पहले वर्तमान पाटनरोधी आवेदन-पत्र की प्राप्ति के बारे में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को अधिसूचित किया।

ii. प्राधिकारी ने संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरु करते हुए 29 जून 2024 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की, जिसे भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित किया गया।

iii. प्राधिकारी ने 29 जून 2024 की जांच की शुरुआत की अधिसूचना की एक प्रति, संबद्ध देश की सरकार को, भारत में उसके दूतावास के माध्यम से, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं के साथ-साथ अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों के अनुसार भेजी और उनसे निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित रूप में अपने विचार देने का अनुरोध किया।

iv. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार, ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों और संबद्ध देश की सरकार को भारत में उनके दूतावास के माध्यम से आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति भी उपलब्ध कराई।

आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति अन्य हितबद्ध पक्षकारों को, जहाँ भी अनुरोध किया गया, उपलब्ध कराई गई।

v. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से यह भी अनुरोध किया गया कि वह निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत करने की सलाह दे। ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की एक प्रति, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नाम और पते सहित, उन्हें भी भेजी गई थी।

vi. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार, संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को निर्यातक प्रश्नावली भेजी।

vii. जांच की शुरुआत की अधिसूचना के उत्तर में, संबद्ध देश के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने स्वयं को जांच में हितबद्ध पक्षकारों के रूप में पंजीकृत कराया:

क्र.सं.	**उत्पादक/निर्यात**
1.	वूशी कोएनिग एलेवेटर एक्सेसरीज़ कंपनी लिमिटेड
2.	तियानजिन सवेरा एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड
3.	सूज़ौ सवेरा शांगवु एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड
4.	मारज़ी (जियांग्सू) एलेवेटर गाइड रेल कंपनी लिमिटेड
5.	झांगजियागांग ऑस्कर एंड जेसन एलेवेटर पार्ट्स कंपनी लिमिटेड
6.	झेजियांग बोनली एलेवेटर गाइड रेल निर्माता कंपनी लिमिटेड
7.	झांगजियागांग शिनलिन मशीनरी कंपनी लिमिटेड

viii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध सामानों के ज्ञात आयातकों को आयातक/प्रयोक्ता प्रश्नावली भेजी जिसमें नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मांगी गई थी।

ix. जांच की अधिसूचना की शुरुआत के उत्तर में, निम्नलिखित आयातकों/प्रयोक्ताओं ने स्वयं को हितबद्ध पक्षकारों के रूप में पंजीकृत कराया:

क्र.सं.	**आयातक/उपयोगकर्ता**
1.	भूमि एसोसिएट्स
2.	कोन एलेवेटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
3.	ओटिस एलेवेटर कंपनी (इंडिया) लिमिटेड
4.	जॉनसन लिफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
5.	टेक्नो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
6.	ओमेगा एलेवेटर्स

7.	हाइबॉन एलेवेटर्स
8.	एसएसजे एंटरप्राइजेज
9.	इंडेक्स सिस्टम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
10.	एशियन एलेवेटर्स
11.	केएसडी इक्विप्मेंट्स प्राइवेट लिमिटेड
12.	टीके एलेवेटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
13.	हर्षल कंट्रोल सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड और एचार एलेवेटर फिक्स्चर्स
14.	मोंटेफेरो इंडिया गाइडरेल्स एंड एलेवेटर पार्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
15.	कर्मा एंटरप्राइजेज
16.	भाग्यनगर स्टील इंडस्ट्रीज
17.	एसएमैक्स इंजीनियरिंग
18.	संजय एंटरप्राइज
19.	शिंडलर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

x. जांच की शुरुआत की अधिसूचना की एक प्रति और आवेदन-पत्र का एक अगोपनीय रूपांतर ज्ञात एसोसिएशनों को भेजा गया।

xi. जांच की शुरुआत की अधिसूचना के उत्तर में, निम्नलिखित एसोसिएशनों ने स्वयं को हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया है:

क्र.सं.	**एसोसिएशन**
1.	चाइना चैंबर ऑफ कॉमर्स फॉर इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट ऑफ मशीनरी एंड इलैक्ट्रानिक प्रोडक्ट्स (सीसीसीएमई)
2.	इंडियन इलैक्ट्रिकल एंड इलैक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन (आईईईएमए)
3.	इलेवेटर एंड एस्केलेटर कंपोनेंट मैन्यूफैक्चर्रस एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ईईसीएमएआई)

xii. इसके अलावा, इनमें से, सीसीसीएमई और ईईसीएमएआई ने अपने-अपने अनुरोध किए। प्राधिकारी ने इन सभी अनुरोधों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है और उन्हें नोट किया है।

xiii. निर्यातक, विदेशी उत्पादक और अन्य हितबद्ध पक्षकार, जिन्होंने इस जांच का उत्तर नहीं दिया है या संगत सूचना प्रदान नहीं की है, उन्हें असहयोगी हितबद्ध पक्षकार माना गया है।

xiv. प्राधिकारी ने सभी ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, आयातकों और आवेदक को एक आर्थिक हित प्रश्नावली जारी की। आर्थिक हित प्रश्नावली को प्रशासनिक मंत्रालय के साथ भी साझा किया गया था।

xv. वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए जांच की अवधि ("जांच की अवधि" या "पीओआई") 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 (12 महीने) है। क्षति अवधि में जांच की अवधि और पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 शामिल होंगे।

xvi. महानिदेशक सिस्टम (डीजी सिस्टम) से पिछली क्षति जांच अवधि और जांच अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयात का लेन-देन-वार विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। प्राधिकारी को यह प्राप्त हुआ और संबद्ध जांच के लिए इस पर विचार किया गया। वर्तमान अंतिम जांच परिणामों के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम के आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है।

xvii. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन पद्धति पर चर्चा करने के लिए 04 सितंबर 2024 को सभी हितबद्ध पक्षकारों के साथ एक बैठक की। सभी हितबद्ध पक्षकारों से इनपुट प्राप्त करने के बाद, प्राधिकारी ने 19 नवंबर 2024 की अधिसूचना के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र को स्पष्ट किया और पीसीएन को भी अधिसूचित किया।

xviii. सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई और साथ ही सभी हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया कि वे अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल करें।

xix. इस जांच के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर, साक्ष्यों द्वारा समर्थित और वर्तमान जांच के लिए संगत माने जाने की सीमा तक, प्राधिकारी द्वारा इस अंतिम जांच परिणाम में उचित रूप से विचार किया गया है।

xx. प्राधिकारी ने आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सूचना मांगी है। घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का स्थल सत्यापन वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था। प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में अपने विश्लेषण में घरेलू उद्योग के सत्यापित आंकड़ों पर विचार किया है।

xxi. प्राधिकारी ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों से आवश्यक सीमा तक अतिरिक्त सूचना मांगी है। अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का सत्यापन वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था।

xxii. क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) का निर्धारण घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत वास्तविक आंकड़ों/सूचना के आधार पर किया गया है। अनुकूलन घरेलू उद्योग द्वारा प्राप्त किए जाने वाले अनुमानित अधिकतम क्षमता उपयोग के आधार पर किया जाता है। घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) तथा नियमावली के अनुबंध III के अनुसार, भारत में संबद्ध सामानों के उत्पादन की इष्टतम लागत तथा निर्माण एवं बिक्री लागत के आधार पर एनआईपी तैयार की गई है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को हुई क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा।

xxiii. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 8 अप्रैल, 2025 को आयोजित एक सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन के कारण 26 मई, 2025 को दूसरी मौखिक सुनवाई आयोजित की गई। जिन पक्षकारों ने दोनों मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए थे, उनसे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध दायर करने और उसके बाद, यदि कोई हो, तो प्रत्युत्तर अनुरोध दायर करने का अनुरोध किया गया। हितबद्ध पक्षकारों को उनके द्वारा प्रस्तुत लिखित अनुरोधों के अगोपनीय रूपांतर को अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा करने का भी निर्देश दिया गया।

xxiv. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए विचाराधीन सभी अनिवार्य तथ्यों से युक्त प्रकटन विवरण सभी हितबद्ध पक्षकारों को 04 अगस्त 2025 को परिचालित किया। पक्षकारों से अनुरोध किया गया कि वे प्रकटन विवरण पर अपनी टिप्पणियाँ, यदि कोई हों, 10 अगस्त 2025 तक दायर करें और टिप्पणियाँ दायर करने की समय-सीमा को 08 अगस्त 2025 के ईमेल के माध्यम से 11 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया।

xxv. प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणाम में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई प्रकटन-पश्चात सभी टिप्पणियों की, जहाँ तक संगत समझा गया, जाँच की है। कोई भी अनुरोध जो केवल पिछले अनुरोधों की पुनरावृत्ति मात्र था, और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से जाँच की गई थी, संक्षिप्तता के लिए उसे दोहराया नहीं गया है।

xxvi. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रदान की गई सूचना की गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहाँ भी आवश्यक हुआ, गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं

की गई है। जहाँ भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

xxvii. जहाँ भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जाँच के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुँच से इनकार किया है या अन्यथा प्रदान नहीं की है, या जाँच में अत्यधिक रूप से बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अंतिम जांच परिणाम दर्ज किए हैं।

xxviii. प्राधिकारी ने इस स्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए सभी तर्कों और प्रदान की गई सूचना पर, उस सीमा तक विचार किया है, जहाँ तक वे साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं और वर्तमान जाँच के लिए संगत मानी गई हैं।

xxix. इन अंतिम जांच परिणामों में '***' गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकार द्वारा दी गई सूचना और नियमावली के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाते हैं।

xxx. प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच के लिए अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.52 रुपए है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच की शुरुआत के स्तर पर, विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था:

3. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद टी-आकार की लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल है, जिसे लिफ्ट गाइड रेल के रूप में भी जाना जाता है। लिफ्ट गाइड रेल दो प्रकार की होती हैं, यानी सॉलिड गाइड रेल और खोखली गाइड रेल। सॉलिड गाइड रेल टी-आकार की गाइड रेल हैं जो मशीनिंग या कोल्ड-ड्रॉइंग टी-प्रोफाइल द्वारा निर्मित होती हैं और कार गाइड रेल अनुप्रयोगों और काउंटरवेट/बैलेंसिंग वेट गाइड रेल अनुप्रयोगों के लिए उपयोग की जाती हैं। खोखली गाइड रेल गठित शीट धातु से बनी होती हैं और खुली प्रोफाइल या बंद प्रोफाइल हो सकती हैं और काउंटरवेट/बैलेंसिंग वेट गाइड रेल अनुप्रयोगों के लिए उपयोग की जाती हैं। पीयूसी लिफ्ट कार और काउंटरवेट/बैलेंसिंग वेट की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एक मार्गदर्शक संरचना प्रदान करता है।

4. पीयूसी के क्षेत्र में निम्नलिखित को छोड़कर सभी प्रकार और आयामों की टी-आकार की लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल शामिल हैं:

i. ***कोल्ड-ड्रॉन गाइड रेल****: ये सॉलिड गाइड रेल कोल्ड-ड्राविंग प्रक्रिया के माध्यम से विनिर्मित की जाती हैं जो परिष्कृत गाइड रेलों को आयाम देती हैं और उनके यांत्रिक गुण-धर्मों और सतह विशेषताओं (खुरदरापन) को संशोधित करती है।*

ii. ***बड़े आकार/चौड़ाई की सॉलिड गाइड रेल,*** *यानी, विभिन्न प्रकारों में टी114/बी, टी127/बी, टी125/बी और टी140/बी। इन गाइड रेल को उनके बड़े आकार के कारण विशेष गाइड रेल कहा जाता है।*

iii. ***वेल्डेड खोखले गाइड रेल:*** *इन खोखले गाइड रेल का निर्माण खोखले गाइड रेल के किनारों को सामान्यतः उच्च आवृत्ति वेल्डिंग प्रक्रिया या किसी अन्य समतुल्य वेल्डिंग प्रक्रिया द्वारा वेल्डिंग करके किया जाता है।*

5. विचाराधीन उत्पाद प्रशुल्क शीर्ष 8431 और प्रशुल्क मद 8431 31 00 के तहत अध्याय 84 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है, "लिफ्ट, स्किप होइस्ट या एस्केलेटर" और 8431 39 10 "लिफ्ट, कन्वेयर और मूविंग उपकरण" के अंतर्गत सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची के अंतर्गत वर्गीकृत किया जा सकता है। संबद्ध सामान प्रशुल्क मद 8431 39 00 "अन्य" के तहत भी आयात किए जाते हैं। तथापि, याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि विचाराधीन उत्पाद का किसी अन्य शीर्ष/प्रशुल्क मद के अंतर्गत आयात किए जाने की संभावना है। अत:, विचाराधीन उत्पाद के लिए प्रशुल्क मद केवल संकेतात्मक है और किसी भी तरह से उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

6. याचिकाकर्ता ने निष्पक्ष तुलना के लिए विचाराधीन उत्पाद के लिए निम्नलिखित उत्पाद नियंत्रण संख्या (पीसीएन) प्रस्तावित की है:

क्र.सं.	***मापदंड***	***प्रकार***	***पीसीएन कोड***
1	*गाइड रेल के प्रकार*	*सॉलिड गाइड रेल*	*एसजीआर*
2		*होलो गाइड रेल*	*एचजीआर*

ग.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

5. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. सतत वेल्डेड सीम के साथ निर्मित खोखले बंद प्रोफाइल घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित नहीं किए जाते हैं और अन्य प्रकार की गाइड रेलों से विनिर्माण प्रक्रिया और तकनीकी विनिर्देशनों में महत्वपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं। इन्हें जाँच के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

ii. सभी खोखले गाइड रेल, चाहे वेल्डेड हों या गैर-वेल्डेड, ठोस गाइड रेलों से विशेषताओं, अनुप्रयोग और डिज़ाइन में भिन्न होते हैं। ये निर्मित शीट धातु से बने होते हैं और विशेष रूप से मध्यम या कम भार वाले काउंटरवेट सिस्टम में बिना सुरक्षा गियर के उपयोग किए जाते हैं, क्योंकि ये उच्च संपीड़न भार का सामना नहीं कर सकते हैं। तदनुसार, सभी खोखले गाइड रेलों को जाँच के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

iii. टी-आकार के लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल, जिन्हें पूर्ण लिफ्ट सिस्टम या अतिरिक्त किट के हिस्से के रूप में आयात किया जाता है, की कोई अलग पहचान या मूल्यांकन नहीं होता है। इन घटकों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन नहीं किया जाता है और इन्हें जाँच के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

iv. बोल्ट, क्लिप और फिशप्लेट जैसे सहायक उपकरण विशिष्ट वाणिज्यिक मदें हैं जिन्हें आमतौर पर विचाराधीन उत्पाद के साथ बेचा जाता है। ये सहायक उपकरण विभिन्न प्रशुल्क वर्गीकरणों के अंतर्गत आते हैं और अलग-अलग कार्यात्मक भूमिकाएँ निभाते हैं। इन सहायक उपकरणों को जाँच के क्षेत्र से बाहर करने के लिए एक स्पष्ट स्पष्टीकरण आवश्यक है।

v. टी114 और उससे अधिक आकार की कोल्ड-ड्रॉ गाइड रेल और सॉलिड गाइड रेल को पहले ही जाँच की शुरुआत की सूचना में बाहर रखा जा चुका है। इसके बाहर किए जाने की पुष्टि की जानी चाहिए और अंतिम क्षेत्र में इसे बनाए रखा जाना चाहिए।

vi. लागत संरचना, अनुप्रयोगों, डिज़ाइन मापदंडों और प्रसंस्करण विधियों के संदर्भ में सॉलिड और हॉलो गाइड रेल के बीच काफी अंतर मौजूद हैं। इन अंतरों के कारण जाँच के क्षेत्र में अलग से उपचार और विकृत तुलनाओं को रोकने के लिए विशिष्ट पीसीएन पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है।

vii. प्रश्नावली के उत्तरों की सटीक तैयारी के लिए उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति को अंतिम रूप देना आवश्यक है। उत्तर प्रस्तुत करने की समय सीमा

को उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन संरचना को अंतिम रूप देने की तिथि से 30 दिनों तक बढ़ाया जाना चाहिए।

viii. याचिकाकर्ता टी-90 गाइड रेल का निर्माण नहीं करता है, इस तथ्य की पुष्टि याचिका द्वारा की गई है, जिसमें केवल टी-82 तक के उत्पादन का उल्लेख है। तदनुसार, टी-90 को जांच के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

ix. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि 26 दिसंबर 2024 को दायर ईआईक्यू में यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता टी-90 सॉलिड गाइड रेल का निर्माण नहीं करता है। तदनुसार, याचिकाकर्ता का यह दावा कि टी-90 को पीयूसी के क्षेत्र से बाहर करने का अनुरोध निर्धारित समय-सीमा के बाद किया गया था, भ्रामक है।

x. टेक्नोवा इमेजिंग सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी (एडी/51425/2022) में सेस्टैट के निर्णय में बाहर करने के सिद्धांत को मजबूत समर्थन मिलता है, जहां न्यायाधिकरण ने सिद्ध किया कि किसी उत्पाद का केवल उत्पादन ही पीयूसी के क्षेत्र में शामिल करने के लिए पर्याप्त नहीं है; याचिकाकर्ता को यह दिखाना होगा कि उसने उस उत्पाद की एक निश्चित मात्रा की मांग को पूरा किया है ताकि उसे शामिल किया जा सके।

xi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने दावा किया कि 1 मिमी का भी आयामी अंतर कच्चे माल के चयन, उत्पादन प्रक्रियाओं, इंजीनियरिंग विनिर्देशों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है, विभिन्न कच्चे माल, मशीनिंग, सांचों की आवश्यकता होती है और भार वहन क्षमता एवं लागत संरचना को प्रभावित करता है।

xii. हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी अनुरोध किया है कि घरेलू स्तर पर उत्पादित संबद्ध सामानों में अपर्याप्त तन्य शक्ति और तन्यता की समस्याएँ होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप परिचालन दबाव के तहत विरूपण होता है। यह भी तर्क दिया गया है कि घरेलू उद्योग 14 से 15 फीट की गैर-मानक लंबाई में गाइड रेल की आपूर्ति करता है, जबकि आईएसओ 7465 द्वारा निर्धारित मानक लंबाई 5000 मिमी है, जिससे स्थापना में अकुशलता, सामग्री की बर्बादी और खरीद लागत में वृद्धि होती है।

xiii. विचाराधीन उत्पाद एक महत्वपूर्ण घटक है जो किसी लिफ्ट प्रणाली की समग्र सुरक्षा और प्रचालनात्मक दक्षता पर सीधा प्रभाव डालता है। खेदजनक रूप से, कई प्रयोक्ता उद्योग सदस्यों को रेल जोड़ों के संबंध में गुणवत्ता संबंधी चिंताओं का लगातार सामना करना पड़ा है। ये कमियां सवारी के अनुभव से समझौता नहीं करती हैं, बल्कि सुरक्षा संबंधी चिंताएँ भी पैदा कर सकती हैं, खासकर ऊँची इमारतों में जहाँ निर्बाध संरेखण आवश्यक है।

xiv. एसवीबी के -90टी के निष्कर्ष और आयातित सामानों की ऊँची कीमतें इस बात का समर्थन करती हैं। इसके विपरीत, घरेलू उत्पाद लिफ्ट सुरक्षा के लिए आवश्यक परिशुद्धता मानकों को लगातार पूरा नहीं कर पाते हैं, और निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद निष्पादन और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करते हैं।

xv. विचाराधीन उत्पाद की आयात कीमत संबंधी विचारों के बजाय विश्वसनीय आपूर्ति और मांग के प्रति जवाबदेही की आवश्यकता से प्रेरित है। घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को दिए गए कई ऑर्डर कथित तौर पर सामग्री की कमी के कारण कम मात्रा में आपूर्ति के परिणामस्वरूप हुए हैं, जिससे परियोजना में देरी हुई है और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा है।

xvi. कच्चे सामग्री की खरीद, विशेष रूप से इस्पात की खरीद में रुकावटें आ रही हैं, जिससे उत्पादन में देरी हो रही है और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ रहा है, जिससे घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित हो रही है।

xvii. घरेलू उद्योग को कई ऑर्डर दिए गए थे; हालाँकि, इनकी आपूर्ति कम मात्रा में की गई। घरेलू उद्योग से कम आपूर्ति के कारण कंपनी की परियोजनाओं में देरी हुई, कई बार अनुवर्ती कार्रवाई के बावजूद, घरेलू उद्योग ने सामग्री की कमी को इसका कारण बताया। इन देरी के परिणामस्वरूप प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ और ग्राहकों के सामने प्रतिष्ठा का हनन हुआ।

xviii. इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद ग्राहकों द्वारा वांछित विनिर्देशों और मानकों के अनुरूप नहीं थे, जिसके परिणामस्वरूप ऑर्डर में कमी आई।

xix. कुछ चीनी उत्पादकों ने कम विनिर्देशों वाले, सिकुड़े हुए आकार के गाइडरेल की आपूर्ति की है, जिससे उत्पाद की अखंडता और सुरक्षा से समझौता हुआ है। सिकुड़े हुए आकार के गाइडरेल और कमज़ोर काउंटरवेट सिस्टम, तकनीकी रूप से मानकों के अनुरूप होने के बावजूद, छिपे हुए खतरे पैदा करते हैं और व्यापक आउटसोर्सिंग के कारण सभी लिफ्ट कंपनियों को प्रभावित करते हैं।

xx. हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि गुणवत्ता और सुरक्षा के मुद्दों पर सकारात्मक साक्ष्य के अभाव का याचिकाकर्ता का दावा निराधार है। विस्तृत तकनीकी साक्ष्य पहले ही प्राधिकारी को ईमेल के माध्यम से प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसमें रेल जोड़ की गुणवत्ता, तन्य शक्ति और मानकीकृत आयामों के अनुपालन के बारे में सूचना दी गई है।

ग.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

6. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध दी हैं:

i. वर्तमान जाँच में विचाराधीन उत्पाद का दायरा टी-आकार की एलिवेटर/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल है। विचाराधीन उत्पाद मुख्यतः दो प्रकार के हैं, अर्थात् सॉलिड गाइड रेल और खोखली गाइड रेल।

ii. सॉलिड गाइड रेल, टी-आकार की गाइड रेल हैं जो मशीनिंग या कोल्ड-ड्रॉइंग टी-प्रोफाइल द्वारा निर्मित की जाती हैं। खोखली गाइड रेल, फॉर्म्ड शीट मेटल से बनी होती हैं और खुली प्रोफाइल या बंद प्रोफाइल हो सकती हैं। खोखली बंद प्रोफाइल, गाइड रेल के साथ एक सतत सीम वेल्डिंग करके बनाई जाती हैं।

iii. गाइड रेल, एलिवेटर में आवश्यक सुरक्षा घटक होते हैं, जो ट्रैक बनाते हैं जो कार और एलिवेटर/लिफ्ट के काउंटरवेट/संतुलन भार को होइस्ट वे में ऊर्ध्वाधर दिशा में निर्देशित करके सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करता है।

iv. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में कोल्ड-ड्रॉइंग गाइड रेल, बड़े आकार की सॉलिड गाइड रेल और बंद प्रोफाइल वेल्डेड खोखली गाइड रेल शामिल नहीं हैं।

v. घरेलू उद्योग द्वारा सुझाए गए पीसीएन में वे सभी मापदंड शामिल हैं जिनसे लागत में अंतर आ सकता है। चूँकि इस जाँच के लिए संपूर्ण आंकड़े को भार में परिवर्तित कर दिया गया है, इसलिए किसी और पीसीएन मापदंड की आवश्यकता नहीं है।

vi. वेल्डेड खोखली गाइड रेल को पहले ही विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है। इस स्पष्टीकरण पर कोई आपत्ति नहीं है कि "क्लोज़्ड प्रोफ़ाइल" वेल्डेड खोखली गाइड रेल को भी विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।

vii. टी-आकार की रेल वाली पूर्ण एलिवेटर को आवेदन में कभी भी विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा नहीं माना गया है। इन्हें पूर्ण मशीनरी के साथ एक अलग प्रशुल्क उपशीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। अत:, यह स्पष्ट किया जा सकता है कि ऐसे एलिवेटर को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।

viii. विचाराधीन उत्पाद वाले अतिरिक्त किट को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर नहीं रखा जा सकता। ऐसी किट में अक्सर विचाराधीन उत्पाद के साथ-साथ पहिए, रोलर, पुली, फिशप्लेट, ब्रेक शू और फास्टनर जैसे अन्य पुर्जे भी शामिल होते हैं। ये पूर्ण मशीनरी का हिस्सा नहीं हैं और इन्हें अलग से वर्गीकृत किया गया है। अतिरिक्त किटों को बाहर रखने से पाटनरोधी शुल्क की प्रवंचना होगी।

ix. आयात दस्तावेजों में विवरण स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि विचाराधीन उत्पाद को लिफ्टों के लिए स्पेयर पार्ट्स और सहायक उपकरणों के रूप में आयात किया जा रहा है। विचाराधीन उत्पाद सहित प्रत्येक घटक को मात्रा और मूल्य के साथ अलग-अलग दर्शाया गया है, जिससे यह पुष्टि होती है कि उनका व्यापार अलग-अलग किया जा रहा है, न कि संपूर्ण लिफ्टों के भाग के रूप में।

x. यदि अतिरिक्त किटों को क्षेत्र से बाहर रखा जाता है, तो यह आयातकों को अतिरिक्त किट के भाग के रूप में लेबल किए गए विचाराधीन उत्पाद को लाने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जिससे पाटनरोधी उपायों की प्रवंचना होगी।

xi. अतिरिक्त पार्ट्स के रूप में वर्णित आयात लेनदेन को याचिका के क्षेत्र से कभी बाहर नहीं रखा गया था, और ऐसे आयातों के माध्यम से प्रवंचना के जोखिम को अन्य मामलों में भी मान्यता दी गई है।

xii. ओपन प्रोफाइल हॉलो गाइड रेल घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित की जाती हैं। संबद्ध देश से इन उत्पादों के पाटित आयातों से वास्तविक क्षति हुई है। इसलिए, ओपन प्रोफाइल हॉलो गाइड रेल विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में ही रहनी चाहिए।

xiii. बिक्री कीमत पीसीएन वर्गीकरण के लिए एक संगत मापदंड नहीं है। यह बाज़ार के प्रकार, ऑर्डर के आकार और ग्राहक की शर्तों जैसे विभिन्न कारकों से प्रभावित होता है, और इसलिए लागत अंतर को सटीक रूप से नहीं दर्शाता है।

xiv. मीट्रिक टन में आंकड़े पर विचार करने पर सॉलिड या हॉलो गाइड रेल के विभिन्न मॉडलों के बीच कोई काफी लागत अंतर नहीं होता है। एकमात्र उल्लेखनीय लागत अंतर सॉलिड और हॉलो प्रकारों के बीच है, जिसे पहले से ही पीसीएन को सॉलिड और हॉलो गाइड रेल के रूप में सुझाकर हिसाब में लिया गया है।

xv. अन्य पक्षकारों द्वारा प्रस्तावित पीसीएन मापदंडों संबंधी आंकड़े आयात रिकॉर्ड या निर्माता/निर्यातक बीजक में उपलब्ध नहीं है। प्रस्तावित मापदंडों को आंकड़े सीमाओं के कारण लागू करना अव्यावहारिक है।

xvi. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तावित पीसीएन मापदंडों के समर्थन में कोई साक्ष्य सार्वजनिक रूप से साझा नहीं किया गया है, जिससे खंडन का उचित अवसर नहीं मिल पाता। साक्ष्य के अगोपनीय रूपांतरों का अभाव बचाव के अधिकार का उल्लंघन करता है।

xvii. टी 45 सॉलिड गाइड रेल्स को पहले ही इस क्षेत्र से बाहर रखा गया है क्योंकि वे कोल्ड ड्रॉन हैं। इसलिए, T70 जैसी कवर्ड सॉलिड गाइड रेल्स के साथ कोई तुलना नहीं की जा सकती।

xviii. सभी सॉलिड गाइड रेल्स का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार मानकीकृत स्टील ग्रेड ई275 बी का उपयोग करके किया जाना चाहिए। किसी अन्य स्टील ग्रेड का उपयोग नहीं किया जाता जो लागत अंतर बनाए।

xix. विचाराधीन उत्पाद के आंकड़े को वजन में रिपोर्ट किया जा सकता है और किया जाना चाहिए। उत्पाद में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार प्रति मीटर वजन के मानक विनिर्देश हैं, जिससे सभी आंकड़े को मीट्रिक टन में रिपोर्ट करना व्यवहार्य और उपयुक्त हो जाता है।

xx. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि विचाराधीन उत्पाद की मानक लंबाई 5 मीटर है और कट-लेंथ गाइड रेल्स का उत्पादन केवल विशिष्ट ग्राहक अनुरोधों पर ही किया जाता है, और अधिकांश बिक्री मानक 5-मीटर लंबाई में होती है।

xxi. विचाराधीन घरेलू स्तर पर उत्पादित उत्पाद के प्रदर्शन, स्थिरता और सुरक्षा से संबंधित अनुरोध, जैसे कि रेल जोड़ की गुणवत्ता, आपूर्ति में असंगति, तन्य शक्ति और मानक लंबाई से विचलन से संबंधित दावे, सामान्य प्रकृति के हैं और किसी भी दस्तावेजी साक्ष्य, अनुभवजन्य आंकड़ों या तकनीकी सत्यापन द्वारा समर्थित नहीं हैं। सकारात्मक और वस्तुनिष्ठ प्रमाण के अभाव में, ऐसे दावे काल्पनिक हैं और विश्वसनीयता से रहित हैं।

xxii. घरेलू स्तर पर उत्पादित उत्पाद की गुणवत्ता का समर्थन करने के लिए, जॉनसन से एक आपूर्तिकर्ता गुणवत्ता मूल्यांकन प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया है। यह प्रमाणपत्र घरेलू उद्योग के समग्र प्रदर्शन को संतोषजनक बताता है और किए जा रहे नकारात्मक दावों का खंडन करता है। यह प्रमाण-पत्र प्राधिकारी को भी प्रदान किया गया है।

xxiii. पत्र और दस्तावेज़, मुख्य रूप से वे जो ऑर्डर पूर्ति और सामग्री की कमी से संबंधित दावों के समर्थन में उद्धृत किए गए हैं, अगोपनीय रिकॉर्ड पर नहीं रखे गए हैं। इन दस्तावेज़ों को रोके रखने का कोई वैध औचित्य नहीं है, खासकर जब ऐसे पत्रों का विशिष्ट संदर्भ दिया गया हो।

xxiv. इन दस्तावेजों के प्रकटन के अभाव में, प्रतिक्रिया देने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जो प्राकृतिक न्याय और उचित प्रक्रिया के सिद्धांतों को कमजोर करता है। अनुरोध है कि प्राधिकारी ऐसे सभी दस्तावेजों को अगोपनीय रिकॉर्ड में रखने का निर्देश दें। तब तक, अनुरोधों के संबंधित भागों को साक्ष्य के आधार पर कोई महत्व नहीं दिया जाना चाहिए, और उस पर टिप्पणी करने का अधिकार स्पष्ट रूप से सुरक्षित है।

xxv. एसवीबी कार्यवाही का संदर्भ पूरी तरह से अनुचित है और चल रही पाटनरोधी जांच से इसका कोई संबंध नहीं है।

xxvi. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा मौखिक सुनवाई के दौरान उठाया गया टी-90 सॉलिड गाइड रेल्स को पीयूसी के क्षेत्र से बाहर करने का अनुरोध प्रक्रियात्मक रूप से अस्वीकार्य है क्योंकि यह प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समय-सीमा से काफी बाद में किया गया था। लिखित अनुरोध और पीयूसी तथा पीसीएन पद्धति के क्षेत्र का निर्धारण करने के लिए एक बैठक सहित कई अवसरों के बावजूद, निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया गया, जिससे यह विलंबित अनुरोध प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का स्पष्ट उल्लंघन बन गया।

xxvii. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि उसके पास टी-90 सॉलिड गाइड रेल्स के निर्माण हेतु तकनीकी क्षमता, अवसंरचना और संसाधन उपलब्ध हैं। याचिकाकर्ता ने टी-90 सॉलिड गाइड रेल्स का उत्पादन केवल इसलिए नहीं किया है क्योंकि उसे ग्राहकों से ऑर्डर नहीं मिले हैं।

xxviii. याचिकाकर्ता ने सामान्य मूल्य या क्षतिरहित कीमत की गणना में माल ढुलाई लागत को शामिल नहीं किया है।

ग.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

7. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों की निम्नानुसार जाँच की गई है:

8. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन के संबंध में अपने अनुरोध प्रस्तुत करने का अवसर दिया था। जाँच की शुरुआत की अधिसूचना में, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को वर्तमान जाँच की शुरुआत के 15 दिनों के भीतर विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन पर टिप्पणियाँ प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया था। इसके बाद, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पर चर्चा करने के लिए 4 सितंबर 2024 को एक बैठक आयोजित की। बैठक के बाद, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 9 सितंबर 2024 तक विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पर अपनी टिप्पणियां देने का निर्देश दिया।

9. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पर प्रस्ताव के संबंध में घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी टिप्पणियों की जांच की और 19 नवंबर 2024 को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और अंतिम पीसीएन को अधिसूचित किया।

10. हितबद्ध पक्षकारों ने रेल की लंबाई के साथ एक सतत सीम वेल्डिंग द्वारा बनाई गई बंद प्रोफ़ाइल खोखले गाइड रेल को बाहर करने का अनुरोध किए हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने अपने आवेदन-पत्र में वेल्डेड खोखले गाइड रेल को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से स्पष्ट रूप से बाहर रखा है। इसके आलोक में, और

स्पष्टता के उद्देश्य से, प्राधिकारी पुष्टि करते हैं कि इस तरह के बंद प्रोफ़ाइल वेल्डेड खोखले गाइड रेल वर्तमान जांच के क्षेत्र में नहीं हैं।

11. प्राधिकारी ने टी-आकार की रेल और गाइड रेल घटकों वाली अतिरिक्त किट युक्त पूर्ण लिफ्टों को शामिल करने से संबंधित अनुरोधों की समीक्षा की है। प्राधिकारी स्पष्ट करते हैं कि टी-आकार की गाइड रेल, जब पूर्ण लिफ्ट इकाइयों के एक भाग के रूप में आयात की जाती हैं, तो वे पीयूसी के क्षेत्र में नहीं आती हैं।

12. तथापि, प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि स्पेयर किट, जिसमें अलग गाइड रेल घटक जैसे पहिए, फिशप्लेट और फास्टनर शामिल हो सकते हैं, जब अलग से आयात किए जाते हैं, तो पाटनरोधी उपायों से बचने में मदद कर सकते हैं। इसलिए, जबकि प्राधिकारी गाइड रेल युक्त संपूर्ण एलेवेटर को पीयूसी के क्षेत्र से बाहर रखने की पुष्टि करते हैं, अन्य घटकों के साथ विचाराधीन उत्पाद युक्त स्पेयर किट को वर्तमान जांच के क्षेत्र में रखा गया है।

13. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से टी-90 गाइड रेल को बाहर करने का अनुरोध मौखिक सुनवाई के बाद लिखित अनुरोधों के चरण में किया गया है, न कि विचाराधीन उत्पाद और प्रस्तावित पीसीएन के क्षेत्र पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए निर्दिष्ट अवधि के दौरान। 29 जून 2024 की जांच की शुरुआत की अधिसूचना में, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन पर अपनी टिप्पणियां जांच की शुरुआत के 15 दिनों के भीतर देने के लिए आमंत्रित किया था। इन मुद्दों पर आगे विचार-विमर्श करने के लिए 04 सितंबर 2024 को एक बैठक आयोजित की गई थी, और टिप्पणियां दायर करने की समय सीमा 09 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी गई थी। इस निर्धारित अवधि के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा टी-90 सॉलिड गुड रेल को बाहर करने का कोई अनुरोध नहीं किया गया था। इसके अलावा, पक्षकार का दावा है कि 26 दिसंबर 2024 को दायर ईआईक्यू में टी-90 सॉलिड गुड रेल को बाहर करने की मांग की गई थी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ईआईक्यू अनुरोधों में केवल यह उल्लेख हैं कि घरेलू उद्योग टी-90 सॉलिड गुड रेल का निर्माण नहीं करता है और इसको बाहर करने के संबंध में कुछ भी नहीं है। टी-90 को बाहर करने पर विलंबित प्रस्तुतियों के बावजूद, प्राधिकारी ने पाया कि घरेलू उद्योग में टी-90 सॉलिड

गाइड रेल का उत्पादन करने की क्षमता है, बशर्ते ग्राहक इसकी आपूर्ति के लिए ऑर्डर दे। प्राधिकारी ने आगे यह भी बताया कि टी-90 सॉलिड गाइड रेल मानक गाइड रेल नहीं हैं और इसका उत्पादन प्रयोक्ताओं की विशिष्ट माँग पर किया जाता है।

14. इसके अतिरिक्त, हितबद्ध पक्षकारों ने सामान्य खोखले प्रोफाइलों से उनकी संरचनात्मक समानता और ठोस रेलों से कथित विभेदन के आधार पर सभी खोखले गाइड रेलों को जांच से बाहर रखने का अनुरोध किया है। यह नोट किया जाता है कि ओपन प्रोफाइल खोखले गाइड रेल घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित की जाती हैं और इसलिए, प्राधिकारी हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों में कोई औचित्य नहीं पाते हैं और ओपन प्रोफाइल खोखले गाइड रेलों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में रखते हैं।

15. प्राधिकारी उन अनुरोधों नोट करते हैं जो दर्शाते हैं कि विचाराधीन उत्पाद विशेष रूप से टी-आकार की गाइड रेलों को संदर्भित करता है और इसमें बोल्ट, क्लिप और फिशप्लेट जैसे सहायक उपकरण शामिल नहीं हैं। प्राधिकारी पुष्टि करते हैं कि बोल्ट, क्लिप और फिशप्लेट जैसे सहायक उपकरण कार्यात्मक रूप से अलग हैं और विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा नहीं हैं। तदनुसार, इन मदों को जांच के क्षेत्र से बाहर रखा गया है।

16. हितबद्ध पक्षकारों ने आरोप लगाया है कि घरेलू उद्योग मुख्य रूप से 14 से 15 फीट अर्थात 5 मीटर से कम की गैर-मानक लंबाई में गाइड रेल की आपूर्ति करता है। याचिकाकर्ता ने स्पष्ट किया है कि 5 मीटर वास्तव में मानक उत्पादन लंबाई है और कट-लेंथ गाइड रेल का निर्माण केवल विशिष्ट ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाता है। घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए बिक्री के आंकड़े भी इस दावे का समर्थन करते हैं, जो दर्शाता है कि अधिकांश बिक्री 5 मीटर गाइड रेल की है। इसके मद्देनजर, प्राधिकारी को इस दावे में कोई औचित्य नहीं दिखता कि घरेलू उद्योग आईएसओ 7465 के अनुसार मानक लंबाई में विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति नहीं करता है।

17. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए इस मुद्दे के संबंध में कि आयातित उत्पाद बेहतर अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं और उच्च गुणवत्ता वाले हैं, जबकि घरेलू उत्पाद लिफ्ट सुरक्षा के लिए आवश्यक परिशुद्धता मानकों को लगातार पूरा नहीं कर सकते हैं

और निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदर्शन और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करते हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस दावे का समर्थन करने के लिए कोई सकारात्मक साक्ष्य रिकॉर्ड में नहीं रखा गया है।

18. हितबद्ध पक्षों द्वारा यह मुद्दा उठाया गया है कि विचाराधीन उत्पाद का आयात मूल्य संबंधी विचारों के बजाय विश्वसनीय आपूर्ति और मांग के प्रति संवेदनशीलता की आवश्यकता से प्रेरित है। यह भी आरोप लगाया गया है कि घरेलू आपूर्तिकर्ता या तो आपूर्ति करने में विफल रहे या कम मात्रा में आपूर्ति की, जिसके कारण सामग्री की कमी हुई, जिससे परियोजना में देरी हुई और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा। प्राधिकारी द्वारा इस मामले की जाँच की गई है और यह पाया गया है कि इस दावे के समर्थन में कोई सकारात्मक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, एंटीडंपिंग शुल्क लगाने से देश में पीयूसी के आयात पर प्रतिबंध नहीं लगेगा।

19. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि कच्चे माल की खरीद, विशेष रूप से इस्पात, में बाधाएं आ रही हैं, जिससे उत्पादन में देरी हो रही है और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव पड़ रहा है, जिससे घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित हो रही है। यह नोट किया गया है कि हितबद्ध पक्षकारों ने यह दर्शाने के लिए कोई सकारात्मक साक्ष्य नहीं दिया है कि घरेलू उद्योग को कच्चे माल की खरीद में बाधाओं का सामना करना पड़ा।

20. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग को कई ऑर्डर दिए गए थे; हालाँकि, इनकी आपूर्ति कम मात्रा में की गई थी। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उल्लिखित घटना वर्ष 2009 से संबंधित है, जो वर्तमान जाँच में कोई सार्थक निष्कर्ष निकालने के लिए बहुत पुरानी अवधि है।

21. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए उत्पाद ग्राहकों द्वारा वांछित विनिर्देशों और मानकों से मेल नहीं खाते थे, जिसके कारण ऑर्डर में हानि हुई। घरेलू उद्योग ने इस मुद्दे को स्पष्ट किया और कहा कि उनकी थोक आपूर्ति के हिस्से के रूप में टी 75 के स्थान पर टी 70 के 10 टुकड़े गलती में जॉनसन को वितरित कर दिए गए थे। यह कोई तकनीकी मुद्दा नहीं था, बल्कि विशुद्ध रूप से एक प्रशासनिक चूक थी। मामले की तुरंत पहचान की गई और पुनरावृत्ति को रोकने के

लिए उचित सुधारात्मक कार्रवाई लागू की गई। यह नोट किया जाता है कि इस मुद्दे को याचिकाकर्ता द्वारा सुलझा लिया गया है और जॉनसन द्वारा याचिकाकर्ता को प्रदान किए गए गुणवत्ता मूल्यांकन प्रमाणपत्र को पढ़ने से पता चलता है कि जॉनसन ने सवेरा इंडिया के समग्र निष्पादन को संतोषजनक माना है।

22. प्रकटन के बाद, प्राधिकारी ने पाया कि कुछ आयातकों ने अतिरिक्त एचएस कोड 7308 90 90 का उपयोग करके भी पीयूसी आयात किया था। यह भी पाया गया कि जाँच आरंभ अधिसूचना में एचएस कोडों में से एक, अर्थात् 8431 39 00, में मुद्रण संबंधी त्रुटि थी। एचएस कोड 8431 39 90, अनजाने में 8431 39 00 के रूप में दर्ज हो गया था। तदनुसार, प्राधिकारी ने वर्तमान जाँच में उक्त एचएस कोड को संशोधित किया है और पीयूसी के आयात मात्रा और मूल्य का आकलन करने के उद्देश्य से एचएस कोड 8431 31 00, 8431 39 10, 8431 39 90 और 7308 90 90 पर विचार किया है। क्षति विश्लेषण खंड में इस आकलन की गहन जाँच की गई है।

23. उपर्युक्त के मद्देनजर, विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र इस प्रकार है:

> "*वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद टी-आकार की लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल है, जिसे लिफ्ट गाइड रेल के रूप में भी जाना जाता है। लिफ्ट गाइड रेल दो प्रकार की होती हैं, यानी सॉलिड गाइड रेल और खोखली गाइड रेल। सॉलिड गाइड रेल टी-आकार की गाइड रेल हैं जो मशीनिंग या कोल्ड-ड्रॉइंग टी-प्रोफाइल द्वारा निर्मित होती हैं और कार गाइड रेल अनुप्रयोगों और काउंटरवेट/बैलेंसिंग वेट गाइड रेल अनुप्रयोगों के लिए उपयोग की जाती हैं। खोखली गाइड रेल निम्नलिखित शीट मेटल से बनी होती हैं और खुली प्रोफाइल या बंद प्रोफाइल हो सकती हैं और काउंटरवेट/बैलेंसिंग वेट गाइड रेल अनुप्रयोगों के लिए उपयोग की जाती हैं। पीयूसी लिफ्ट कार और काउंटरवेट/बैलेंसिंग वेट की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एक मार्गदर्शक संरचना प्रदान करता है।*
>
> *पीयूसी के क्षेत्र में निम्नलिखित को छोड़कर सभी प्रकार और आयामों की टी-आकार की लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल शामिल हैं:*

i. ***कोल्ड-ड्रॉन गाइड रेल****: ये सॉलिड गाइड रेल कोल्ड-ड्राविंग प्रक्रिया के माध्यम से विनिर्मित की जाती हैं जो परिष्कृत गाइड रेलों को आयाम देती हैं और उनके यांत्रिक गुण-धर्मों और सतह विशेषताओं (खुरदरापन) को संशोधित करती है। इन गाइड रेल का प्रयोग कार और काउंटरवेट/बैलेंसिंग वेट के लिए किया जा सकता है। टी65/ए,टी45/ए और टी50/ए कोल्ड ड्रॉन गाइड रेल के सामान्य नाम हैं (जहां, नाम के अंत में/ए' कोल्ड-ड्रॉन टाइप दर्शाता है)।*

ii. ***बड़े आकार/चौड़ाई की सॉलिड गाइड रेल,*** *यानी, विभिन्न प्रकारों में टी114/बी, टी127/बी, टी125/बी और टी140/बी (अंत में बी' या 'बीई" मशीनीकृत टाइप और गुणवत्ता दर्शाते हैं)। इन गाइड रेलों को उनके बड़े आकार के कारण विशेष गाइड रेल कहा जाता है।*

iii. ***वेल्डेड खोखले गाइड रेल:*** *इन खोखले गाइड रेल का निर्माण खोखले गाइड रेल के किनारों को सामान्यतः उच्च आवृत्ति वेल्डिंग प्रक्रिया या किसी अन्य समतुल्य वेल्डिंग प्रक्रिया द्वारा वेल्डिंग करके किया जाता है।*

iv,) ***टी-आकार के एलेवेटर/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल*** *पूर्ण एलेवेटर किट के भाग के रूप में आयातित।*

v) ***टी-आकार के ऐलेवेटर/लिफ्ट गाइड रेल के सहायक हिस्से पुर्जे*** *जैसे -बोल्ट, फिशप्लेट्स और क्लिप्स विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में नहीं हैं।*

24. इसके अतिरिक्त, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद, संबद्ध देश से आयातित सामानों की समान वस्तु हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित उत्पाद, सामानों के भौतिक एवं रासायनिक गुण-धर्मों, प्रकार्य एवं प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत निर्धारण, वितरण एवं विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण की दृष्टि से तुलनीय हैं। आयातित सामानों और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामानों का परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयोग किया जाता है। इसी के मद्देनजर, घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद को भारत में आयातित उत्पाद के समान वस्तु माना जाता है।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध:</u>

25. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. याचिकाकर्ता ने चीन में संबंधित विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों, अर्थात् तियानजिन सवेरा एलीवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड, सूज़ौ सवेरा शांगवु एलीवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड, और तियानजिन सनराइज मशीनरी कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चर कंपनी लिमिटेड से संबद्ध सामानों का आयात किया। ये कंपनियां एक ही कॉर्पोरेट समूह का हिस्सा हैं, जिनका स्वामित्व और नियंत्रण समान है, और निदेशक पद एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इससे याचिकाकर्ता और निर्यातकों के बीच एक संबद्ध संबंध बनता है।

ii. याचिकाकर्ता ने अपने संबंधित चीनी निर्यातकों से संबद्ध सामानों का काफी मात्रा में आयात किया है। उत्पादक और आयातक दोनों के रूप में यह दोहरी भूमिका याचिकाकर्ता की एक स्वतंत्र घरेलू उत्पादक के रूप में योग्यता पर संदेह पैदा करती है।

iii. याचिकाकर्ता का यह दावा कि उसके आयात "अत्यंत अल्प" हैं, तथ्यात्मक आंकड़ों से विरोधाभासी हैं। याचिकाकर्ता ने लगभग 848 एमटी संबद्ध सामानों का आयात किया, जो उसके अपने उत्पादन का 5-7% है, जो नगण्य नहीं है। ये आयात जांच की अवधि के दौरान भारत में उत्पाद के कुल आयात का 10-12% भी हैं।

iv. याचिकाकर्ता ने चीन में संबंधित उत्पादकों से लगभग 1100 एमटी कोल्ड ड्रॉन और सॉलिड गाइड रेल का भी आयात किया, जो संबंधित विदेशी कंपनियों से पर्याप्त आयात का एक पैटर्न दर्शाता है।

v. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि हाल के मामलों में 3-5% जितनी कम आयात मात्रा को काफी माना गया है। याचिकाकर्ता की आयात मात्रा, आवृत्ति और पैटर्न महत्वपूर्ण हैं और इन्हें नगण्य नहीं माना जाना चाहिए।

vi. असंबद्ध उत्पादकों की उपलब्धता के बावजूद, याचिकाकर्ता द्वारा केवल संबंधित कंपनियों से आयात करने को प्राथमिकता देना, और भी चिंताएँ पैदा करता है।

vii. याचिकाकर्ता इन आयातों को "मामूली" बताने के बावजूद, संबद्ध सामानों का आयात करने की बात स्वीकार करता है। इन आयातों के कथित कारण उत्पाद की समझ बढ़ाना, विनिर्माण प्रक्रियाओं में सुधार करना और स्थानीयकरण एवं उत्पाद पुनर्रचना प्रयासों को समर्थन देना हैं।

viii. सवेरा इंडिया और चीनी निर्यातकों के बीच समान निदेशकों से समान स्वामित्व और नियंत्रण का संकेत मिलता है, जिससे याचिकाकर्ता की स्वतंत्रता के बारे में चिंताएँ उत्पन्न होती हैं।

ix. कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि याचिकाकर्ता के "मामूली आयात" के दावे के विपरीत, तृतीय-पक्षकार आंकड़े यह दर्शाते हैं कि याचिकाकर्ता ने जांच की अवधि के दौरान लगभग 2,190 एमटी संबद्ध सामानों का आयात किया। यह भारत में उत्पाद के कुल आयात का लगभग 5% है, जो नगण्य नहीं है।

x. यदि कथित पाटित सामानों का आयात स्वयं किया गया है, तो प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के उत्पादकों को घरेलू उद्योग की परिभाषा से बाहर करें। याचिकाकर्ता ने विचाराधीन उत्पाद का आयात संबद्ध देश में संबंधित पक्षकारों से किया है। याचिकाकर्ता की पर्याप्त आयात मात्रा, चीनी निर्यातकों के साथ उसके संबंधों के साथ मिलकर, घरेलू उद्योग के हिस्से के रूप में उसकी स्थिति को काफी कमजोर करती है।

xi. आयात आंकड़ों से पता चलता है कि याचिकाकर्ता ने जांच की अवधि और क्षति जांच अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के विभिन्न ग्रेडों का लगातार आयात किया है। ये आयात संबद्ध देश से कुल आयातों के [***] से अधिक हैं, जिससे सवेरा इंडिया इस जांच में घरेलू उद्योग के रूप में पात्रता प्राप्त करने से अयोग्य हो जाता है।

xii. सवेरा इंडिया के वित्तीय विवरण महत्वपूर्ण संबद्ध पक्षकार के लेनदेन दर्शाते हैं, जो दर्शाता है कि विचाराधीन उत्पाद और उसके कच्चे माल दोनों का आयात इन संबद्ध कंपनियों से किया जाता है।

xiii. सवेरा इंडिया सहित सभी संबद्ध पक्षकार एक सामान्य यूरोपीय मूल कंपनी द्वारा नियंत्रित हैं। यह सामान्य नियंत्रण याचिकाकर्ता और संबद्ध देश के निर्यातकों के वाणिज्यिक हितों को संरेखित करता है, जिससे याचिकाकर्ता की स्वतंत्रता कमजोर होती है।

xiv. नियम 2(ख) के तहत, वे उत्पादक जो कथित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबद्ध हैं, या जो स्वयं उत्पाद का आयात करते हैं, उन्हें घरेलू उद्योग से बाहर रखा जाए। महत्वपूर्ण आयात गतिविधियों और संबद्ध देश के निर्यातकों के साथ घनिष्ठ संबंध को देखते हुए, याचिकाकर्ता इसे बाहर करने के अंतर्गत आता है।

xv. याचिकाकर्ता ने नव दुर्गा स्टील कॉर्पोरेशन को "अन्य भारतीय उत्पादक" के रूप में पहचाना है, लेकिन यह भी कहा है कि नव दुर्गा ने पिछले दो वर्षों से अपने प्रचालन बंद कर दिए हैं, जिससे स्पष्ट असंगति उत्पन्न होती है। अतः प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह याचिकाकर्ता से इस विरोधाभास पर स्पष्टीकरण मांगे।

घ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

26. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोध इस प्रकार हैं:

i. याचिकाकर्ता विचाराधीन उत्पाद का घरेलू उत्पादक होने के नाते, जिसका सामूहिक उत्पादन कुल घरेलू उत्पादन का प्रमुख अनुपात है, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत परिभाषित 'घरेलू उद्योग' के मानदंडों को पूरा करता है।

ii. याचिकाकर्ता का भारत में विचाराधीन उत्पाद के कुल घरेलू उत्पादन का 89% हिस्सा है। एन. लिफ्टी के साथ, यह भारत में विचाराधीन उत्पाद के कुल उत्पादन का 95% हिस्सा रखता है।

iii. याचिकाकर्ता ने जांच की अवधि के दौरान चीन जन.गण. में अपने संबद्ध निर्यातकों से विचाराधीन उत्पाद की कम मात्रा का आयात किया है।

iv. क्षति अवधि के अन्य वर्षों के दौरान चीन जन.गण. से विचाराधीन उत्पाद का कोई आयात नहीं किया गया था। याचिकाकर्ता मुख्य रूप से भारत में विनिर्माण और बिक्री पर ध्यान केंद्रित करता है।

v. जांच की अवधि के दौरान आयात की मात्रा बहुत कम थी, जो याचिकाकर्ता के उत्पादन, बिक्री और कुल आयात की तुलना में केवल एक न्यूनतम हिस्सा थी।

vi. निर्दिष्ट प्राधिकारी के पास उपलब्ध विवेकाधिकार परिस्थितिजन्य और मामला-विशिष्ट है, जैसा कि सेंचुरी प्लाईबोर्ड्स (आई) लिमिटेड बनाम भारत संघ (2022 एससीसी ऑनलाइन गौ 643) में माननीय गुवाहाटी उच्च न्यायालय और 'यूरोपीय समुदाय - चीन से कुछ लौह या इस्पात फास्टनरों पर निश्चित पाटनरोधी उपाय' (डीएस 397) में डब्ल्यूटीओ की पैनल रिपोर्ट द्वारा उल्लेख किया गया है।

vii. गुजरात उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी (2012 एससीसी ऑनलाइन कैल 8071) में माननीय कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह माना कि एक घरेलू उत्पादक कुल उत्पादन का 15% तक आयात करने के बावजूद भी घरेलू उद्योग का हिस्सा हो सकता है, बशर्ते आयात विशिष्ट व्यापारिक उद्देश्यों के लिए न हों।

viii. पिछले अंतिम जांच परिणामों में, प्राधिकारी ने याचिकाकर्ता(ओं) द्वारा किए गए आयातों की मात्रा, उनके घरेलू उत्पादन, बिक्री और भारत में कुल बाजार मांग का आकलन किया था। प्राधिकारी ने आगे इस बात पर विचार किया कि क्या घरेलू उत्पादक का प्राथमिक ध्यान विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण और बिक्री पर था, न कि उत्पाद का आयात या व्यापार करने पर।

ix. जांच की अवधि के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा आयात की छोटी मात्रा का उद्देश्य उत्पाद की समझ को बढ़ाना, स्थानीयकरण का समर्थन करना और स्थापित मानकों के अनुसार गुणवत्ता का आकलन करना था। ये आयात कुल उत्पादन, बिक्री और आयात का एक नगण्य हिस्सा दर्शाते हैं।

x. 2023 में, याचिकाकर्ता ने अपने विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन क्षमता का विस्तार किया, जो व्यापार के बजाय विनिर्माण पर उसके ध्यान को दर्शाता है।

xi. याचिकाकर्ता का चीन से विचाराधीन उत्पाद के निर्यातकों के साथ कोई सीधा संबंध नहीं है। हालाँकि, याचिकाकर्ता सवेरा समूह का हिस्सा है, जिसमें चीन में संबद्ध विनिर्माण कंपनियाँ शामिल हैं जो विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन करती हैं।

xii. याचिकाकर्ता के तीन चीनी निर्यातकों के साथ साझा निदेशक हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि वह भारत में याचिकाकर्ता के संचालन पर प्रभाव डालता है।

xiii. भारत में याचिकाकर्ता का प्रचालन स्वतंत्र है और वह भारतीय बाजार में संबंधित चीनी निर्यातकों के साथ सीधे प्रतिस्पर्धा करता है।

xiv. याचिकाकर्ता ने संबंधित चीनी निर्यातकों के विरुद्ध वर्तमान पाटनरोधी याचिका शुरू की है, जो उसके व्यावसायिक निर्णयों में स्वतंत्रता को दर्शाता है।

xv. नियम 2(ख) निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह निर्धारित करने का विवेकाधिकार प्रदान करता है कि क्या किसी निर्यातक से संबंधित घरेलू उत्पादक को मामले-विशिष्ट परिस्थितियों के आधार पर अभी भी घरेलू उद्योग का हिस्सा माना जाना चाहिए।

xvi. विस्कोस स्टेपल फाइबर और सोडा ऐश जैसी पिछली जाँचों में, निर्दिष्ट प्राधिकारी ने यह आकलन करने के लिए विभिन्न कारकों पर विचार किया है कि क्या किसी निर्यातक से संबंधित घरेलू उत्पादक को घरेलू उद्योग से बाहर रखा जाना चाहिए। इन कारकों में शामिल हैं कि क्या संबद्ध पक्षकार असंबद्ध पक्षकारों से भिन्न व्यवहार करते हैं, क्या पाटन अत्यधिक है, और क्या क्षति स्व-प्रभावित है।

xvii. याचिकाकर्ता को संबंधित चीनी निर्यातकों और अन्य चीनी निर्यातकों, दोनों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है और उसे कीमत कटौती, बाजार हिस्सेदारी में कमी और वित्तीय संकट के कारण वास्तविक क्षति हुई है।

xviii. याचिकाकर्ता भारतीय बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बहाल करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाने की मांग कर रहा है।

xix. याचिकाकर्ता ने बाजार में पाटन में योगदान नहीं दिया है या उसने अत्यधिक पाटन नहीं किया है। आयात न्यूनतम थे, उत्पाद परीक्षण और पुनर्रचना के लिए किए गए थे, न कि पाटन के माध्यम से बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए।

xx. याचिकाकर्ता ने पाटन के प्रभावों से बचाव नहीं किया है। इसके बजाय, पाटित आयातों का उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जैसा कि बाजार हिस्सेदारी में कमी और वित्तीय संकट से स्पष्ट है।

xxi. याचिकाकर्ता को हुई क्षति स्वयं द्वारा नहीं पहुँचाई गई है। यह पाटित आयातों का प्रत्यक्ष परिणाम है, और याचिकाकर्ता अनुचित व्यापार परिपाटियों से खुद को बचाने के लिए पाटनरोधी शुल्कों के माध्यम से उपचार की मांग कर रहा है

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

27. घरेलू उद्योग के आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा उठाए गए मुद्दों की नीचे जांच की गई है:

28. यह आवेदन-पत्र सवेरा इंडिया राइडिंग सिस्टम कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ("सवेरा इंडिया" या "आवेदक" या "घरेलू उद्योग") द्वारा दायर किया गया था। सवेरा इंडिया के अलावा, भारत में संबद्ध सामानों के दो अन्य उत्पादक हैं:

- एन. लिफ्टी इंजीनियर्स
- नव दुर्गा स्टील कॉर्पोरेशन

29. एन. लिफ्टी इंजीनियर्स ने आवेदन का समर्थन किया और अपनी क्षमता, उत्पादन, बिक्री मात्रा और मूल्य का विवरण प्रदान किया। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि नव दुर्गा स्टील कॉर्पोरेशन ने चीन से संबद्ध सामानों की आक्रामक पाटन के कारण दो वर्ष पहले अपनी उत्पादन सुविधाएँ बंद कर दी थीं। यह नोट किया जाता है कि भारत में विचाराधीन उत्पाद के कुल घरेलू उत्पादन में सवेरा इंडिया अकेले का 89% और समर्थक कंपनी का 95% हिस्सा है।

30. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

> *(ख) "घरेलू उद्योग'' का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में ''घरेलू उद्योग'' का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"*

31. नियम 2(ख) के प्रयोजनों के लिए, उत्पादकों को निर्यातकों या आयातकों से केवल तभी संबद्ध माना जाएगा यदि, -

"(क) उनमें से एक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दूसरे को नियंत्रित करता है; या

(ख) दोनों प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा नियंत्रित होते हैं; या

(ग) दोनों मिलकर किसी तीसरे व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित करते हैं, बशर्ते कि यह मानने या संदेह करने के आधार हों कि संबंध का प्रभाव ऐसा है कि उत्पादक असंबद्ध उत्पादकों से भिन्न व्यवहार करते हैं।

टिप्पणी: इस स्पष्टीकरण के प्रयोजनों के लिए, एक उत्पादक को दूसरे उत्पादक को नियंत्रित करने वाला तब माना जाएगा जब पहला उत्पादक कानूनी रूप से या प्रचालनात्मक रूप से दूसरे उत्पादक पर नियंत्रण या निर्देश देने की स्थिति में हो।"

32. अनुच्छेद 4 में, पाटनरोधी करार में घरेलू उद्योग को इस प्रकार परिभाषित किया गया है।

"4.1 इस करार के प्रयोजनों के लिए, "घरेलू उद्योग" शब्द की व्याख्या समान उत्पादों के समग्र घरेलू उत्पादकों या उनमें से उन उत्पादकों के संदर्भ में की जाएगी जिनके उत्पादों का सामूहिक उत्पादन उन उत्पादों के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा बनता है, सिवाय इसके कि: (i) जब उत्पादक निर्यातकों या आयातकों से संबद्ध हों या स्वयं कथित रूप से डंप पाटित उत्पाद के आयातक हों, तो "घरेलू उद्योग" शब्द की व्याख्या शेष उत्पादकों के संदर्भ में की जा सकती है;"

33. फुटनोट 11 संबंधित के अर्थ को इस प्रकार स्पष्ट करता है:

"11. इस पैरा के प्रयोजन के लिए, उत्पादकों को निर्यातकों या आयातकों से तभी संबद्ध माना जाएगा जब (क) उनमें से एक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दूसरे को नियंत्रित करता हो; या (ख) दोनों प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी

तीसरे व्यक्ति द्वारा नियंत्रित हों; या (ग) दोनों मिलकर किसी तीसरे व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित करते हों बशर्ते कि यह मानने या संदेह करने के आधार हों कि संबंध का प्रभाव ऐसा है जिससे संबंधित उत्पादक गैर-संबंधित उत्पादकों से भिन्न व्यवहार करता है। इस पैरा के प्रयोजन के लिए, एक को दूसरे को नियंत्रित करने वाला तभी माना जाएगा जब पहला कानूनी रूप से या प्रचालनात्मक रूप से दूसरे पर नियंत्रण या निर्देश देने की स्थिति में हो।"

34. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि वह स्पेन में मुख्यालय वाले एक विश्व स्तर पर स्थापित समूह का हिस्सा है, जिसके विनिर्माण कार्य भारत और चीन सहित कई क्षेत्राधिकारों में हैं। याचिकाकर्ता ने चीन में अपनी संबद्ध कंपनियों का विवरण भी प्रदान किया है और कंपनियों की पहचान की है, अर्थात तियानजिन सवेरा एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड ("**तियानजिन एलेवेटर**"), सूज़ौ सवेरा शांगवु एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड ("**सूज़ौ एलेवेटर**"), और तियानजिन सनराइज मशीनरी कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चर कंपनी लिमिटेड ("**तियानजिन सनराइज**"), जिन्होंने जांच की अवधि के दौरान भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात किया। इसके अतिरिक्त, याचिकाकर्ता ने अपनी और अपनी संबद्ध चीनी निर्यातक कंपनियों, दोनों की शेयरधारिता संरचना और निदेशक मंडल के गठन के बारे में भी सूचना प्रदान की है। यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्ता ने अपने और विचाराधीन उत्पाद के संबद्ध चीनी उत्पादकों/निर्यातकों के बीच किसी संबंध के मौजूद होने पर विवाद नहीं किया है।

35. याचिकाकर्ता द्वारा प्रदान की गई जानकारी की जांच करने के बाद, यह नोट किया गया है कि याचिकाकर्ता नियमों के नियम 2(बी) के प्रावधान के स्पष्टीकरण (बी) के तहत चीनी संस्थाओं से संबंधित है, क्योंकि दोनों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा नियंत्रित किया जाता है। वर्तमान मामले में, सवेरा इंडिया और चीनी संबद्ध निर्यातक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एम.एस.जी. रिफिन बीवी ***, जो नीदरलैंड की अंतिम होल्डिंग कंपनी है, द्वारा नियंत्रित हैं।

36. प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियम 2(ख) केवल एक संभावित स्थिति का उल्लेख करता है, जहां किसी घरेलू उत्पादक को अपात्र माना जा सकता है। चूंकि नियमावली के तहत

कोई निर्देश या शर्तें निर्धारित नहीं की गई हैं, इसलिए प्राधिकारी उन संभावित स्थितियों की जांच करते हैं, जहां प्राधिकारी घरेलू उत्पादकों को संबद्ध देशों के निर्यातकों के साथ संबंध के बावजूद पात्र या अपात्र मान सकता है। नियम को यंत्रवत् लागू करने के बजाय, मामले के तथ्यों का उचित मूल्यांकन करने और यह जांचने के बाद लागू किया जाना चाहिए कि क्या इस संबंध का उपयोग बाजार को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है।

37. प्राधिकारी ने चीन जन.गण. और इंडोनेशिया के मूल के अथवा वहां से निर्यातित 'बांस फाइबर को छोड़कर विस्कोस स्टेपल फाइबर' के आयात (दिनांक 17 मई 2010 की संख्या 14/6/2009-डीजीएडी) और चीन जन.गण., यूरोपीय संघ, केन्या, ईरान, पाकिस्तान, यूक्रेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल के अथवा वहां से निर्यातित सोडा ऐश के मामले (दिनांक 14/17/2010-डीजीएडी) से संबंधित पाटनरोधी जांच में संबंधों के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की है। पाटनरोधी नियमावली को वास्तव में "करेगा" से "कर सकता है" में संशोधित किया गया है ताकि प्राधिकारी को उन स्थितियों में विवेकाधिकार प्रदान किया जा सके जहाँ कोई घरेलू उत्पादक स्वयं आयातक है या किसी आयातक या विदेशी निर्यातक से संबद्ध है। इसके अलावा, चीन जन.गण., रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर और संयुक्त राज्य अमेरिका (फा. सं. 6/05/2023) के मूल के अथवा वहां से निर्यात किए गए आइसोब्यूटिलीन-आइसोप्रीन रबर के आयात और जापान, रूस, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका (केस सं. एडी (ओआई)-18/2023) के मूल के अथवा वहां से निर्यात किए गए "हेलोब्यूटिल रबर (एचआईआईआर)" के आयात में हाल ही में संपन्न पाटनरोधी जांच में वर्तमान मुद्दे की विस्तृत जांच भी की गई है।

38. प्राधिकारी ने अब निम्नलिखित पैराग्राफों में जांच की है कि क्या सवेरा इंडिया और चीनी संबद्ध कंपनियों के बीच संबंधों ने पाटन से लाभ उठाने के इरादे से बाजार को प्रभावित किया है:

क. क्या संबंधित पक्षकारों का व्यवहार असंबद्ध पक्षकारों से अलग है;

ख. क्या कोई संकेत है कि घरेलू उत्पादक ने बाजार में पाटन शुरु किया है अथवा बढ़ाया है;

ग. क्या घरेलू उत्पादक पाटन के प्रभावों से सुरक्षित हैं या इससे अनुचित लाभ प्राप्त करता है;

घ. क्या घरेलू उत्पादक भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा को दबाने का प्रयास कर रहा है;

ङ. क्या क्षति, यदि कोई हो, विनिर्माण से व्यापार की ओर व्यवसाय मॉडल में बदलाव के कारण स्व-प्रभावित है।

39. प्राधिकारी का मानना है कि, एक संबद्ध पक्षकार होने के अलावा, किसी दिए गए मामले में संबद्ध पक्षकार द्वारा किए गए किसी भी निर्यात के प्रभाव का मूल्यांकन करना भी महत्वपूर्ण है। यह निर्धारित करना आवश्यक है कि क्या संबद्ध पक्षकार ने प्रश्नगत अवधि के दौरान भारत को उत्पाद का निर्यात किया था, और यदि हाँ, तो इसका क्षति के दावों पर क्या प्रभाव पड़ता है। यदि नहीं, तो क्या इसको बाहार करने का कोई अन्य औचित्य है, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में जहाँ संबद्ध पक्षकार ने संबद्ध सामानों का निर्यात किया है, निम्नलिखित कारकों का भी मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है:

क. ऐसे संबद्ध पक्षकार द्वारा किए गए निर्यात की मात्रा;

ख. संबंधित पक्षकार द्वारा किए गए ऐसे निर्यात का उद्देश्य;

ग. क्या यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य है कि संबंधित पक्षकार द्वारा किए गए ऐसे निर्यात के कारण क्षति हुई थी;

घ. क्या संबंधित घरेलू उत्पादक का सामान्य जोर संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन पर था या क्या सामान्य जोर धीरे-धीरे या लगातार आयातों की ओर चला गया;

ड. क्या ऐसे संबंधित पक्षकारों द्वारा निर्यात की मात्रा ऐसी थी कि संबंधित निर्यातक धीरे-धीरे या लगातार असंबंधित घरेलू उत्पादकों के बाजार को प्रतिस्थापित कर रहा है;

च. कोई अन्य कारक जो कार्यवाही के दौरान हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्राधिकारी के ध्यान में लाया गया हो।

40. प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता ने संबद्ध देश के सभी निर्यातकों, जिनमें उसके अपने सहयोगी भी शामिल हैं, के विरुद्ध सक्रिय रूप से सुधारात्मक उपाय किए

हैं। यह किसी भी ऐसे व्यवहार पैटर्न के अनुरूप नहीं है जिससे मिलीभगत या हितों के संरेखण का संकेत मिलता हो। याचिकाकर्ता का वाणिज्यिक आचरण स्वतंत्र रहा है और उत्पादन पर केंद्रित रहा है। विनिर्माण क्षमता का विस्तार और प्रमुख भारतीय लिफ्ट निर्माताओं के साथ निरंतर आपूर्ति संबंध घरेलू विनिर्माण के प्रति याचिकाकर्ता की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

41. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि याचिकाकर्ता ने विचाराधीन उत्पाद का आयात चीन में अपनी सहयोगी कंपनियों से किया है। तथापि, यह देखा गया है कि याचिकाकर्ता द्वारा किए गए आयात केवल जांच की अवधि तक ही सीमित थे और क्षति अवधि के अन्य वर्षों के दौरान नहीं हुए थे। रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से भारत के भीतर विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण और बिक्री में लगा हुआ है। जांच की अवधि के दौरान किए गए आयातों की कुल मात्रा [***एमटी] थी, जिसमें याचिकाकर्ता के अपने उत्पादन का केवल [***], उसकी बिक्री का [***], कुल आयात का [***] और विचाराधीन उत्पाद की कुल भारतीय मांग का [***] हिस्सा शामिल था। आयात की ये मात्राएँ बाज़ार की स्थितियों को बिगाड़ने या घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने के लिए अपर्याप्त हैं। इसके अलावा, इन सीमित आयातों के लिए बेंचमार्किंग, पुनर्रचना और ग्राहक-विशिष्ट तकनीकी मानकों के साथ अनुरूपता का कथित तर्क घरेलू प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से उद्योग परिपाटियों के अनुरूप है और उत्पादन को आयात से प्रतिस्थापित करने के इरादे का सुझाव नहीं देता है।

42. रिकॉर्ड में मौजूद सूचना से यह भी स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता को पाटन के प्रभावों से बचाया नहीं गया है, न ही उसे इससे अनुचित लाभ हुआ है। जांच की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के कुल आयात में से याचिकाकर्ता द्वारा किए गए आयात ***% हैं, और ऐसे नगण्य आयात यह संकेत नहीं देते हैं कि याचिकाकर्ता ने पाटन का लाभ उठाया है।

43. प्राधिकारी को ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला जिससे यह पता चले कि याचिकाकर्ता संबद्ध सामानों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की मांग करके भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा को दबाने का प्रयास कर रहा है।

44. प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता का ध्यान विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री पर रहा, जैसा कि जांच की अवधि के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा किए गए क्षमता विस्तार और आगे विस्तार की उसकी योजनाओं से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, याचिकाकर्ता की उत्पादन गतिविधियाँ उसके आयातों से विस्थापित या कमज़ोर नहीं हुई हैं। आयात-आधारित लाभ अधिकतमीकरण का कोई साक्ष्य नहीं है, और सभी संकेतक स्वदेशी उत्पादन पर निरंतर और मज़बूत ध्यान केंद्रित करने की ओर इशारा करते हैं। जांच की अवधि के दौरान और उसके बाद क्षमता विस्तार, व्यापार मॉडल की ओर बदलाव की धारणा को और भी नकारता है। इसलिए, याचिकाकर्ता को हुई क्षति को स्व-प्रभावित नहीं माना जा सकता।

45. रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़ों से यह भी स्पष्ट है कि संबद्ध निर्यातकों ने कुल संबद्ध आयातों में से केवल [***] का ही निर्यात किया है, जबकि चीन जन.गण. से [***] निर्यात याचिकाकर्ता को असंबद्ध निर्यातकों द्वारा किया गया है। इसके अलावा, संबद्ध निर्यातकों द्वारा किए गए निर्यात भारत में संबद्ध वस्तुओं की कुल खपत का [***] हिस्सा हैं। याचिकाकर्ता द्वारा संबंधित संबद्ध से किए गए आयात भारत में कुल मांग का केवल [***] और भारत में कुल आयात का [***] हिस्सा हैं। संबद्ध निर्यातकों द्वारा किए गए निर्यात की मात्रा याचिकाकर्ता को क्षति पहुँचाने के लिए पर्याप्त नहीं है।

46. याचिकाकर्ता द्वारा जांच की अवधि में किए गए आयातों के संबंध में, प्राधिकारी ने इसके उद्देश्य और वाणिज्यिक संदर्भ की जांच की है। यह विश्लेषण यह निर्धारित करने का एक अनिवार्य हिस्सा है कि क्या ऐसे आयात, विशेष रूप से संबद्ध कंपनियों से प्राप्त आयात, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत याचिकाकर्ता की पात्रता को प्रभावित करते हैं। ऐसा करते समय, प्राधिकारी ने संबद्ध पक्षकारों से आयात की मात्रा, याचिकाकर्ता के प्रचालन मॉडल और संगत अवधि के दौरान प्रदर्शित समग्र बाजार व्यवहार पर विचार किया है।

47. यह देखा गया है कि याचिकाकर्ता ने संबद्ध देश में स्थित संबद्ध निर्यातकों से *** एमटी संबद्ध सामानों का आयात किया है, जो उसके अपने उत्पादन और बिक्री का ***% और जांच की अवधि के दौरान भारत में कुल आयात का ***% है। क्षति अवधि

के शेष वर्षों में याचिकाकर्ता द्वारा कोई आयात नहीं किया गया। बार-बार या नियमित आयात पैटर्न का अभाव यह दर्शाता है कि याचिकाकर्ता विचाराधीन उत्पाद के नियमित आयात में संलग्न नहीं है। बल्कि, याचिकाकर्ता के मुख्य प्रचालन स्पष्ट रूप से भारत के भीतर विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण और बिक्री पर केंद्रित हैं।

48. आयात मात्रा, संबद्धता और वाणिज्यिक स्वतंत्रता के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाई गई चिंताओं सहित सभी अनुरोधों की जांच करने के बाद, प्राधिकारी संतुष्ट हैं कि याचिकाकर्ता को घरेलू उद्योग से बाहर करने का कोई आधार नहीं है। किए गए आयात सीमित, औचित्यपूर्ण हैं और पाटित आयातों के आयात प्रतिस्थापन अथवा तद्नरूपता पर आधारित व्यापारिक मॉडल के संकेतात्मक नहीं हैं। याचिकाकर्ता का वाणिज्यिक रूप से और प्रक्रियात्मक रूप से व्यवहार यह दर्शाता है कि अनुचित व्यापार परिपाटियों से मांग करने वाला घरेलू उत्पादक अपेक्षाकृत उनसे लाभ लेने वाले किसी से भिन्न है।

49. प्राधिकारी ने यह पाया है कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने नियम 2(ख) के अंतर्गत प्राधिकारी के विवेकाधिकार का विरोध नहीं किया है, जिसके तहत किसी उत्पादक को घरेलू उद्योग के क्षेत्र में शामिल या बाहर किया जा सकता है, भले ही ऐसा उत्पादक आयातक हो या संबद्ध सामानों के निर्यातक से संबद्ध हो।

50. पूर्वोक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि याचिकाकर्ता, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अंतर्गत परिभाषित घरेलू उद्योग है और आवेदन-पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अंतर्गत आधार की आवश्यकता को पूरा करता है।

51. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दे के संबंध में, जिसके बारे में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि नव दुर्गा ने पाटन के कारण अपने प्रचालन बंद कर दिए हैं और आधार के लिए अपने उत्पादन को माना है, जैसा कि ऊपर जांच की गई है, प्राधिकारी ने नोट किया है कि याचिकाकर्ता, समर्थक के साथ, नव दुर्गा के उत्पादन पर ध्यान दिए बिना, पीयूसी के कुल घरेलू उत्पादन का 95% से अधिक हिस्सा बनाता है।

52. इसके अतिरिक्त, इस तर्क के संबंध में कि याचिकाकर्ता ने संबद्ध पक्षकारों से गाइड रेल या कच्चे माल के अन्य ग्रेड का आयात किया है, प्राधिकारी ने अनुरोधों की समीक्षा की है और पाया है कि याचिकाकर्ता द्वारा आयातित गाइड रेल के अन्य ग्रेड, यदि वे विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में नहीं आते हैं, तो वर्तमान जाँच के लिए संगत नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, संबद्ध पक्षकारों से कच्चे माल के आयात के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने सॉलिड गाइड रेल, अर्थात् टी-प्रोफाइल्स, के लिए मूल स्वदेशी इनपुट सवेरा कोठारी से प्राप्त किया है, और क्षति खंड में निकटतम कीमत निर्धारण के मुद्दे की जाँच की गई है।

ङ. <u>गोपनीयता</u>

ङ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

53. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग ने चीन जन.गण. में अपनी संबद्ध कंपनियों से संबंधित सूचना पर गोपनीयता का दावा किया है, भले ही ऐसी सूचना उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है।

ii. केवल तीन संबद्ध कंपनियों ने जांच की अवधि के दौरान भारत को संबद्ध सामानों का निर्यात किया, और उनके नामों का खुलासा किया गया है। चीन जन.गण. में अन्य संबंधित उत्पादकों/निर्यातकों के नाम, जिन्होंने जांच की अवधि के दौरान भारत को उत्पाद का निर्यात नहीं किया, का खुलासा नहीं किया गया।

iii. पाटनरोधी उपायों को जारी रखने के लिए दायर याचिका में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया गया है, विशेष रूप से व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के तहत आवश्यक महत्वपूर्ण सूचना का खुलासा करने में विफलता है।

iv. याचिका में गोपनीय अनुरोधों के साथ दिए गए अगोपनीय सारांश अपर्याप्त हैं और अंतर्निहित सूचना की उचित समझ के लिए अनुमति नहीं देते हैं।

v. घरेलू उद्योग द्वारा गोपनीयता पर टिप्पणियाँ 20 जनवरी, 2025 की समय सीमा के बाद दायर की गईं, और इसलिए ये पाटनरोधी नियमावली और व्यापार सूचना के नियम 7 का उल्लंघन हैं। प्रश्नावली के उत्तर का अगोपनीय रूपांतर 15 जनवरी, 2025 को प्राप्त हुआ और टिप्पणियाँ 20 जनवरी, 2025 तक देय थीं। इसलिए 31 जनवरी, 2025 को दायर करना असामयिक है।

vi. याचिकाकर्ता ने पाटनरोधी शुल्कों को जारी रखने के लिए याचिका में अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया है, जो पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 और विश्व व्यापार संगठन के पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 6.5 का उल्लंघन है। गोपनीय सूचना का कोई सार्थक अगोपनीय सारांश प्रदान नहीं किया गया है, जिससे प्रदाता को अपने हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा करने से रोका जा रहा है।

vii. समग्र तर्क यह था कि याचिकाकर्ता सार्थक अगोपनीय सारांश प्रदान करने में विफल रहा और उसने अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया, जिससे प्रक्रियात्मक निष्पक्षता और अन्य पक्षकारों की प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने की क्षमता में बाधा उत्पन्न हुई।

ड.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

54. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. गोपनीयता संबंधी आपत्तियाँ प्रक्रियात्मक रूप से अस्वीकार्य हैं, क्योंकि इन्हें जाँच की शुरुआत की सूचना के पैराग्राफ 37 के तहत निर्धारित सात-दिवसीय समय-सीमा के बाद दायर किया गया है। घरेलू उद्योग ने निर्धारित अवधि के भीतर याचिका का अगोपनीय रूपांतर परिचालित किया और इसकी प्राप्ति की सूचना दी गई। इस प्रकार, 14 अप्रैल, 2025 को दायर की गई विलंबित आपत्तियाँ समय-सीमा पार कर चुकी हैं और अब उन पर विचार करने से उचित प्रक्रिया कमजोर होगी और घरेलू उद्योग को नुकसान होगा।

ii. जाँच की अवधि के दौरान भारत को उत्पाद का निर्यात करने वाली सभी संबद्ध चीनी कंपनियों का खुलासा कर दिया गया है। प्रकटन की आवश्यकता केवल निर्यातक कंपनियों पर लागू होती है, सभी वैश्विक संबद्ध कंपनियों पर नहीं। इसके अलावा, व्यापार सूचना संख्या 10/2018 प्राधिकारी को विचलन की

अनुमति देने का विवेकाधिकार प्रदान करती है और चीन जन.गण. में गैर-निर्यातक सहयोगियों का खुलासा करने के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है।

iii. यह दावा कि घरेलू उद्योग द्वारा कथित रूप से सूचना न देने के कारण संबंधित पक्षकार आयात आँकड़ों का सत्यापन करने में असमर्थ है, अटकलबाज़ी है। घरेलू उद्योग ने जाँच अवधि के दौरान भारत को विचाराधीन उत्पाद का निर्यात करने वाली संबद्ध कंपनियों का पहले ही खुलासा कर दिया है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

55. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की निम्नानुसार जांच की गई है:

56. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(7) के अनुसार अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को विभिन्न पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया है। जहां तक हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की गोपनीयता का संबंध है, पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:-

"(1) नियम 6 के उपनियमावली (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार कार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार कार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार कार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार कार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार कार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है। (3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो

सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

57. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग, दोनों द्वारा उठाए गए गोपनीयता के दावों और आपत्तियों की गहन समीक्षा की है, और इन आपत्तियों की समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया है। जांच की शुरुआत की सूचना के अनुसार, हितबद्ध पक्षकारों को दस्तावेजों का अगोपनीय रूपांतर (एनसीवी) प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर गोपनीयता संबंधी कोई भी आपत्ति प्रस्तुत करनी थी।

58. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग, दोनों द्वारा उठाए गए गोपनीयता संबंधी दावों और आपत्तियों का विस्तृत मूल्यांकन किया है। यह मूल्यांकन न केवल दावों की मूल विषय-वस्तु द्वारा, बल्कि विशेष रूप से समयबद्धता के संदर्भ में भी निर्देशित किया गया है। जैसा कि जांच की शुरुआत की सूचना में स्पष्ट रूप से कहा गया है, सूचना की गोपनीयता से संबंधित कोई भी आपत्ति संबंधित दस्तावेजों का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराए जाने की तिथि से सात दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जानी थी। निर्धारित समय-सीमा, प्राधिकारी को जाँच प्रक्रिया में अनावश्यक देरी किए बिना गोपनीयता संबंधी दावों की एक संरचित समीक्षा करने में सक्षम बनाती है और यह सुनिश्चित करती कि सभी पक्षकारों को समान प्रक्रियात्मक आधार पर प्रतिक्रिया देने का समान अवसर प्रदान किया जाता है।

59. उपर्युक्त के आलोक में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों दोनों ने अपने-अपने गोपनीयता संबंधी दावे और आपत्तियाँ निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद ही प्रस्तुत की हैं। प्रक्रिया की अखंडता स्थापित समय सीमाओं के सख्त पालन पर निर्भर करती है। विलंबित अनुरोधों पर विचार करने की अनुमति देने से न केवल जाँच की दक्षता और पूर्वानुमेयता प्रभावित होगी, बल्कि उन अन्य प्रतिभागियों के अधिकारों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है जिन्होंने निर्धारित समय-सीमा का सदभावपूर्वक अनुपालन किया है। तदनुसार, प्रक्रियात्मक समय-सीमाओं से जुड़े अंतिमता के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए और जांच की शुरुआत की सूचना में निर्दिष्ट सीमा अवधि को लागू करने में, प्राधिकारी ने यह निर्धारित किया है कि घरेलू

उद्योग और हितबद्ध पक्षकारों दोनों द्वारा दायर गोपनीयता-संबंधी अनुरोध स्वीकार्य समय-सीमा से परे हैं और उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

60. आपत्तियों की प्रक्रियात्मक अस्वीकार्यता के बावजूद, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों दोनों द्वारा प्रस्तुत गोपनीयता संबंधी दावों की गहन जाँच की है। समीक्षा के बाद, प्राधिकारी ने पाया कि ये दावे, सामान्यतः, उचित रूप से प्रमाणित थे और लागू कानूनी प्रावधानों के अनुरूप थे। तदनुसार, संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को, जहाँ भी आवश्यक हुआ, स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहाँ भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रस्तुत करें।

च. <u>विविध मुद्दे</u>

च.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

61. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं: -

i. याचिकाकर्ता द्वारा डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त विश्वसनीय आयात आँकड़े उपलब्ध कराने में विफलता चिंता का विषय है। याचिका में प्रयुक्त गौण आँकड़े अविश्वसनीय माने गए हैं और अनुरोध है कि प्राधिकारी क्षति और पाटन की जाँच के लिए डीजीसीआईएंडएस के आधिकारिक आँकड़ों पर ही भरोसा करें।

ii. यह अनुरोध किया गया है कि याचिका में तीन संबद्ध निर्यातकों के नाम थे, लेकिन केवल दो ने ही जाँच में भाग लिया है। तीसरे संबद्ध ने जाँच अवधि के दौरान निर्यात नहीं किया और इसलिए उसने भाग नहीं लिया। जाँच में भाग नहीं लेने वाली संबद्ध कंपनियों द्वारा आगामी वर्षों में नई शिपर समीक्षा के लिए आवेदन करने की संभावना के बारे में चिंताएँ व्यक्त की गईं।

iii. हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि विचाराधीन उत्पाद का स्रोत चुनने का निर्णय केवल कीमत निर्धारण पर आधारित नहीं था, बल्कि वितरण समय-सीमा और बदलती माँग के प्रति आपूर्तिकर्ता की प्रतिक्रिया पर भी आधारित था।

iv. घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति में देरी के कारण कथित तौर पर ऑर्डर छूट गए, परियोजनाओं में देरी हुई, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा और सीमित वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता बढ़ गई। यह भी अनुरोध किया गया है कि घरेलू उद्योग के उत्पाद ग्राहक विनिर्देशों और मानकों पर खरे नहीं उतरे, जिसके परिणामस्वरूप ऑर्डरों में हानि हुई।

v. गाइडरेल की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से आराम और कंपन संबंधी मुद्दों के संबंध में। संभावित विसंगतियों की पहचान करने और उनका समाधान करने के लिए विस्तृत जाँच की जानी चाहिए।

vi. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के तहत मौखिक सुनवाई के बाद लिखित अनुरोध प्रस्तुत करना अनिवार्य है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मौखिक तर्कों पर उचित रूप से विचार किया जाए। दूसरी मौखिक सुनवाई के बाद दी गई दो कार्य-दिवसों की अत्यंत कम समय-सीमा अनुचित है और हितबद्ध पक्षकारों को अपनी लिखित अनुरोध तैयार करने के उचित अवसर से वंचित करती है, जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

vii. निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन और जाँच के निष्कर्ष से पहले पर्याप्त समय शेष होने को देखते हुए, सुनवाई के बाद अनुरोधों के लिए संक्षिप्त समय-सीमा मनमानी और पूर्वाग्रहपूर्ण है। यह प्रक्रियात्मक अनुचितता सुनवाई और उसके बाद के किसी भी निष्कर्ष की वैधता को कमजोर करती है, जिससे वे कानूनी रूप से अस्थिर हो जाते हैं।

viii. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया कि प्राधिकारी ने व्यापार सूचना संख्या 11/2018 दिनांक 10.09.2018 के माध्यम से स्पष्ट किया है कि किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा प्रश्नावली का उत्तर दायर न करने से जाँच के बाद के चरणों में भागीदारी में बाधा नहीं आती है, जिसमें कानूनी अनुरोध दायर करना और जन सुनवाई में भाग लेना शामिल है।

ix. उपरोक्त परिपाटी इस बात की पुष्टि करती है कि प्रक्रियात्मक भागीदारी पूर्व प्रश्नावली दायर करने पर निर्भर नहीं है, खासकर जहाँ पक्षकार प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त हो। इसलिए, हितबद्ध पक्षकार को ये लिखित अनुरोध प्रस्तुत

करने का पूरा अधिकार है, जिन्हें रिकॉर्ड में लेने और अंतिम निर्धारण में विचार करने का विनम्र अनुरोध है।

च.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

62. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. घरेलू उद्योग का कहना है कि उसने उस समय डीजीसीआईएंडएस के आँकड़े उपलब्ध न होने के कारण और केवल *प्रथम दृष्टया* मामला स्थापित करने के लिए ही गौण स्रोतों पर भरोसा किया था। हालाँकि, प्राधिकारी ने जाँच शुरू करने से पहले डीजी सिस्टम के आँकड़ों का उपयोग करके आयात आँकड़ों का स्वतंत्र रूप से सत्यापन किया, जैसा कि जाँच की शुरुआत की अधिसूचना में स्पष्ट रूप से कहा गया है।

ii. पाटनरोधी नियमावली के नियम 22 के अनुसार, सवेरा इंडिया के अन्य सहयोगियों द्वारा संभावित न्यू शिपर समीक्षाओं के बारे में चिंताएँ निराधार हैं। ये सहयोगी पहले से ही शुल्क के अधीन निर्यातकों से संबंधित हैं और इसलिए ऐसी समीक्षाओं के लिए पात्र नहीं हैं।

iii. आपूर्ति में देरी और गुणवत्ता संबंधी मुद्दों से संबंधित आरोपों के समर्थन में कुछ आंतरिक पत्र और दस्तावेजों का हवाला दिया गया था। हालाँकि, इन दस्तावेजों को लिखित अनुरोधों के सार्वजनिक रिकॉर्ड में शामिल नहीं किया गया था। घरेलू उत्पादक द्वारा 21 अप्रैल को प्रकटन के लिए औपचारिक अनुरोध किए गए थे और 25 अप्रैल, 2025 को अनुवर्ती कार्रवाई की गई थी। उद्धृत दस्तावेज़ प्राप्त होने पर, अब एक विस्तृत प्रतिक्रिया प्रस्तुत की जा रही है।

iv. ये दावे मुख्यतः 2009 की एक घटना से संबंधित हैं, जो घरेलू उत्पादक के प्रारंभिक प्रचालनात्मक चरण के दौरान की है। घरेलू उत्पादक ने 2008 में गाइड रेल के स्थानीय निर्माता के रूप में उत्पादन शुरू किया था। शुरुआती चुनौतियों का सामना घरेलू बाजार में रोल्ड टी-सेक्शन स्टील प्रोफाइल की अनुपलब्धता के कारण हुआ, जो टी75 गाइड रेल के लिए एक महत्वपूर्ण इनपुट है।

v. उत्पाद की गुणवत्ता और विनिर्देशों में विसंगतियों के आरोप एक ही घटना से संबंधित हैं, जो किसी तकनीकी या विनिर्माण दोष के बजाय एक प्रशासनिक

त्रुटि के कारण हुई थी। उत्पाद विनिर्देशों या सुरक्षा मापदंडों में कोई विचलन नहीं हुआ, और आंतरिक सत्यापन तंत्र के माध्यम से मामले का तुरंत समाधान कर दिया गया।

vi. घरेलू उत्पादक कड़े गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं को बनाए रखता है और बड़े ओईएम सहित कई खरीदारों द्वारा आवश्यक तकनीकी विनिर्देशों को लगातार पूरा करता है। स्थायी व्यावसायिक जुड़ाव, अब उद्धृत एकाध प्रशासनिक निरीक्षण को छोड़कर, गुणवत्ता और निष्पादन दोनों के साथ समग्र संतुष्टि को दर्शाता है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

63. प्राधिकारी ने याचिका में जिन आयात आंकड़ों का सहारा लिया गया है, उनकी विश्वसनीयता के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोधों को नोट करते हैं। यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने याचिका दायर करते समय डीजीसीआईएंडएस के आंकड़ों के अभाव में, और केवल क्षति का *प्रथम दृष्टया* मामला सिद्ध करने के लिए, गौण आंकड़ों के स्रोतों पर भरोसा किया। जैसा कि जांच की शुरुआत की अधिसूचना में उल्लिखित है, प्राधिकारी ने जांच आरंभ करने से पहले लेनदेन-वार डीजी सिस्टम आंकड़ों का उपयोग करके आयात आंकड़ों की स्वतंत्र रूप से जांच की है। इस प्रकार के सत्यापन पर, आवेदन-पत्र में बताए गए आयातों की मात्रा और मूल्य तथा डीजी सिस्टम आंकड़ों में दर्शाए गए आंकड़ों में कोई वास्तविक असंगति नहीं पाई गई। तदनुसार, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि जांच की शुरुआत के चरण में जिन आंकड़ों पर भरोसा किया गया, वे जांच आरंभ करने के प्रयोजनार्थ पर्याप्त और सटीक थे।

64. संबद्ध निर्यातकों की भागीदारी के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए मुद्दे पर, यह नोट किया जाता है कि याचिका में तीन संबद्ध निर्यातकों के नाम थे, परंतु केवल दो संबद्ध निर्यातकों ने जांच में भाग लिया। प्राधिकारी नोट करते हैं कि तीसरे संबद्ध निर्यातक, अर्थात्, तियानजिन सनराइज मशीनरी पार्ट्स कंपनी लिमिटेड ने प्राधिकारी को ईमेल द्वारा सूचित किया कि उसने जांच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों का निर्यात नहीं किया था और इसलिए उसे भाग लेने की आवश्यकता नहीं थी। प्राधिकारी ने आगामी वर्षों में ऐसे संबद्धों द्वारा नई शिपर समीक्षा के लिए आवेदन

करने की संभावना के बारे में चिंता व्यक्त की। हालांकि, पाटनरोधी नियमावली के नियम 22 के अनुसार, पहले से ही पाटनरोधी शुल्क के अधीन किसी निर्यातक का सहयोगी एनएसआर प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है। इसलिए, प्राधिकारी को इस तर्क में कोई औचित्य नहीं दिखता है।

65. हितबद्ध पक्षकारों ने अनुरोध किया है कि खरीद निर्णय कीमत निर्धारण से परे कारकों पर आधारित थे, जिसमें सुपुर्दगी की समय-सीमा और उतार-चढ़ाव वाली मांग के प्रति जवाबदेही शामिल है। इस संबंध में, हितबद्ध पक्षकारों ने आपूर्ति और उत्पाद की गुणवत्ता में देरी के संबंध में अनुरोध किए हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि आंतरिक पत्रों सहित इन दावों के समर्थन में उद्धृत साक्ष्य घरेलू उद्योग को प्रदान नहीं किए गए थे, जबकि घरेलू उद्योग द्वारा उक्त दस्तावेजों के प्रकटन का अनुरोध किया गया था।

66. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि उक्त मुद्दा मुख्यतः 2009 में हुई एक अलग घटना से संबंधित है, जो 2008 में घरेलू उद्योग द्वारा वाणिज्यिक प्रचालन शुरू करने के तुरंत बाद की घटना है। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि इस प्रारंभिक चरण के दौरान, घरेलू स्तर पर उपलब्ध रोल्ड टी-सेक्शन प्रोफाइल, जो टी75 गाइड रेल के लिए आवश्यक एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है, की अनुपस्थिति के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उद्धृत घटना प्रचालनों के प्रारंभिक स्थिरीकरण चरण के दौरान हुई थी। यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है कि क्षति अवधि या जांच की अवधि में ऐसी देरी या गुणवत्ता संबंधी समस्याएं बनी रहीं।

67. असंगठित क्षेत्र की लिफ्ट निर्माण कंपनियों द्वारा उजागर किए गए गुणवत्ता संबंधी मुद्दे के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उक्त दावे की पुष्टि किसी भी सकारात्मक साक्ष्य से नहीं हुई है।

68. उत्पाद विनिर्देशों के साथ बेमेल होने के आरोप एक विशिष्ट प्रशासनिक चूक से संबंधित हैं। घरेलू उद्योग ने आंतरिक दस्तावेज़ीकरण के माध्यम से दर्शाया है कि अंतिम उत्पाद के विनिर्देशों और सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरी तरह से पूरा किया गया था और यह

विचलन उत्पादन या उत्पाद अखंडता में किसी दोष के बजाय प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुआ था।

69. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस आरोप के संबंध में कि सुनवाई के बाद दूसरी लिखित अनुरोधों के लिए दिए गए दो कार्यदिवस हितबद्ध पक्षकारों को उत्तर देने के लिए पर्याप्त समय नहीं देते, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों को पूरी जाँच के दौरान भाग लेने का पूरा अवसर दिया गया है। जाँच के दौरान पहले ही एक विस्तृत मौखिक सुनवाई की जा चुकी है, जिसके बाद सभी हितबद्ध पक्षकारों की ओर से लिखित अनुरोध और प्रत्युत्तर अनुरोध दिए गए हैं।

70. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि दूसरी मौखिक सुनवाई केवल निर्दिष्ट प्राधिकारी में परिवर्तन के कारण आवश्यक थी और इसमें कोई नई या वास्तविक रूप से भिन्न अनुरोध शामिल नहीं थें जिनके लिए समय-सीमा बढ़ाई गई हो। दूसरी सुनवाई के बाद प्रदान की गई दो दिन की अवधि दिए गए संदर्भ में पर्याप्त थी, विशेष रूप से यह देखते हुए कि पक्षकारों ने पहले ही व्यापक तर्क और दस्तावेज़ रिकॉर्ड पर रख दिए थे।

71. प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार सुनवाई के लिए अनिश्चितकालीन नहीं, बल्कि निष्पक्ष अवसर की आवश्यकता होती है, और इस निष्पक्षता का मूल्यांकन पूरी प्रक्रिया के आलोक में किया जाना चाहिए। तदनुसार, यह तर्क कि सीमित समय-सीमा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है, बिना किसी औचित्यश् के पाया गया है। प्राधिकारी का मानना है कि सुनवाई और उसके बाद की प्रक्रियाएँ प्राकृतिक न्याय के अनुरूप की गईं थी।

छ. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

छ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध:</u>

72. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सामान्य मूल्य, निर्यात मूल्य और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. विश्व व्यापार संगठन में चीन जन.गण. के अभिगम संबंधी नयाचार की धारा 15(क)(ii) के अंतर्गत चीन जन.गण. पर गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था

पद्धति लागू करने का कानूनी आधार 11 दिसंबर, 2016 को समाप्त हो गया।

ii. चीन के अभिगम नयाचार की धारा 15(क)(ii) की समाप्ति के बाद, भारत के पास अब चीन जन.गण. से आयातों से संबंधित पाटनरोधी जाँचों में गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था पद्धति लागू करने के लिए विश्व व्यापार संगठन-संगत कानूनी आधार नहीं है।

iii. विश्व व्यापार संगठन के पाटनरोधी करार के तहत दायित्वों के अनुसार, जाँचकर्ता प्राधिकारी को विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों के अनुरूप पाटन मार्जिन की गणना के लिए संगत सूचना एकत्र करना आवश्यक है।

iv. गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था पद्धति के अनुप्रयोग के अभाव में, सामान्य मूल्य, तीसरे देश या अनुरूप देश के आँकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय, चीनी उत्पादक द्वारा प्रदान किए गए लागत और कीमत आँकड़ों पर आधारित होना चाहिए।

v. बोनली ने प्रस्तुत किया कि सत्यापन से संबंधित चालान 07 अप्रैल 2025 को पहले ही दाखिल किए जा चुके थे और प्राधिकरण के 19 अगस्त 2025 के ईमेल के जवाब में, चालान, क्रय आदेश, अनुबंध और ग्राहक आरेखों की प्रतियां प्रदान की गई हैं, जिसमें शिंडलर के साथ मास्टर अनुबंध भी शामिल है।

vi. बोनली ने स्पष्ट किया कि शिंडलर के अलावा, अन्य आयातकों के साथ कोई दीर्घकालिक अनुबंध या क्रय आदेश नहीं हैं। ऐसे मामलों में, कोटेशन मांगे जाते हैं और प्रोफार्मा चालान जारी किए जाते हैं, जिनमें लंबाई, वजन और अन्य विशिष्टताओं का उल्लेख होता है। ये दस्तावेज़ पहले प्रस्तुत की गई जानकारी से पूरी तरह मेल खाते हैं।

vii. गाइड रेल के वजन में अंतर के संबंध में, बोनली ने प्रस्तुत किया कि प्राधिकरण ने संबंधित आईएसओ मानक निर्दिष्ट नहीं किया है। कई आईएसओ मानक पीयूसी को कवर करते हैं और किसी विशेष मानक की प्रयोज्यता पर पक्षों के बीच बातचीत की जाती है। याचिका में IS 8100-33:2022 (पूर्व में ISO 7465:2007) और IS 17806:2022 का उल्लेख है, लेकिन इन मानकों का अनुपालन अनिवार्य नहीं है क्योंकि भारत में कोई गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी नहीं किया गया है।

viii. IS 8100-33:2022 हॉट रोलिंग के बाद कच्ची गाइड रेल का रैखिक घनत्व (किलोग्राम/मी) निर्धारित करता है, न कि तैयार रेल का भार। तैयार रेल का वास्तविक रैखिक घनत्व या भार कम होता है, क्योंकि मशीनिंग के परिणामस्वरूप सामग्री की हानि होती है। बोनली के चालानों में दर्ज भार दस्तावेज़ी साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं, सीमा शुल्क द्वारा स्वीकार किए जाते हैं और ग्राहक के विनिर्देशों से मेल खाते हैं। यहाँ तक कि घरेलू उद्योग भी ISO मानकों से कम हल्के प्रोफाइल का निर्माण करता है।

ix. बोनली ने प्रस्तुत किया कि न तो रेखाचित्र और न ही ISO मानक तैयार भार निर्दिष्ट करते हैं, जो केवल चालान और प्रवेश बिल जैसे वाणिज्यिक दस्तावेज़ों में ही दर्शाए जाते हैं। ऐसे दस्तावेज़, जिनमें ग्राहकों के दस्तावेज़ भी शामिल हैं, विधिवत प्रदान किए गए हैं और स्वीकार किए गए हैं। टी-45 ग्रेड, कोल्ड-ड्रॉ होने के कारण, पीयूसी से बाहर रखा गया है। यदि डंपिंग और क्षति मार्जिन में संशोधन किया जाता है, तो बोनली टिप्पणी दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय के साथ एक नया प्रकटीकरण विवरण जारी करने का अनुरोध करता है।

छ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध</u>

73. घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. ऐतिहासिक रूप से, भारत और कई अन्य क्षेत्राधिकारों द्वारा समान उत्पाद श्रेणियों सहित, पाटनरोधी जाँचों में चीन को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था माना जाता रहा है। वर्तमान जाँच में, चीन के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने बाज़ार अर्थव्यवस्था उत्पादक के रूप में व्यवहार के लिए कोई अनुरोध प्रस्तुत नहीं किया है या यह दर्शाने के लिए कोई दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं कराया है कि उनके क्षेत्र में बाज़ार अर्थव्यवस्था की स्थितियाँ विद्यमान हैं।

ii. चूँकि किसी भी प्रतिवादी द्वारा बाज़ार अर्थव्यवस्था व्यवहार का कोई दावा नहीं किया गया है, इसलिए प्राधिकारी बाज़ार अर्थव्यवस्था मानकों के तहत चीनी निर्यातकों का मूल्यांकन करने के लिए बाध्य नहीं है।

iii. ऐसी परिस्थितियों में, प्राधिकारी द्वारा चीन को एक गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्था के रूप में मानना जारी रखना और इस व्यवहार के अनुरूप कार्यप्रणालियों को लागू करना औचित्यपूर्ण है, जिसमें भारतीय लागत आँकड़ों पर आधारित निर्मित सामान्य मूल्य का उपयोग भी शामिल है।

iv. घरेलू उद्योग ने अपनी उत्पादन लागत के आधार पर गणनाओं का एक पूरा सेट दिया है, जिसमें निर्मित सामान्य मूल्य के समर्थन में सामान्य व्ययों के लिए पर्याप्त प्रावधान और उचित लाभ मार्जिन शामिल है।

v. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के लिए बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश से विश्वसनीय कीमत निर्धारण या लागत संबंधी आंकड़े एकत्र करने का प्रयास किया था; हालाँकि, कोई भी आंकड़ा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है।

vi. घरेलू उद्योग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि संबद्ध सामानों और संबंधित घटकों का आयात कई अलग-अलग सीमा शुल्क वर्गीकरणों के तहत किया जाता है, जिससे कीमत तुलना के लिए किसी एक तीसरे देश के मानक की पहचान करना अव्यावहारिक हो जाता है।

vii. परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग ने सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए अवशेष पद्धति पर भरोसा किया है, जो आंतरिक वित्तीय आंकड़ों द्वारा समर्थित है और एनएमई देश से संबंधित इसी तरह की जाँच में पिछले परिपाटी के अनुरूप है।

viii. प्राधिकारी को एमईटी की मांग करने वाले चीनी उत्पादकों/निर्यातकों से किसी भी प्रमाणित दावे या सहायक दस्तावेजों के अभाव में निर्मित सामान्य मूल्य दृष्टिकोण को लागू करना जारी रखने का पूर्ण हकदार है।

छ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

<u>सामान्य मूल्य का निर्धारण</u>

74. धारा 9क(1)(ग) के तहत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i)व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii)जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमावली के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

75. निर्यातकों की प्रश्नावली का उत्तर चीन के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दायर किया गया है:

i. वूशी कोएनिग एलेवेटर एक्सेसरीज़ कंपनी लिमिटेड
ii. तियानजिन सवेरा एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड
iii. सूज़ौ सवेरा शांगवु एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड
iv. मराज़ी (जियांग्सू) एलेवेटर गाइड रेल कंपनी लिमिटेड
v. झांगजियागांग ऑस्कर एंड जेसन एलेवेटर पार्ट्स कंपनी लिमिटेड
vi. झेजियांग बोनली एलेवेटर गाइड रेल निर्माता कंपनी लिमिटेड

76. नियम 17 के प्रावधानों के अनुसार, यद्यपि प्राधिकारी उन सभी उत्पादकों/निर्यातकों के संबंध में अलग-अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करेंगे जिन्होंने प्रश्नावली के उत्तर दायर किए है, किन्तु ऐसी स्थिति में जहाँ बड़ी संख्या में उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर दायर किए हैं, प्राधिकारी उत्तर को सीमित संख्या में उत्पादकों तक सीमित करके नमूनाकरण का सहारा ले सकते हैं। इस संबंध में नियमावली में निम्नलिखित प्रावधान हैं।

"17(3) निर्दिष्ट प्राधिकारी, जाँचाधीन वस्तु के प्रत्येक ज्ञात संबंधित निर्यातक या उत्पादक के लिए एक अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करेंगे:

बशर्ते कि ऐसे मामलों में जहाँ निर्यातकों, उत्पादकों, आयातकों या शामिल वस्तुओं के प्रकारों की संख्या इतनी अधिक हो कि ऐसा निर्धारण अव्यावहारिक हो, वह अपने निष्कर्षों को या तो चयन के समय उपलब्ध सूचना के आधार पर सांख्यिकीय रूप से मान्य नमूनों का उपयोग करके हितबद्ध पक्षकारों या वस्तुओं की उचित संख्या तक सीमित कर सकता है, या संबंधित देश से निर्यात की मात्रा के उस अधिकतम प्रतिशत तक सीमित कर सकता है जिसकी उचित रूप से जाँच की जा सकती है, और इस प्रावधान के अंतर्गत निर्यातकों, उत्पादकों या वस्तुओं के प्रकारों का कोई भी चयन, अधिमानतः संबंधित निर्यातकों, उत्पादकों या आयातकों के परामर्श और उनकी सहमति से किया जाएगा:

इसके अतिरिक्त बशर्ते कि, निर्दिष्ट प्राधिकारी, किसी भी निर्यातक या उत्पादक के लिए, भले ही उसका चयन प्रारंभ में न किया गया हो, जो आवश्यक सूचना समय पर प्रस्तुत करता है, एक अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करेंगे, सिवाय इसके कि जहाँ निर्यातकों या उत्पादकों की संख्या इतनी अधिक हो कि अलग जाँच अत्यधिक बोझिल हो और जाँच के समय पर पूरा होने में बाधा डाले।"

77. बड़ी संख्या में प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, प्राधिकारी ने उत्पादकों के नमूने लेने पर विचार किया। 19 मार्च 2025 की अधिसूचना के अनुसार इस पर विचार किया गया। विचारित नमूना भारत को निर्यात की मात्रा पर आधारित था, और सबसे अधिक निर्यात मात्रा वाले उत्पादकों को नमूने का हिस्सा माना गया। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि नमूने में केवल तीन उत्पादकों का चयन किया गया है, फिर भी उन उत्पादकों/निर्यातकों की संख्या, जिनके लिए शुल्क निर्धारित किया जाएगा, बहुत अधिक

है। प्राधिकारी ने आगे नोट किया कि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने प्राधिकारी द्वारा जारी नमूनाकरण प्रस्ताव पर कोई टिप्पणी दायर नहीं की।

78. उपरोक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी ने जांच अवधि के दौरान भारत को निर्यात की मात्रा के सबसे बड़े प्रतिशत के आधार पर, अलग पाटन मार्जिन निर्धारित करने के लिए चीन जन.गण. से तीन उत्पादकों और उनके संबद्ध निर्यातकों का चयन किया। प्राधिकारी द्वारा चीन से निम्नलिखित उत्पादकों के नमूने लिए गए:

i. मराज़ी (जियांग्सू) एलिवेटर गाइड रेल कंपनी लिमिटेड
ii. वूशी कोएनिग एलिवेटर एक्सेसरीज़ कंपनी लिमिटेड
iii. झेजियांग बोनली लिफ्ट गाइड रेल निर्माण कंपनी लिमिटेड

79. प्राधिकारी चीन जन.गण. में उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य के निर्धारण के संबंध में नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 और पैरा 8 के अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधानों को नोट करते हैं:

> *"7.गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्य, आवश्यकतानुसार पूर्णतया समायोजित कीमत रहित, सामान्य मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं है,या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय उप उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों, समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा और अपनी टिप्पणियां देने के लिए एक समुचित समयावधि प्रदान की जाएगी।*

8 (1) "गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश" वाक्यांश का अर्थ है कि ऐसा देश जिसे निर्दिष्ट प्राधिकारी लागत अथवा कीमत ढांचे के बाजार सिद्धान्तों को लागू नहीं करने वाले देश के रूप में मानते हैं, जिसके कारण ऐसे देश में पण्य सामानों कि बिक्रियों उप पैराग्राफ (3) में निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार सामानों के सही मूल्य को नहीं दर्शाती है।"

(2) यह कहना पूर्वनुमान लगाना होगा कि कोई देश जिसे जांच के पूर्ववर्ती तीन वर्षें के दौरान निर्दिष्ट प्राधिकारी अथवा डब्लू.टी.ओ.के किसी सदस्य के समक्ष प्राधिकारी द्वारा पाटनरोधी जांच के प्रयोजनार्थ एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश निर्धारित अथवा माना गया है, एक गैर- बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश है। तथापि, गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश या ऐसे देश से संबंधित फर्म निर्दिष्ट-प्राधिकारी को सूचना तथा साक्ष्य उपलब्ध कराकर इस परिकल्पना को समाप्त कर सकते हैं जो यह साबित करता हो कि ऐसा देश उप पैरा (3) में निर्दिष्ट मानदंड के आधार पर एक गैर बाजार अर्थ-व्यवस्था वाला देश नहीं है।

xxxv. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में 89% की वृद्धि हुई, जबकि प्रति इकाई औसत बिक्री कीमत में 26% की वृद्धि हुई। इससे संकेत मिलता है कि बिक्री मूल्य में वृद्धि बढ़ती लागतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त थी, जिसके कारण लाभप्रदता में गिरावट आई और पाटित आयातों के कारण वास्तविक क्षति की मौजूदगी को समर्थन मिला।

xxxvi. घरेलू उद्योग की क्रेडिट रेटिंग में सुधार, समेकित परिचालन, अन्य व्यावसायिक खंडों और दीर्घकालिक वित्तीय दृष्टिकोण जैसे कारकों पर विचार करते हुए, इसकी समग्र साख और वित्तीय दायित्वों को पूरा करने की क्षमता को दर्शाता है। हालाँकि, पाटनरोधी जाँच में क्षति विश्लेषण पूरी तरह से उत्पाद-विशिष्ट होता है, और प्रस्तुत आँकड़े पीयूसी खंड की लाभप्रदता में तीव्र गिरावट

दर्शाते हैं, जिसमें कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) और निवेश पर आय (आरओआई) जाँच की अवधि के दौरान नकारात्मक हो गए हैं।

xxxvii. घरेलू उद्योग का मालसूची स्तर बिक्री की तुलना में असमान रूप से बढ़ा है, जो बिना बिके स्टॉक और वित्तीय दबाव को दर्शाता है। यह सीधे तौर पर चीन जन.गण. से पाटन के कारण घरेलू बाजार में अपने उत्पादों को बेचने में घरेलू उद्योग की असमर्थता के कारण है।

xxxviii. घरेलू उद्योग द्वारा लिए गए उधार, 2023 में नई मशीनरी की स्थापना सहित वैध पूंजी विस्तार गतिविधियों का समर्थन करने के लिए व्यवसाय के सामान्य क्रम में थे। जांच की अवधि में हुए नुकसान से स्पष्ट रूप से यह स्थापित होता है कि ऐसे निवेश, पाटित आयातों से प्रतिकूल कीमत निर्धारण दबाव के कारण आय में परिवर्तित नहीं हुए हैं।

xxxix. घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है, और आगे भी क्षति का खतरा बना हुआ है, जो सीधे तौर पर संबद्ध देश से पाटित आयातों में वृद्धि के साथ मेल खाता है।

xl. जांच अवधि के दौरान भारत में हुए आयातों में से संपूर्ण आयात संबद्ध देश से हुए हैं। इसलिए, अन्य देशों से आयात को क्षति में योगदान देने वाला कारक नहीं माना जा सकता।

xli. क्षति अवधि के दौरान उत्पाद की मांग में लगातार वृद्धि हुई है। इसके बावजूद, घरेलू उद्योग काफी अप्रयुक्त क्षमता के साथ काम करना जारी रखे हुए है, जो दर्शाता है कि घटती मांग क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

xlii. कोई प्रतिबंधात्मक व्यापार परिपाटियां या बाहरी प्रतिस्पर्धा संबंधी मुद्दे नहीं हैं जो क्षति में योगदान दे सकते हों। कोई भी तकनीकी परिवर्तन नहीं हुआ है जो अन्यथा निष्पादन में गिरावट की व्याख्या कर सके।

xliii. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद में निर्यात क्रियाकलाप नहीं किए हैं; इसलिए, क्षति को निर्यात निष्पादन या बाहरी बाजार गतिशीलता से नहीं जोड़ा जा सकता।

xliv. क्षति विशेष रूप से विचाराधीन उत्पाद से संबंधित है, न कि घरेलू उद्योग के किसी अन्य व्यापारिक क्षेत्र या उत्पाद लाइन से।

xlv. संबद्ध देश से पाटित आयातों के अलावा, घरेलू उद्योग को हुई क्षति के कारण के रूप में कोई वैकल्पिक स्पष्टीकरण या बाह्य कारकों की पहचान नहीं की गई है।

xlvi. पाटित आयातों में वृद्धि के कारण कीमतों में उल्लेखनीय कटौती और कीमत ह्रास हुआ है, जिसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के लिए बाजार हिस्सेदारी में कमी और वित्तीय हानियां हुई हैं।

xlvii. जो क्षति हो रही है वह पूरी तरह से पाटित आयातों के कारण है। प्रचालनात्मक लागतें, वैश्विक व्यवधान या बाजार में उतार-चढ़ाव जैसे अन्य ज्ञात कारकों ने घरेलू उद्योग को इस तरह से प्रभावित नहीं किया है जिससे कारणात्मक संपर्क टूट जाए।

xlviii. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह दर्शाने के लिए कोई विश्वसनीय साक्ष्य प्रदान नहीं किया गया है कि पाटित आयातों के अलावा कोई अन्य कारक घरेलू उद्योग को हुई क्षति के लिए जिम्मेदार है।

xlix. घरेलू उद्योग के वित्तीय निष्पादन में वास्तव में कोविड अवधि (2021-22) के दौरान सुधार हुआ। हालाँकि, जांच की अवधि के दौरान निष्पादन में उल्लेखनीय गिरावट आई, जो कोविड समय सीमा से बाहर थी, यह दर्शाता है कि महामारी संबंधी व्यवधान वर्तमान क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

l. घरेलू उद्योग ने 2023 में नई मशीनरी की स्थापना सहित वास्तविक पूंजी विस्तार के लिए कारोबार के सामान्य क्रम में उधारी ली है और जांच की अवधि में घाटा पाटित आयातों से प्रतिकूल कीमत निर्धारण दबाव के कारण हुआ है, न कि कर चोरी या क्षति में हेरफेर करने के किसी इरादे से।

li. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए क्षमता विस्तार के लिए स्थिरीकरण अवधि की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि कंपनी संबद्ध सामानों का दीर्घकालिक उत्पादक है। इसलिए, क्षमता वृद्धि के प्रभाव को क्षति में योगदान देने वाला कारक नहीं माना जा सकता है।

lii. घरेलू उद्योग को कई कारकों के कारण क्षति का खतरा है। क्षति अवधि के दौरान पाटित आयातों में लगातार वृद्धि हुई है। हाल के वर्षों में प्रशुल्क उपशीर्ष 8431 31 और 8431 39 के अंतर्गत चीन के वैश्विक निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जैसा कि निर्यात मूल्य के आंकड़ों से स्पष्ट है।

liii. चीनी निर्यातकों के पास पर्याप्त अप्रयुक्त क्षमता है, जिसका अनुमान 24,30,000 एमटी है, जो भारत की मांग का 37 गुना है। वर्तमान उत्पादन 16,43,000 एमटी है, जिसमें 68% क्षमता उपयोग में है, और 32% अप्रयुक्त है। इस अतिरिक्त क्षमता का उपयोग भारत में उत्पादों के पाटन के लिए किया जा सकता है, खासकर जब चीन में संपत्ति क्षेत्र के संकट के कारण मांग में कमी आई है।

liv. एवरग्रांडे समूह के डिफ़ॉल्ट से चीन में संपत्ति क्षेत्र में संकट पैदा हो गया है, जिससे निर्माण उद्योग में मंदी आई है, जिससे गाइड रेल की मांग प्रभावित हुई है। चीनी निर्माता अब नए बाजारों, खासकर भारत, की तलाश कर रहे हैं। मराज़ी जियांगसू और झेजियांग बोनली जैसे निर्माता, उत्पादन में भारी निवेश करने के

बाद, अपना ध्यान भारत की ओर मोड़ रहे हैं, जहाँ निर्माण गतिविधियाँ फलफूल रही हैं।

lv. कोविड के बाद निर्माण में वृद्धि के कारण भारत में गाइड रेल की मांग बढ़ने से चीनी उत्पादकों की ओर से लगातार पाटन को बढ़ावा मिलने की संभावना है, जिससे संभवतः भारत के प्रमुख पीयूसी निर्माताओं के बंद होने की संभावना है।

lvi. झांगजियागांग ऑस्कर जेसन एलेवेटर और चांगजियांग रनफा मशीनरी सहित अन्य चीनी निर्यातकों ने पहले ही भारत को एक प्रमुख बाजार के रूप में पहचान लिया था। चीन के निर्माण क्षेत्र में मंदी के कारण, ये निर्यातक भारत को अपने निर्यात बढ़ा रहे हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है।

lvii. आंकड़ों से पता चलता है कि पाटित आयात भारत में कीमतों में भारी गिरावट का कारण बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त, चीनी निर्यातकों के पास भारी मात्रा में मालसूची मौजूद है जिसे भारत में पाटित किया जा सकता है। प्राधिकारी से अनुरोध है कि वह चीन जन.गण. के प्रतिभागी उत्पादकों से इन दावों का सत्यापन करें।

lviii. 26 मई 2025 को मौखिक सुनवाई के दौरान एन. लिफ्टी द्वारा परिवहन लागत के संदर्भ को अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है और संदर्भ से बाहर लिया गया है। किसी भी बिंदु पर यह सुझाव नहीं दिया गया कि घरेलू उद्योग को क्षति केवल परिवहन व्यय के कारण हुई है।

lix. परिवहन लागत कुल उत्पादन लागत का केवल एक छोटा सा हिस्सा है, जो याचिकाकर्ता को वास्तविक रूप से प्रभावित करने या हुई क्षति की भरपाई करने के लिए अपर्याप्त है। इसके विपरीत, रिकॉर्ड में उपलब्ध आंकड़े परिवहन व्यय पर विचार किए बिना ही संबद्ध देश के निर्यातकों द्वारा कीमतों में काफी कटौती दर्शाते हैं। इससे पुष्टि होती है कि क्षति पाटित आयातों के कारण हुई है।

lx. हितबद्ध पक्षकार याचिकाकर्ता द्वारा बताई गई लाभप्रदता में अंतर दिखाने के लिए दो अलग-अलग समयावधियों, यानी जनवरी 2023 से दिसंबर 2023, और अप्रैल 2023 से मार्च 2024, की गलत तुलना कर रहे हैं। इन अवधियों के बीच छह महीने का अंतर इस तुलना को भ्रामक बनाता है। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने पीयूसी और एनपीयूसी, दोनों के लिए लाभप्रदता के आंकड़े उपलब्ध कराए हैं, जिन्हें प्राधिकारी द्वारा पहले ही सत्यापित किया जा चुका है।

ज.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

115. पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति निर्धारण में उन कारकों की जाँच शामिल होगी जो घरेलू उद्योग को क्षति का संकेत दे सकते हैं,

> *"... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए..."।*

116. इसके अतिरिक्त, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय, यह जांच करना आवश्यक समझा जाता है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों के कारण कीमतों में उल्लेखनीय कमी आई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट लाना या कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा काफी हद तक हो सकती थी। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच के लिए, उद्योग की स्थिति को प्रभावित करने वाले सूचकांकों जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि पर नियमावली के अनुबंध II के अनुसार विचार किया गया है।

117. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रतिवादों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा नीचे किया गया क्षति विश्लेषण हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों पर प्रकाश डालता है।

118. घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए बयानों और आंकड़ों के आधार पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विभिन्न तर्कों के संबंध में, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी के जांच परिणाम सत्यापित आंकड़ों पर आधारित हैं।

119. हितबद्ध पक्षकारों के इस दावे के संबंध में कि वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 में लिए गए दीर्घकालिक ऋणों के कारण याचिकाकर्ता की ब्याज लागत में वृद्धि के बावजूद, याचिकाकर्ता का पीबीआईटी वित्त वर्ष 2022-23 में 253 सूचकांक से जांच की अवधि के दौरान 33 सूचकांक तक भारी गिरावट के साथ रह गया, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के लाभ में 2022-23 में उल्लेखनीय गिरावट आई और जांच

अवधि में यह घाटे में बदल गया। लाभ में गिरावट इतनी अधिक थी कि ब्याज लागत में वृद्धि के परिणामस्वरूप पीबीआईटी में वृद्धि नहीं हुई। इसके विपरीत, जांच अवधि में घरेलू उद्योग के पीबीआईटी में तेजी से गिरावट आई। क्षमता वृद्धि के कारण मूल्यह्रास में वृद्धि के कारण नकद लाभ और पीबीडीआईटी के मामले में भी इसी तरह की प्रवृत्ति देखी गई।

120. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया कि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत बिक्री लागत के अनुरूप रही और घरेलू उद्योग को वित्त वर्ष 2022-23 में 10-20% और जांच की अवधि के दौरान 20-30% की कीमत कटौती का भी सामना करना पड़ा। इसके बावजूद, याचिकाकर्ता के उत्पादन, बिक्री मात्रा और क्षमता उपयोग पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। इस संबंध में, प्राधिकारी ने नीचे दी गई तालिका में घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत और बिक्री लागत की तुलना की है। यह देखा जाता है कि घरेलू बिक्री कीमत में घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में आई गिरावट से अधिक गिरावट आई है।

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
क	**सॉलिड गाइड रेल**					
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*123*	*136*	*131*
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*130*	*138*	*128*
3	वृद्धि/(कमी)					
4	बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***
5	बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***
ख	**होलो गाइड रेल्स**					
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*147*	*130*	*129*
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*165*	*146*	*135*
3	वृद्धि/(कमी)					
4	बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***

5	बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***

121. हितबद्ध पक्षकारों के इस अतिरिक्त तर्क के संबंध में कि जांच की अवधि में कीमत कटौती में वृद्धि हुई है और याचिकाकर्ता के उत्पादन, बिक्री की मात्रा और क्षमता उपयोग पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच की अवधि में कीमत कटौती में वृद्धि हुई है और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा और इसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग का उत्पादन, बिक्री की मात्रा और क्षमता उपयोग प्रभावित हुआ है। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि यद्यपि जांच की अवधि सहित क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की मांग में वृद्धि हुई है, फिर भी घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में गिरावट आई है। यह भी देखा गया है कि जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के उत्पादन में मामूली वृद्धि हुई है और साथ ही, घरेलू उद्योग को इसके साथ ही महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमताओं का भी सामना करना पड़ा है।

122. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि क्षमता उपयोग में गिरावट एक नए संयंत्र की स्थापना के कारण हुई, जो जांच की अवधि के दौरान चालू नहीं था। नीचे दी गई तालिका क्षमता विस्तार के साथ या उसके बिना घरेलू उद्योग के क्षमता उपयोग को दर्शाती है-

क्र.सं.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	क्षमता -विस्तार से पहले	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*100*
2	क्षमता - विस्तार के बाद	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*118*
3	उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*149*	*151*
4	क्षमता उपयोग		***	***	***	***

क	पुरानी क्षमता पर विचार करते हुए	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*149*	*151*
ख	विस्तारित क्षमता पर विचार करते हुए	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*149*	*127*

123. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग 2022-23 तक बढ़ा, तथापि विस्तारित क्षमता पर विचार करने के बाद जांच की अवधि में इसमें गिरावट आई। प्राधिकारी ने विस्तार के प्रभाव को हटाकर जांच की अवधि में क्षमता उपयोग की अतिरिक्त गणना की है और नोट करते हैं कि जांच की अवधि में क्षमता उपयोग में केवल (0-5) % की वृद्धि हुई है और आगे यह भी पाया है कि घरेलू उद्योग के पास अभी भी (25-35) % अप्रयुक्त पुरानी क्षमता मौजूद है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि देश में पर्याप्त मांग होने के बावजूद घरेलू उद्योग के पास पर्याप्त मात्रा में काफी बेकार क्षमताएँ हैं।

124. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से संबंधित पक्षकारों से कच्चा माल खरीदता है और उसे कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत के कारण क्षति हो सकतर है। इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित सूचना/स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया-

क. टी-प्रोफाइल सवेरा इंडिया द्वारा सवेरा कोठारी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **("सवेरा कोठारी")** से खरीदे जाते हैं, जिनका उपयोग सॉलिड गाइड रेल के निर्माण में किया जाता है। सवेरा इंडिया और सवेरा कोठारी दोनों अलग-अलग कानूनी कंपनियां हैं और उनके बीच सभी खरीद और बिक्री एक-दूसरे से निकटतम पर होती हैं।

ख. सवेरा इंडिया मुख्य रूप से सवेरा कोठारी से टी-प्रोफाइल खरीदती है क्योंकि पीयूसी के निर्माण के लिए टी-प्रोफाइल की विशिष्ट तकनीकी संरचना का उपयोग किया जाना है। हालाँकि, पीओआई में टी-प्रोफाइल की कुछ खरीद ऐसी है जो असंबद्ध कंपनी यानी [***] से की गई है।

ग. सवेरा कोठारी और *** से टी-प्रोफाइल खरीद के लिए नमूना बीजक प्रदान किए गए थे। यह दावा किया गया था कि *** से टी-प्रोफाइल खरीद कीमत सवेरा कोठारी की कीमतों से तुलनीय हैं और अगस्त के महीने में भी *** की कीमतें सवेरा कोठारी की कीमतों से कहीं अधिक हैं। यह साबित करता है कि सवेरा इंडिया ने सवेरा कोठारी से अधिक कीमत पर टी-प्रोफाइल नहीं खरीदी है और सवेरा इंडिया द्वारा दावा की गई क्षति को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया गया है।

घ. सवेरा इंडिया ने सवेरा कोठारी की बिक्री कीमतों की सवेरा इंडिया और अन्य असंबद्ध ग्राहकों से तुलना करने के लिए जांच की अवधि के लिए सवेरा कोठारी का बिक्री खाता भी उपलब्ध कराया है। यह प्रमाणित हुआ कि सवेरा कोठारी द्वारा सवेरा इंडिया और असंबद्ध ग्राहकों को बेचे गए टी-प्रोफाइल्स की बिक्री कीमत समान रेंज में हैं। इससे यह भी प्रमाणित होता है कि सवेरा इंडिया और सवेरा कोठारी के बीच टी-प्रोफाइल्स की खरीद और बिक्री निकटतम पर हैं।

इ. सवेरा इंडिया ने समर्थक कंपनी अर्थात एन. लिफ्टी इंजीनियर्स ("एन. लिफ्टी") के क्रय बीजक भी उपलब्ध कराए हैं और एन. लिफ्टी के टी-प्रोफाइल्स का क्रय खरीद कीमत सेवा इंडिया के खरीद कीमत से कहीं अधिक है।

च. हॉलो गाइड रेल्स के निर्माण में प्रयुक्त इनपुट के संबंध में, यह अनुरोध है कि हॉलो गाइड रेल्स के निर्माण में एचआर कॉइल शीट्स का उपयोग किया जाता है। एचआर कॉइल शीट्स असंबद्ध आपूर्तिकर्ताओं से एकत्रित की जा रही हैं; इसलिए, निकटतम कीमत निर्धारण का प्रश्न नहीं उठता।

125. उपर्युक्त अनुरोधों पर विचार करने और घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों की जांच करने के बाद, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा अपनी संबद्ध कंपनी अर्थात सवेरा कोठारी से टी-प्रोफाइल की खरीद कीमतें निकटतम पर हैं। यह भी नोट किया जाता है कि सवेरा कोठारी से घरेलू उद्योग द्वारा टी-प्रोफाइल की खरीद कीमतें एन. लिफ्टी की टी-प्रोफाइल की खरीद कीमतों से काफी कम हैं।

126. प्राधिकारी नोट करते हैं कि एचआर कॉइल शीट्स का उपयोग हॉलो गाइड रेल्स के विनिर्माण के लिए किया जाता है और इन्हें घरेलू उद्योग द्वारा असंबद्ध आपूर्तिकर्ताओं से खरीदा जाता है।

127. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग ने क्षमता विस्तार किया है, जांच की अवधि के दौरान क्षमता में ***% की वृद्धि हुई है और घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री भी पूरी क्षति अवधि के दौरान बढ़ी है, जो पाटित आयातों से कोई क्षति नहीं होने का संकेत देती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि में क्षमता में ***% की वृद्धि की है और घरेलू बिक्री 2022-23 तक बढ़ी है और उसके बाद घट गई है।

128. हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि कर्मचारियों की संख्या, प्रति कर्मचारी उत्पादन और मजदूरी सभी में वृद्धि हुई है, जो क्षति अवधि के दौरान सकारात्मक प्रवृत्ति दर्शाती है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने ऐसे मापदंडों के कारण क्षति का दावा नहीं किया है।

129. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि मालसूची का जमा होना आवश्यक रूप से क्षति या खराब आर्थिक निष्पादन का सूचक नहीं है और स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग (थाईलैंड) बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी (2 अगस्त 2011) में सेस्टैट के निर्णय पर भरोसा किया गया है। मामले की जांच की गई है और निम्नलिखित तालिका घरेलू उद्योग की बिक्री के प्रतिशत के रूप में औसत मालसूची दर्शाती है:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*134*	*146*	*144*
2	औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*108*	*159*	*322*
3	घरेलू बिक्री के % के रूप में औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*67*	*100*	*200*

130. यह देखा गया है कि औसत मालसूची में न केवल निरपेक्ष रूप से बल्कि घरेलू बिक्री के प्रतिशत के रूप में भी वृद्धि हुई है।

131. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि वित्तीय संकेतक भी सकारात्मक रुझान दर्शाते हैं। आधार वर्ष की तुलना में 2021-22 और 2022-23 में कारोबार में क्रमशः 180% और 198% की वृद्धि हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने 2021-22 और 2022-23 में घरेलू उद्योग के कारोबार में क्रमशः 180% और 198% की वृद्धि का गलत अनुमान लगाया है। कारोबार में वास्तविक वृद्धि 80% और 98% है। इसके अलावा, यह नोट किया जाता है कि कंपनी के कारोबार में व्यापारिक क्रियाकलापों की बिक्री भी शामिल है। यह भी नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में भी 2021-22 और 2022-23 में 73% और 106% की वृद्धि हुई है, इसलिए, अलग से घरेलू उद्योग के कारोबार की तुलना भ्रामक है। अतः, कारोबार में वृद्धि को वित्तीय निष्पादन में वृद्धि का सकारात्मक संकेतक नहीं माना जा सकता है।

132. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि चीन जन.गण. से आयात 2020-2021 में 24,754 एमटी से बढ़कर 2021-2022 में 31,983 एमटी हो गया, जो लगातार बढ़ रहा है। हालांकि, घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है, क्योंकि इसकी बिक्री 2020-2021 में 100 के सूचीबद्ध मूल्य से बढ़कर जांच की अवधि के दौरान 144 हो गई। यह उच्च आयात के बावजूद घरेलू उद्योग की अपनी बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने और विस्तार करने की क्षमता को दर्शाता करता है। नीचे दी गई तालिका क्षति अवधि में चीन से आयात, घरेलू उद्योग की बिक्री, समर्थक और अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री और भारत में संबद्ध सामानों की मांग को दर्शाती है-

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	चीन से आयात	एमटी	25,181	32,266	45,293	49,098
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*128*	*180*	*195*
2	घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*134*	*146*	*144*
3	समर्थक की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*164*	*94*	*58*

4	अन्य भारतीय उत्पादक की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*100*
5	भारतीय मांग	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*138*	*164*	*171*
4	वृद्धि/(कमी)					
क	चीन से आयात	एमटी		7,085	13,027	3,805
ख	घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी		***	***	***
ग	भारतीय मांग	एमटी		***	***	***
घ	समर्थक की बिक्री	एमटी		***	***	***
ड.	अन्य भारतीय उत्पादक की बिक्री	एमटी		-	-	-

133. यह देखा जाता है कि क्षति अवधि में संबद्ध सामानों की मांग में वृद्धि हुई है। चीन से आयात ने क्षति अवधि में बढ़ी हुई मांग का एक बड़ा हिस्सा लगातार हासिल किया है। घरेलू उद्योग की बिक्री 2022-23 तक बढ़ी और मांग में वृद्धि के बावजूद जांच की अवधि में गिरावट आई। यह भी नोट किया गया है कि यद्यपि घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि हुई है, तथापि, यह वृद्धि मांग में वृद्धि से काफी कम है।

134. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग का निवेश पर लाभ (आरओआई) 2020-2021 में 290% से 78% की भारी गिरावट के साथ जांच की अवधि में केवल 22% रह गया है। इससे पता चलता है कि कंपनी अपनी बढ़ी हुई पूंजी से पर्याप्त लाभ नहीं कमा रही है, संभवतः बढ़ती लागत, अदक्षताओं या कम राजस्व के कारण। प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकारों ने गलती से सूचीबद्ध आधार अंक को % के रूप में उपयोग किया है और दावा किया है कि घरेलू उद्योग का निवेश पर लाभ 290% से घटकर 22% हो गया है। इसके अलावा, आरओआई में गिरावट का तात्पर्य यह है कि घरेलू उद्योग पाटित आयातों के कारण अपनी बढ़ी हुई क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया और जांच की अवधि में इसके निवेश पर आय में तेजी से गिरावट आई।

निवेश पर आय में गिरावट इसकी बढ़ती लागत और अदक्षताओं के कारण नहीं है, बल्कि घरेलू बाजार में चीन से पाटित आयातों के साथ इसकी प्रतिस्पर्धा के कारण है।

135. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि घरेलू उद्योग के वित्तीय आंकड़ों से पता चलता है कि क्षमता विस्तार के कारण ब्याज और मूल्यह्रास लागत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसने वित्तीय दबाव में योगदान दिया है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि विस्तार के मामले में मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि एक सामान्य घटना है। नीचे दी गई तालिका क्षति अवधि में घरेलू उद्योग के पीबीआईटी और नकद लाभ को दर्शाती है:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	लाभ /(हानि)	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*469*	*291*	*(48)*
2	ब्याज	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*66*	*164*	*220*
3	मूल्यह्रास	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*82*	*103*	*207*
4	नकद लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*337*	*227*	*39*
5	पीबीआईटी	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*348*	*253*	*33*

136. यह देखा जाता है कि यदि मूल्यह्रास और ब्याज लागत पर विचार नहीं किया जाता है, तब भी पीबीआईटी और नकद लाभ में गिरावट आई है, जो स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि घरेलू उद्योग को हुई क्षति क्षमता विस्तार के कारण नहीं है।

137. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि कुछ आंकड़ों में विसंगतियां हैं जिनकी जांच आवश्यक है। सॉलिड गाइड रेल्स के लिए, जांच की अवधि में पहुंच कीमत ***/ रु. एमटी था, जो आधार वर्ष से ***% की वृद्धि है, फिर भी सूचित की गई कीमत कटौती असमान रूप से (0-10%) से बढ़कर 20-30% हो गई। पहुंच कीमत में थोड़ी सी वृद्धि और कटौती में भारी वृद्धि के बीच यह अंतर घरेलू उद्योग की कीमत

निर्धारण परकपाब्कयां में अदक्षताएं बताती हैं। नीचे दी गई तालिका बिक्री लागत, बिक्री कीमत, पहुंच कीमत और कीमत कटौती को दर्शाती है-

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*123*	*136*	*131*
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*130*	*138*	*128*
3	पहुंच कीमत	रु./एमटी	61,406	86,892	75,596	62,306
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*142*	*123*	*101*
4	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***
5	कीमत कटौती	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति		(0-10) %	(0-10) %	10-20%	20-30%
6	वृद्धि /(कमी)					
क	बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***
ख	बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***
ग	पहुंच कीमत	रु./एमटी		25,487	-11,296	-13,290
घ	कीमत कटौती	रु./एमटी		***	***	***
ड.	कीमत कटौती	%		***	***	***

138. यह नोट किया जाता है कि मध्यवर्ती प्रवृत्ति का विश्लेषण किए बिना आधार वर्ष के साथ जांच की अवधि की हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई तुलना सही और भ्रामक नहीं है। इसके अलावा, वर्ष-दर-वर्ष तुलना करने पर, यह देखा गया है कि वर्ष 2020-21 में, आयात कीमतें घरेलू बिक्री कीमत से थोड़ा अधिक थी और परिणामस्वरूप कीमत कटौती थोड़ी नकारात्मक थी। वर्ष 2021-22 में, आयात कीमत में वृद्धि हुई और परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग ने भी घरेलू बिक्री कीमतों में वृद्धि की और कोविड-19 के कारण उच्च समुद्री माल ढुलाई के कारण पहुँच कीमत में वृद्धि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में वृद्धि से अधिक थी और कीमत कटौती उल्लेखनीय रूप से नकारात्मक थी। वर्ष 2022-23 में, बिक्री कीमतें बिक्री लागत में वृद्धि के कारण बढ़ी,तथापि, पहुँच कीमतों में काफी गिरावट आई और परिणामस्वरूप, कीमत कटौती काफी सकारात्मक

थी। जांच की अवधि में, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और घरेलू बिक्री कीमत में गिरावट आई, हालांकि, घरेलू बिक्री कीमतों में गिरावट बिक्री की लागत में गिरावट से अधिक तीव्र थी। इसके विपरीत, जांच की अवधि में पहुंच कीमत में इतनी तेजी से गिरावट आई कि जांच की अवधि और आधार वर्ष में पहुंच कीमत लगभग समान रही। अत:, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार जांच की अवधि में पहुंच कीमत में 1% की वृद्धि हुई लेकिन कीमत कटौती आधार वर्ष में (0-10%) से अनुपातहीन रूप से बढ़कर जांच की अवधि में 20% से 30% हो गई, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है।

139. हितबद्ध पक्षकारों ने यह भी तर्क दिया है कि खोखले गाइड रेल के लिए पहुंच कीमत में जांच की अवधि में 8% तक गिरावट आई, जो 72,806/रु. एमटी से कम होकर 66,812/-रु. एमटी हो गई, परंतु कीमत कटौती में पांच गुना उछाल आया जो (0-10%) से बढ़कर 50-60% हो गई। आयात कीमतों में सामान्य गिरावट के बावजूद कटौती में ये तेज वृद्धि पाटित आयातों से किसी प्रभाव की अपेक्षा घरेलू उद्योग की कीमत निर्धारित में आंतरिक अदक्षताएं दर्शाती हैं।

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*147*	*130*	*129*
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*165*	*146*	*135*
3	पहुंच कीमत	रु./एमटी	76,163	95,741	82,126	68,571
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*126*	*108*	*90*
4	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***
5	कीमत कटौती	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति		*(0-10) %*	*20-30%*	*30-40%*	*40-50%*
6	वृद्धि /(कमी)					
क	बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***
ख	बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***
ग	पहुंच कीमत	रु./एमटी		***	***	***
घ	कीमत कटौती	रु./एमटी		***	***	***

ड.	कीमत कटौती	%		***	***	***

140. जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, मध्यवर्ती प्रवृत्ति का विश्लेषण किए बिना आधार वर्ष के साथ जांच की अवधि की हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई तुलना गलत और भ्रामक है। इसके अलावा, वर्ष-दर-वर्ष तुलना करने पर, यह देखा गया है कि वर्ष 2020-21 में आयात कीमत घरेलू बिक्री कीमत से थोड़ा अधिक थी और परिणामस्वरूप कीमत कटौती नकारात्मक थी। वर्ष 2021-22 में आयात कीमत में वृद्धि हुई और परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग ने भी घरेलू बिक्री कीमत बढ़ाई। घरेलू बिक्री कीमत में वृद्धि से अधिक थी और कीमत कटौती सकारात्मक थी। वर्ष 2022-23 में, बिक्री की लागत में कमी के कारण बिक्री कीमत में गिरावट आई, हालांकि, पहुंच कीमतों में काफी गिरावट आई और परिणामस्वरूप, कीमत कटौती में वृद्धि हुई। जांच की अवधि में, घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और घरेलू बिक्री कीमत में गिरावट आई, हालांकि, घरेलू बिक्री कीमत में गिरावट बिक्री की लागत में गिरावट से अधिक तेज थी। इसके विपरीत, जांच की अवधि में पहुंच कीमत में इतनी तेजी से गिरावट आई कि यह आधार वर्ष में पहुंच कीमत से अधिक स्तर तक कम हो गई। इसलिए, अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार जांच की अवधि में पहुंच कीमत में 8% की गिरावट आई, जो 72,806/रु. एमटी से 66,812/रु. एमटी हो गई, लेकिन कीमत कटौती पांच गुना बढ़कर (0-10%) से 50-60% हो गई, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है।

141. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि आईसीआरए ने घरेलू उद्योग की क्रेडिट रेटिंग को लगातार अपग्रेड किया है, जो बेहतर वित्तीय स्थिरता का संकेत देता है। इससे पता चलता है कि घरेलू उद्योग का निष्पादन याचिका में दावे से कहीं बेहतर है। यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि ये रेटिंग मुख्य रूप से कंपनी की ऋण चुकौती क्षमता का आकलन करती हैं, न कि उत्पाद-विशिष्ट आधार पर इसकी लाभप्रदता का। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के लिए क्षति विश्लेषण किया गया है और इसके वित्तीय निष्पादन में गिरावट दिखाई देती है।

142. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि नियोजित पूंजी पर 22% आय को अपनाना अनुचित और मौजूदा कर एवं ब्याज दर संरचना के साथ असंगत माना जाता है। लाभ

मार्जिन उस अवधि के दौरान लाभों के विश्लेषण पर आधारित होना चाहिए जब कोई पाटन नहीं था, न कि काल्पनिक आंकड़ों पर। इसलिए, महानिदेशक से 22% नियोजित पूंजी पर आय के आवेदन-पत्र पर पुनर्विचार करने और तदनुसार समायोजन करने का आग्रह किया जाता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की क्षतिरहित कीमत का निर्धारण नियोजित पूंजी पर उचित आय, जो 22% है, के आधार पर करना प्राधिकारी की एक सतत परिपाटी है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि जब कोई पाटन नहीं था, तब घरेलू उद्योग ने नियोजित पूंजी पर ***% की औसत आय अर्जित की थी। प्राधिकारी द्वारा नियोजित पूंजी पर आय याचिकाकर्ता द्वारा अर्जित आय से कम है और प्राधिकारी की सतत परिपाटी के अनुसार है।

143. हितबद्ध पक्षकारों ने तर्क दिया है कि पीयूसी की वर्तमान घरेलू आपूर्ति मांग को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है, घरेलू उद्योग *** एमटी की मांग की तुलना में केवल 26,000 एमटी का उत्पादन करने में सक्षम है, जो इस अंतर को पाटने के लिए आयात की आवश्यकता को उजागर करता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से केवल घरेलू उद्योग के लिए समान अवसर सुनिश्चित होंगे। इससे भारत में आयात बंद नहीं होगा। मांग-आपूर्ति का अंतर पाटन का कोई औचित्य नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयात प्रतिबंधित नहीं होता है, बल्कि केवल यह सुनिश्चित होता है कि आयात पाटित कीमतों पर नहीं हैं।

144. याचिका के परिशिष्ट आईवीए में बताए गए कर-पूर्व लाभ के रुझानों और घरेलू उद्योग के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों में दर्शाए गए रुझानों के बीच विसंगति का आरोप लगाने वाले हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि हितबद्ध पक्षकार द्वारा उठाया गया तर्क विभिन्न अवधियों की तुलना पर आधारित है। विशेष रूप से, परफॉर्मा आईवीए में प्रस्तुत पीबीटी आंकड़े पीओआई, यानी जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 से संबंधित है, जबकि लेखा-परीक्षित किए गए वित्तीय वर्ष अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक से संबंधित हैं। छह महीने का अंतर लाभ की तुलना को भ्रामक बनाता है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत आंकड़े केवल पीयूसी की लाभप्रदता से संबंधित है।

145. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए इस मुद्दे के संबंध में कि घरेलू उद्योग को क्षति उच्च परिवहन लागत के कारण है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि परिवहन लागत क्रमशः खोखले गाइड रेल और ठोस गाइड रेल के लिए उत्पादन की कुल लागत का केवल [***] और [***] है। ये प्रतिशत कोई भी वास्तविक प्रभाव डालने या घरेलू उद्योग को नुकसान का कारण मानने के लिए बहुत कम हैं। इसलिए प्राधिकारी का विचार है कि घरेलू उद्योग को नुकसान का मुख्य कारण पीयूसी का निरंतर पाटन है।

ज.3.1. <u>पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

क) मांग का मूल्यांकन/स्पष्ट खपत

146. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों में, चाहे निरपेक्ष रूप से, या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम से प्राप्त लेन-देन-वार आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। इस प्रकार गणना की गई मांग/स्पष्ट खपत निम्नलिखित है:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	चीन से आयात	एमटी	25,181	32,266	45,293	49,098
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*128*	*180*	*195*
2	घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*134*	*146*	*144*
3	भारतीय मांग	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*138*	*164*	*171*
4	वृद्धि/(कमी)					
a	चीन से आयात	एमटी		***	***	***
ख	घरेलू बिक्री	एमटी		***	***	***
ब	भारतीय मांग	एमटी		***	***	***

147. यह देखा गया है कि क्षति की अवधि में विचाराधीन उत्पाद की मांग में वृद्धि देखी गई है।

ख) भारत में उत्पादन और खपत के सापेक्ष संबद्ध देश से आयात की मात्रा

148. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों में, चाहे निरपेक्ष रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष, कोई उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। क्षति जाँच अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयात की मात्रा और संबद्ध आयातों का हिस्सा निम्नानुसार है:

क्र.स.	विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	चीन से आयात	एमटी	25,181	32,266	45,293	49,098
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*128*	*180*	*195*
2	अन्य देशों से आयात	एमटी	291	3,265	146	-
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*1,121*	*50*	-
3	भारतीय माँग	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*138*	*164*	*171*
4	भारतीय उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*137*	*137*	*134*
5	निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध देशों के आयात -					
क	भारतीय माँग	%	***	***	***	***
	परिवर्तन	%		-5%	11%	3%
ख	भारतीय उत्पादन	%	***	***	***	***
	परिवर्तन	%		-13%	72%	29%

149. यह देखा गया है कि चीन से संबद्ध सामानों के आयात में संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान समग्र रूप से वृद्धि हुई है, जबकि अन्य देशों से आयात में उल्लेखनीय गिरावट आई है, और जांच की अवधि के दौरान संबद्ध सामानों का कोई आयात नहीं हुआ। भारतीय मांग और भारतीय उत्पादन के संदर्भ में चीन से आयात 2021-22 में घटा और उसके बाद 2022-23 और जांच की अवधि में बढ़ा।

ज.3.2. <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाव</u>

150. नियमावली के अनुबंध II (ii) के अनुसार, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या भारत में समान उत्पाद की

कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत कटौती उल्लेखनीय रूप से हुई है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव कीमतों को काफी मात्रा तक करना या कीमत वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा काफी मात्रा में हुई होती।

क) कीमत कटौती

151. कीमत कटौती का निर्धारण घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति की तुलना जाँच अवधि के दौरान आयातों की पहुंच कीमत से की गई है। नीचे दी गई तालिका इसी स्थिति को दर्शाती है-

क्र.स.	विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	**सॉलिड गाइड रेल**					
i	निवल बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
ii	पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
iii	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***
iv	कीमत कटौती	%	***	***	***	***
v	कीमत कटौती	रेज %	(0-10)%	(0-10) %	10-20%	20-30%
2	**होलो गाइड रेल**					
i	निवल बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
ii	पहुंच कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
iii	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***
iv	कीमत कटौती	%	***	***	***	***
v	कीमत कटौती	रेज %	(0-10)%	20-30%	30-40%	40-50%
3	**समग्र रूप से गाइड रेल**					
i	कीमत कटौती	रु./एमटी	***	***	***	***
ii	कीमत कटौती	%	***	***	***	***
iii	कीमत कटौती	रेज %	(0-10)%	(0-10) %	10-20%	20-30%

152. यह देखा जाता है कि संबद्ध आयातों की पहुँच कीमतों में जांच की अवधि के दौरान तीव्र गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, संबद्ध आयातों की पहुँच कीमत घरेलू बिक्री कीमतों से काफी कम है और जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रही है। कीमतों में यह कटौती न केवल सकारात्मक है, बल्कि काफी भी है।

ख) कीमत ह्रास/न्यूनीकरण

153. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयातों का प्रभाव कीमतों में उल्लेखनीय कमी लाना है या मूल्य वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा हुई होती, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध सामानों की पहुँच कीमत से की है।

154. नीचे दी गई तालिका सॉलिड गाइड रेल्स के आयातों की बिक्री लागत, बिक्री कीमत और पहुँच कीमत दर्शाती है-

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*123*	*136*	*131*
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*130*	*138*	*128*
3	पहुंच कीमत	रु./एमटी	61,406	86,892	75,596	62,306
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*142*	*123*	*101*
4	वृद्धि/(कमी)					
क	बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***
ख	बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***
ग	पहुंच कीमत	रु./एमटी		25,487	-11,296	-13,290

155. यह देखा जा सकता है कि जांच की अवधि में, सॉलिड गाइड रेल की बिक्री लागत में *** रुपये प्रति एमटी की कमी आई है, जबकि बिक्री कीमत में *** रुपये प्रति एमटी की कमी आई है। घरेलू बिक्री कीमत में यह गिरावट घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत

में आई गिरावट से अधिक है, क्योंकि चीन से आयातित उत्पादों की पहुंच कीमत में 13,290 रुपये प्रति एमटी की तेज गिरावट आई है। इसलिए, संबद्ध आयातों के पहुँच कीमतों ने जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास किया है।

156. नीचे दी गई तालिका हॉलो गाइड रेल के आयातों की बिक्री लागत, बिक्री कीमत और पहुँच कीमत को दर्शाती है-

होलो गाइड रेल-

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*147*	*130*	*129*
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*165*	*146*	*135*
3	पहुंच कीमत	रु./एमटी	76,163	95,741	82,126	68,571
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*126*	*108*	*90*
4	वृद्धि/(कमी)					
क	बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***
ख	बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***
ग	पहुंच कीमत	रु./एमटी		19,578	-13,615	-13,556

157. यह देखा जा सकता है कि जांच की अवधि में, हॉलो गाइड रेल की उत्पादन लागत में *** रुपये प्रति एमटी की कमी आई है, जबकि बिक्री कीमत में *** रुपये प्रति एमटी की कमी आई है। घरेलू बिक्री कीमत में यह गिरावट घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत में आई गिरावट से अधिक है, क्योंकि चीन से आयातों की की पहुंच कीमत में 13,556 रुपये प्रति एमटी की तेज गिरावट आई है। अत:, संबद्ध आयातों की पहुंच कीमतों ने घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास कर दिया है।

158. नीचे दी गई तालिका समग्र रूप से विचाराधीन उत्पाद के आयातों की बिक्री लागत, बिक्री कीमत और पहुँच कीमत को दर्शाती है-

क्र.स.	विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*125*	*135*	*131*
2	बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*133*	*139*	*129*
3	पहुंच कीमत	रु./एमटी	61,873	87,513	75,922	62,762
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*141*	*123*	*101*
6	वृद्धि/(कमी)					
क	बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***
ख	बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***
ग	पहुंच कीमत	रु./एमटी		***	***	***

159. यह देखा जा सकता है कि जांच की अवधि में, विचाराधीन उत्पाद की उत्पादन लागत में *** रुपये प्रति मीट्रिक टन की गिरावट आई है, जबकि बिक्री कीमत में *** रुपये तक प्रति एमटी तक गिरावट आई है। घरेलू बिक्री कीमत में यह गिरावट घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत में आई गिरावट से अधिक है, क्योंकि चीन से आयातों की पहुंच कीमत में 13,160 रुपये प्रति एमटी की तेज गिरावट आई। इसलिए, संबद्ध आयातों की पहुंच कीमतों ने घरेलू उद्योग की कीमतों का ह्रास किया है।

ज.3.3 <u>घरेलू उद्योग के आर्थिक मानदंड</u>

160. नियमावली के अनुबंध में II में अपेक्षा है कि क्षति के निर्धारण में उन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों परिणामी प्रभाव की वस्तुपरक जांच शामिल होंगी। इन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में नियमावली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयाातें के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों का वस्तुपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन तथा घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक; निवेश पर आय या क्षमता का उपयोग, बिक्री में वास्तविक एवं संभावित गिरावट, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्सा, उत्पादकता, निवेश पर आय या क्षमता का उपयोग; पाटन मार्जिन की मात्रा नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों

सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और तत्वों का वस्तुपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मानदंडों पर नीचे चर्चा की गई है।

क) <u>उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा</u>

161. घरेलू उद्योग का पूरी क्षति अवधि के दौरान क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग निम्नानुसार है:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	क्षमता	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*118*
2	उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*149*	*151*
3	क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*149*	*127*
4	घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*134*	*146*	*144*

162. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता का विस्तार किया है जो 28 जून 2023 से चालू हो गई है। घरेलू उद्योग ने भारत में संबद्ध वस्तुओं की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार किया था। हालांकि, देश में बढ़ती मांग के बावजूद, घरेलू उद्योग जांच की अवधि में अपनी क्षमता उपयोग में वृद्धि नहीं कर सका। इसके विपरीत, जांच की अवधि में क्षमता उपयोग में तेजी से गिरावट आई है। घरेलू उद्योग अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है और देश में पीयूसी की पर्याप्त मांग के बावजूद जांच की अवधि में ***% पर प्रचालन कर रहा है।

163. इसके अलावा, यह नोट किया जाता है कि उत्पादन/उत्पादन और बिक्री की मात्रा के स्तर ने 2022-23 तक बढ़ती प्रवृत्ति दिखाई है और काफी अप्रयुक्त क्षमताओं के बावजूद जांच की अवधि में उत्पादन में केवल नगण्य वृद्धि हुई है। इसके अलावा, जांच की अवधि में घरेलू बिक्री में गिरावट देखी गई है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादन/उत्पादन और बिक्री की मात्रा में वृद्धि काफी कम है और देश में बढ़ी हुई मांग के अनुपात में नहीं है।

ख) <u>बाजार हिस्सा</u>

164. घरेलू उद्योग का आयात और उसका बाजार हिस्सा निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	घरेलू उद्योग का हिस	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*97*	*89*	*84*
2	समर्थक का हिस्सा	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*118*	*58*	*34*
3	अन्य भारतीय उत्पादक का हिस्सा	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*72*	*61*	*59*
4	चीन का हिस्सा	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*93*	*110*	*114*
5	अन्य देशों का हिस्सा	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*810*	*31*	-

165. उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान घटती रही है। घरेलू उद्योग की हिस्सेदारी आधार वर्ष में पहले से ही कम ***% से घटकर जांच की अवधि में ***% रह गई है, जबकि उसके पास भारतीय मांग में कहीं अधिक हिस्सेदारी को पूरा करने की क्षमता है। इसके अलावा, समर्थक उत्पादकों सहित अन्य भारतीय उत्पादकों की हिस्सेदारी भी जांच अवधि में घटी है।

166. इसके विपरीत, संबद्ध देश की बाजार हिस्सेदारी संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, यह भी स्पष्ट है कि अन्य देशों से आयातों की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट का रुख रहा है और केवल 2021-22 में इसमें वृद्धि हुई है। जांच अवधि में, अन्य देशों की हिस्सेदारी शून्य हो गई है।

ग) <u>मालसूची</u>

167. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची स्थिति नीचे दी गई तालिका में दी गई है:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	आरंभिक	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*93*	*116*	*199*
2	अंतिम	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*124*	*206*	*453*
3	औसत	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*108*	*159*	*322*

168. यह देखा जा सकता है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की औसत मालसूची में लगातार वृद्धि हुई और जांच अवधि में इसमें तेजी से वृद्धि हुई।

घ) <u>लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय</u>

169. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ नीचे दी गई तालिका में दिए गए हैं:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	पीबीटी	लाख रु.	***	***	***	***

	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*469*	*291*	*(48)*
2	पीबीआईटी	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*348*	*253*	*33*
3	नकद लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*337*	*227*	*39*
4	आरओसीई	%	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*290*	*152*	*22*

170. घरेलू उद्योग का लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय (आरओआई) 2021-22 तक बढ़ा और 2021-22 के बाद लगातार घट रहा है। वास्तव में, घरेलू उद्योग को जांच की अवधि में हानियां होने लगी थी।

ड.) <u>रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी</u>

171. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित सूचना की जांच की है, जो नीचे दी गई है:

क्र.स.	**विवरण**	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
1	उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*149*	*151*
2	कर्मचारी	संख्या	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*135*	*149*	*162*
3	उत्पादन/कर्मचारी	एमटी	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*100*	*100*	*93*
4	मजदूरी	लाख रु.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*108*	*141*	*168*
5	मजदूरी/कर्मचारी	रु./सं.	***	***	***	***
	प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*80*	*94*	*104*

172. यह देखा जाता है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के कर्मचारियों की संख्या और वेतन एवं मजदूरी में वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग की उत्पादकता क्षति अवधि के

दौरान स्थिर रही है, हालाँकि उत्पादन स्तर कम होने के कारण जाँच अवधि में इसमें मामूली गिरावट आई है।

च) <u>वृद्धि</u>

173. घरेलू उद्योग की वृद्धि के संबंध में सूचना निम्नलिखित है:-

क्र.स.	विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
1	उत्पादन (एमटी)	वाई/वाई		***	***	***
2	घरेलू बिक्री (एमटी)	वाई/वाई		***	***	***
3	पीबीटी (लाख रु.)	वाई/वाई		***	***	***
4	मालसूची (एमटी)	वाई/वाई		***	***	***
5	बाजार हिस्सा (%)	वाई/वाई		***	***	***
6	नकद लाभ (लाख रु.)	वाई/वाई		***	***	***
7	आरओआई (%)	वाई/वाई		***	***	***

174. यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग के सभी मात्रा मापदंड जांच अवधि में नकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं, सिवाय उत्पादन के, जिसमें जांच अवधि में मामूली वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग के सभी कीम मापदंड 2022-23 और जांच की अवधि में नकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं। घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी भी नकारात्मक वृद्धि दर्शाती है।

छ) <u>पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रभाव</u>

175. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि घरेलू उद्योग ने भारत में विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) की बढ़ती मांग को पूरा करने हेतु अपनी क्षमता बढ़ाने हेतु नए निवेश किए हैं, फिर भी घरेलू उद्योग अपनी क्षमताओं का उपयोग करने में असमर्थ रहा है और पाटित आयातों के कारण घाटे का सामना कर रहा है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग की पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता काफी क्षीण हो गई है।

ज) <u>कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक</u>

176. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच की अवधि के दौरान आयातों की मात्रा काफी अधिक थी और ऐसे आयात घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से काफी कम कीमतों पर थे। घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत संबद्ध आयातों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। इस प्रकार, संबद्ध देश से संबद्ध सामाि◌नों का पहुँच मूल्य घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक है।

i) <u>पाटन की मात्रा</u>

177. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देश से पाटन मार्जिन काफी है और संबद्ध सामानों के कीमत निर्धारण का संकेतक है।

झ. <u>गैर-आरोपण विश्लेषण</u>

178. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों की क्षति, मात्रा और कीमत प्रभावों की मौजूदगी की जाँच करने के बाद, प्राधिकारी ने यह जाँच की है कि क्या घरेलू उद्योग को हुई क्षति, नियमावली के अंतर्गत सूचीबद्ध पाटित आयातों को छोड़कर किसी अन्य कारक के कारण हो सकती है।

क. <u>तीसरे देशों से आयात की मात्रा और कीमत</u>

179. प्राधिकारी नोट करते हैं कि गैर-संबद्ध देशों से आयात शून्य है। इसलिए, यह क्षति तीसरे देशों से आयात के कारण नहीं है।

ख. <u>माँग में संकुचन</u>

180. विचाराधीन उत्पाद की माँग में वृद्धि देखी गई है। इसलिए, माँग में गिरावट क्षति का कारण नहीं हो सकती। इस प्रकार, मांग में संभावित संकुचन के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

ग. <u>खपत के पैटर्न में परिवर्तन</u>

181. विचाराधीन उत्पाद के खपत के पैटनै में कोई ज्ञात वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है।

घ. <u>प्रतिस्पर्धा की स्थितियाँ और व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां</u>

182. संबद्ध सामानों की बिक्री किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित नहीं है और किसी भी प्रतिबंधात्मक परिपाटी को प्राधिकारी के ध्यान में नहीं लाया गया है।

ङ. <u>प्रौद्योगिकी में विकास</u>

183. प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन हेतु प्रौद्योगिकी में कोई ज्ञात वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है।

च. <u>उत्पादकता</u>

184. प्राधिकारी नोट करते हैं कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। अतः, घरेलू उद्योग को इस कारण कोई क्षति नहीं हुई है।

छ. <u>निर्यात निष्पादन</u>

185. आवेदक ने संबद्ध सामानों का निर्यात नहीं किया है। अतः, निर्यात निष्पादन घरेलू उद्योग को क्षति का कारण नहीं हो सकता है।

ज. <u>अन्य उत्पादों का निष्पादन</u>

186. प्राधिकारी ने केवल संबद्ध सामानों के निष्पादन से संबंधित आंकड़ों पर ही विचार किया है। अतः, उत्पादित और बेचे गए अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग के लिए क्षति का संभावित कारण नहीं है।

ञ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

187. नियमावली के अनुबंध III के अनुसार प्राधिकारी द्वारा निर्धारित घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों की क्षतिरहित कीमत की तुलना जांच की अवधि के दौरान क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए संबद्ध देश से निर्यात के पहुंच मूल्य के साथ की गई है और इस प्रकार निकाला गया क्षति मार्जिन निम्नानुसार है:

<u>पाटन मार्जिन तालिका</u>

क्र.सं.	उत्पादक	एनआईपी	पहुंच कीमत	क्षति मार्जिन		
		यूएसडॉ./एमटी	यूएसडॉ./एमटी	यूएसडॉ./एमटी	%	रेंज

1.	मराज़ी (जियांग्सू) एलेवेटर गाइड रेल कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
2.	वूशी कोएनिग एलेवेटर एक्सेसरीज कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
3.	झेजियांग बोनली लिफ्ट गाइड रेल निर्माण कंपनी लिमिटेड	***	***	***	***	20-30
4.	गैर-नमूनाकृत सहकारी उत्पादक	***	***	***	***	20-30
5.	अन्य	***	***	***	***	40-50

ट. <u>प्रयोक्ता प्रभाव विश्लेषण (भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे)</u>

ट.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

188. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. संबद्ध सामानों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से प्रयोक्ता उद्योगों में गंभीर व्यवधान उत्पन्न होगा और आम जनता को नुकसान होगा। यह निर्णय उद्योगों के समक्ष मौजूदा वित्तीय और प्रचालनात्मक कठिनाइयों को और बढ़ा देगा, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के प्रभावों से उबरने के दौरान।

ii. पाटनरोधी शुल्क लगाने से गाइड रेल जैसे प्रमुख घटकों की लागत बढ़ जाएगी, जबकि कोई व्यवहार्य घरेलू विकल्प उपलब्ध नहीं होगा, जिससे प्रयोक्ताओं को उच्च लागत पर आयात जारी रखने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इससे अंततः लिफ्ट निर्माण में लागत बढ़ेगी और इसका बोझ बुनियादी ढाँचा डेवलपर्स, ठेकेदारों और उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप निर्माण और आवास की लागत बढ़ जाएगी।

iii. लिफ्ट गाइड रेल पर शुल्क लगाने से उपभोक्ताओं द्वारा वहन की जाने वाली लिफ्ट प्रणालियों की अंतिम कीमत में 0.1% की वृद्धि होने की उम्मीद है।

iv. शुल्क लगाने से बेची गई वस्तुओं की लागत में वृद्धि होगी, जो अंततः वस्तुओं की अंतिम कीमत में परिलक्षित होगी, और प्रभाव की सीमा लगाए गए शुल्क की दर पर निर्भर करेगी।

v. लिफ्ट गाइड रेल पर पाटनरोधी शुल्क इन घटकों पर निर्भर कंपनियों की खरीद और स्थापना लागत में वृद्धि करेगा। इसके परिणामस्वरूप, अंतिम उत्पादों की कीमतें बढ़ जाएँगी, जिससे अंततः अंतिम उपभोक्ताओं पर लिफ्ट की बढ़ी हुई लागत का बोझ पड़ेगा।

vi. अतिरिक्त शुल्क लगाने से होने वाली कीमत वृद्धि से ऑर्डर की मात्रा में कमी आने की संभावना है क्योंकि ग्राहक अधिक लागत-प्रभावी विकल्प तलाशेंगे, या खरीदारी में देरी करेंगे, जिससे प्रयोक्ता उद्योग के व्यवसाय और ऑर्डर बुकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

vii. गाइड रेल में सटीकता की कमी, उत्पाद की कथित सुरक्षा और विश्वसनीयता को कम करके, लिफ्ट जैसे तैयार उत्पादों की बिक्री पर नकारात्मक प्रभाव डालेगी। इससे कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँच सकता है और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण बिक्री में गिरावट आ सकती है।

viii. 2024 में, लगभग 1,18,000 एलिवेटर इकाइयाँ बेची गईं, जिनमें असंगठित क्षेत्र का योगदान लगभग 38,000 इकाइयों का था, जो 30% बाजार हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करता है।

ix. एलिवेटर उद्योग में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है क्योंकि बाजार का 30% हिस्सा असंगठित क्षेत्र के लिए खुला है। जहाँ शीर्ष 8 कंपनियाँ अधिकांश बड़े ऑर्डर हासिल कर लेती हैं, वहीं असंगठित व्यापारियों को बाजार के अपेक्षाकृत छोटे हिस्से के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए छोड़ दिया जाता है।

x. असंगठित क्षेत्र के व्यापारी अक्सर न्यूनतम मार्जिन पर, कभी-कभी ब्रेक-ईवन या घाटे पर, केवल परियोजनाओं को सुरक्षित करने और कुशल जनशक्ति को बनाए रखने के लिए काम करते हैं, जो अन्यथा बड़े प्रतिस्पर्धियों द्वारा लूटे जाने के लिए सुभेद्य होते हैं।

xi. विशिष्ट डिज़ाइन सीमाओं के कारण असंगठित क्षेत्र खोखले गाइडरेल का उपयोग करने में असमर्थ है।

xii. सवेरा इंडिया अपने अधिकृत वितरक, जुपिटर एंटरप्राइजेज के माध्यम से केवल बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़ी फर्मों को आपूर्ति करता है। परिणामस्वरूप, जुपिटर द्वारा छोटे स्थानीय खरीदारों को दी जाने वाली कीमतें, मात्रा-आधारित सौदेबाजी की शक्ति वाली बड़ी कंपनियों द्वारा बातचीत की गई कीमतों से काफी अधिक होती हैं।

xiii. एलिवेटर उद्योग तेज़ी से फैल कर रहा है, जो बुनियादी ढाँचे की गतिविधियों में तेज़ी से वृद्धि का कारण है। बड़ी कंपनियाँ भी अपनी बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयास में, पारंपरिक रूप से असंगठित क्षेत्र द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले क्षेत्रों, जैसे छोटी इमारतें, विला और कम गति वाले लिफ्ट, में प्रवेश कर रही हैं।

xiv. एक परिदृश्य में, शीर्ष पाँच कंपनियाँ पाटन-संबंधी लागतों को वहन कर सकती हैं और सवेरा चाइना जैसे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से लेना जारी रख सकती हैं। इस बीच, अतिरिक्त मालसूची का सामना कर रहे घरेलू गाइडरेल निर्माता, ज्यूपिटर एंटरप्राइजेज के माध्यम से उत्पादों को बेच सकते हैं, जो मुख्य रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बेचते हैं, जिससे असंगठित क्षेत्र के लिए कीमतें बढ़ जाती हैं।

xv. एक अन्य परिदृश्य में, किसी बड़ी कंपनी और एकमात्र घरेलू गाइडरेल विनिर्माता के बीच रणनीतिक गठजोड़ असंगठित कंपनियों को महंगे आयात पर पूरी तरह निर्भर रहने के लिए मजबूर कर सकता है। अगर सवेरा को बीआईएस प्रमाणन मिल जाता है, तो वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं तक पहुँच न पाने वाली छोटी फर्मों को बंद करना पड़ सकता है, जिसका मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं, खासकर वरिष्ठ नागरिकों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा, जो किफायती एलिवेटर समाधानों पर निर्भर हैं।

xvi. असंगठित क्षेत्र को दोनों ही परिदृश्यों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। समान अवसर के बिना, ये कंपनियां अलाभकारी हो जाएंगी, जिसके परिणामस्वरूप बंद हो जाएंगी, बड़े पैमाने पर बेरोजगारी पैदा होगी, तथा मौजूदा एलिवेटर प्रणालियों की सर्विसिंग और रखरखाव में व्यवधान उत्पन्न होगा।

ट.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

189. घरेलू उद्योग ने घरेलू उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. पाटनरोधी शुल्क (एडीडी) का उद्देश्य भारतीय बाजार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थिति स्थापित करने के लिए पाटन की अनुचित व्यापार परिपाटियों से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को समाप्त करना है, जो देश के सामान्य हित में है।

ii. पाटनरोधी शुल्क (एडीडी) लगाने से संबद्ध देश से आयात प्रतिबंधित नहीं होता है। यद्यपि पाटनरोधी शुल्क भारत में उत्पाद के कीमत स्तरों को प्रभावित कर सकता है, परंतु इससे निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा में कमी नहीं आएगी। इसके बजाय, यह पाटन के माध्यम से अनुचित लाभ प्राप्त करने से रोकेगा,

घरेलू उद्योग को और अधिक गिरावट से बचाएगा, और यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ताओं को संबद्ध सामानों के लिए विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुँच प्राप्त हो।

iii. विचाराधीन उत्पादक के अंतिम उत्पाद अर्थात एलिवेटरों में एक छोटा घटक है। इस प्रकार, यदि शुल्क लगाया जाता है, तो अंतिम उत्पाद की लागत और कीमत पर इसका कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा।

iv. विचाराधीन उत्पाद का उपयोग लिफ्टों और एलिवेटरों की स्थापना में किया जाता है। इन उत्पादों में विचाराधीन उत्पाद की लागत आमतौर पर उनकी कुल लागत का 5-10% होती है, जो भार वहन क्षमता और सेवा प्रदान की गई मंजिलों की संख्या जैसे कारकों पर निर्भर करती है।

v. लिफ्टों और एलिवेटरों की बिक्री कीमत पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव की विस्तृत गणना प्रदान की गई है। यह प्रभाव नगण्य है, ठोस गाइड रेल 0.03% और खोखली गाइड रेल 0.02% तक कीमत को प्रभावित करती हैं।

vi. कुछ हितबद्ध पक्षकारों, जैसे जॉनसन, कोन और ओटीआईएस, ने तैयार एलिवेटरों/लिफ्टों पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव की सूचना दी है, जो 0.1% के न्यूनतम प्रभाव को दर्शाता है। चूँकि एलिवेटर/लिफ्ट पूँजीगत सामान हैं, अत: उत्पादों के उपयोगी जीवन पर शुल्क के प्रभाव पर विचार किया जाना चाहिए।

ट.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

190. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्कों का प्राथमिक उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापारिक परिपाटियों से घरेलू उद्योग को हुई क्षति की भरपाई करना है, जिससे भारतीय बाजार में खुली और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा का माहौल बने। यह केवल एक नियामक उपाय नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय हित का मामला है। पाटनरोधी उपायों को लागू करने का उद्देश्य संबद्ध देश से आयातों में मनमाने ढंग से कटौती करना नहीं है। बल्कि, यह समान अवसर सुनिश्चित करने की एक व्यवस्था है। प्राधिकारी स्वीकार करते हैं कि पाटनरोधी शुल्कों के जारी रहने से भारत में उत्पाद के कीमत स्तर प्रभावित हो सकते हैं। तथापि, यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि भारतीय बाजार उचित प्रतिस्पर्धा का सार उन उपायों को लगाने से अक्षुण्ण रहेगा। घटती हुई प्रतिस्पर्धा से अलग पाटनरोधी उपायों को लगाने से पाटन परिपाटियों के माध्यम से अनुचित लाभ अर्जित होने से रोकने में मदद मिलती है। यह संबद्ध सामानों के व्यापक चयन तक उपभोक्ताओं की पहुँच को सुरक्षित रखता है। इस प्रकार, पाटनरोधी शुल्क निष्पक्ष व्यापार परिपाटियों में बाधा नहीं बल्कि सहायक हैं।

191. प्राधिकारी ने आयातकों, प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों से विचार आमंत्रित करते हुए, जांच की शुरुआत की अधिसूचना जारी की। घरेलू उद्योग, उत्पादकों/निर्यातकों और आयातकों/प्रयोक्ताओं/उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों को वर्तमान जांच से संबंधित संगत सूचना प्रदान करने की अनुमति देने के लिए एक आर्थिक हित प्रश्नावली भी निर्धारित की गई थी, जिसमें उनके प्रचालनों पर पाटनरोधी शुल्क के संभावित प्रभाव भी शामिल हैं।

192. प्राधिकारी ने इस बात पर विचार किया है कि क्या पाटनरोधी शुल्क लगाने से जनता के हित पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ऐसे प्रभाव का निर्धारण करने के लिए, प्राधिकारी ने भारतीय बाजार में सामानों की उपलब्धता पर शुल्क लगाने के प्रभाव, उत्पाद के प्रयोक्ताओं के साथ-साथ घरेलू उद्योग पर प्रभाव और आम जनता पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन किया। यह निर्धारण वर्तमान जांच के दौरान प्रस्तुत किए गए अनुरोधों और साक्ष्यों पर आधारित है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि उपलब्धता कम होने का कोई कारण नहीं है।

193. प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के कारण आयात में संभावित कमी के संबंध में कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाई गई आशंकाओं की सावधानीपूर्वक जांच की। प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसे शुल्क संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के निरंतर आयात को बाधित नहीं करते हैं। आयात जारी रह सकते हैं, बशर्ते वे उचित, गैर-पाटित कीमतों पर किए जाएं।

194. एमएसएमई एलिवेटर निर्माता कंपनियों द्वारा स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक अभ्यावेदन दायर किया गया था और वह प्राधिकारी को 13 मई, 2025 को प्राप्त हो गया था। अभ्यावेदन में, उक्त उत्पादकों ने खुद को असंगठित क्षेत्र से होने का दावा किया था। यह नोट किया जाता है कि इन कंपनियों ने न तो अधिसूचित समय-सीमा के भीतर डीजीटीआर के साथ पंजीकरण कराया और न ही उन्होंने जांच के दौरान डीजीटीआर से संपर्क किया। तथापि, जांच शुरू होने की तारीख से 11 महीने की समाप्ति के बाद, उनके द्वारा पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने का विरोध करते हुए एक अभ्यावेदन दायर किया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि असंगठित क्षेत्र के एलिवेटर

निर्माताओं द्वारा दायर ये अनुरोध विलंबित हैं और इन्हें घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा नहीं किया गया है। इसके बावजूद, प्राधिकारी ने उनके अनुरोधों पर विचार किया है।

195. प्राधिकारी ने नोट किया है कि भारतीय बाजार में संबद्ध सामानों की उपलब्धता शुल्क लगाए जाने से प्रभावित नहीं होगी। इस उपाय की उपचारात्मक प्रकृति यह सुनिश्चित करती है कि आयात, जब क्षतिरहित परिस्थितियों में किए जाते हैं, तो बेरोकटोक जारी रहेंगे। प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि इस हस्तक्षेप से निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के सिद्धांतों को नुकसान नहीं पहुँचता है। बल्कि, शुल्क लगाने से पाटित आयातों के कारण मौजूदा बाजार विकृति में सुधार होता है, जिससे न्यायसंगत प्रतिस्पर्धी स्थितियाँ बहाल होती हैं। घरेलू और आयातित दोनों प्रकार की वस्तुएँ सह-अस्तित्व में बनी रहेंगी, जिससे उपभोक्ता की पसंद सुरक्षित रहेगी और स्वस्थ बाजार गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा।

196. शुल्क लगाए जाने के कारण लिफ्टों की लागत में संभावित वृद्धि के संबंध में कुछ हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाई गई चिंताएँ। इन चिंताओं का मूल्यांकन घरेलू उद्योग और विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत विस्तृत लागत आंकड़ों और अनुभवजन्य साक्ष्य के आलोक में किया गया है। यह देखा गया है कि पीयूसी लिफ्टों की समग्र लागत संरचना का एक सीमित हिस्सा है, जो आम तौर पर 5% से 10% के बीच होता है, जो भवन की ऊंचाई और तकनीकी विनिर्देशनों जैसी विभिन्न बातों पर निर्भर करता है। घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराया गया मात्रात्मक मूल्यांकन यह दर्शाता है अंतिम एलिवेटर कीमत निर्धारण पर शुल्क का प्रभाव सॉलिड गाइड रेल के मामले में मामूली 0.03% और होलो गाइड रेल के मामले में 0.02% है। इन आंकड़ों की पुष्टि जॉनसन, कोन और ओटीआईएस जैसे हितबद्ध पक्षकारों के उत्तरों से होती है, जिन्होंने तैयार एलिवेटर पर केवल 0.1% का लागत प्रभाव बताया है।

197. इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एलिवेटर, लंबे प्रचालनात्मक जीवन-काल वाले पूंजीगत सामानों के होने के कारण, समय के साथ परिशोधित होने पर ऐसे सीमांत लागत परिवर्तन नगण्य हो जाते हैं। इस प्रकार, अंतिम उपभोक्ताओं पर किसी भी महत्वपूर्ण प्रभाव की आशंका का अनुभवजन्य समर्थन नहीं है और रिकॉर्ड में उपलब्ध सामग्री से इसकी पुष्टि नहीं होती है।

ठ. <u>प्रकटन पश्चात टिप्पणियां</u>

ठ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

198. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. जांच की अवधि के दौरान संबद्ध देश से आयातों में वृद्धि, समग्र घरेलू मांग में वृद्धि से अधिक रही, जिससे पता चलता है कि आयातों ने केवल अतिरिक्त बाजार मांग को पूरा किया और घरेलू उद्योग की बिक्री को प्रभावित नहीं किया या मात्रा-आधारित क्षति नहीं पहुँचाई।

ii. केवल आयातों को वास्तविक क्षति का कारण बताने से क्षमता विस्तार, उच्च ब्याज और मूल्यह्रास लागत और समष्टि आर्थिक स्थितियों जैसे अन्य कारणात्मक कारकों की अनदेखी होती है, जिसके लिए नियम 11(2) के अंतर्गत उचित गैर-आरोपण विश्लेषण की आवश्यकता होती है।

iii. दावा किए गए प्रतिकूल कीमत प्रभाव आंतरिक लागतों द्वारा बढ़ाए गए विकृत निवल बिक्री प्राप्ति आंकड़ों पर आधारित हैं, जिनमें असंगत कटौती प्रवृत्तियाँ आयातों से होने वाली क्षति के बजाय घरेलू उद्योग के कीमत निर्धारण में अदक्षताओं को दर्शाती हैं।

iv. आधार वर्ष से जांच की अवधि तक घरेलू उद्योग का रोजगार 62% और मजदूरी परिव्यय 68% बढ़ा, जो आयातों से होने वाले संकट के बजाय व्यावसायिक वृद्धि, प्रचालनात्मक स्केलिंग और वित्तीय आत्मविश्वास को दर्शाता है। ये सकारात्मक रुझान वास्तविक क्षति के आरोप को कमज़ोर करते हैं।

v. केवल पाटित आयातों को क्षति का कारण बताना नियम 11(2) और अनुबंध II के तहत "अन्य कारकों" की अनदेखी करता है, जिसमें क्षमता विस्तार, बढ़ा हुआ ब्याज और मूल्यह्रास लागत और कोविड-19 व्यवधान शामिल हैं; उचित गैर-आरोप विश्लेषण के बिना, कारणात्मक संपर्क अप्रमाणित रहता है।

vi. गोपनीयता के प्रति प्राधिकारी का दृष्टिकोण अस्पष्ट है और इसमें पारदर्शिता का अभाव है, क्योंकि इसने पहले आपत्तियों को प्रक्रियात्मक रूप से अस्वीकार्य माना और फिर स्पष्ट तर्क के बिना "जहाँ भी आवश्यक हो" कुछ दावों को स्वीकार कर लिया।

vii. प्रयोक्ताओं पर शुल्क लगाने के प्रभाव को पर्याप्त रूप से हल नहीं किया गया है, यह देखते हुए कि उच्चतर लागतें निर्माण, परिवहन और विनिर्माण जैसे उद्योगों को प्रभावित कर सकती है, साथ ही गाइड रेल में कम सटीकता के कारण एलिवेटर सुरक्षा से समझौता कर सकती है।

viii. घरेलू उद्योग के वित्तीय आंकड़ों में सिद्ध आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के अभाव के कारण विश्वसनीयता का अभाव है, जैसा कि वित्त वर्ष 2020-21 से 2022-23 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों में बार-बार उजागर किया गया है। यह कमी वित्तीय विवरणों की विश्वसनीयता को कम करती है और क्षति के आकलन को प्रभावित करती है।

ix. घरेलू उद्योग ने ब्याज व्यय और प्रचालनात्मक लागतें बढ़ाने के लिए जानबूझकर अतिरिक्त उधार लिया है, जिससे कृत्रिम क्षति हुई है। इस तरह के उधार, जैसा कि लेखा परीक्षक के राय देने में असमर्थता के बयान में उल्लेख किया गया है, कृत्रिम रूप से खर्चों को बढ़ाते हैं, संभावित रूप से कर योग्य आय को कम करते हैं और संबद्ध देश से आयात से असंबद्ध वित्तीय संकट की भ्रामक तस्वीर पेश करते हैं।

x. चीन के अभिगम संबंधी डब्ल्यूटीओ नयाचार के तहत 11 दिसंबर 2016 से "प्रतिनिध देश" पद्धति का उपयोग कानूनी आधार के बिना है और अनुरोध करता है कि पाटन मार्जिन की गणना प्रतिनिधि देश दृष्टिकोण का उपयोग करने के बजाय निर्यातक के स्वयं के आंकड़े के आधार पर की जाए।

xi. डीजीटीआर आवश्यक तथ्यों का खुलासा करने में विफल रहा, जिसमें पीसीएन-वार निर्यात कीमत, पहुँच कीमत, विस्तृत सामान्य मूल्य गणना और क्षतिरहित कीमत शामिल हैं, जिससे वूशी कोएनिग की पाटन मार्जिन का मूल्यांकन करने और डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 6.9 के अनुसार अपने हितों की रक्षा करने की क्षमता सीमित हो गई।

xii. प्राधिकारी ने प्रत्येक पीसीएन के लिए पाटन और क्षति मार्जिन की गणना नहीं की, जिससे पीसीएन वर्गीकरण प्रक्रिया अप्रभावी हो गई और क्षति विश्लेषण की सटीकता कम हो गई।

xiii. वूशी कोएनिग एलेवेटर एक्सेसरीज कंपनी लिमिटेड के लिए निर्यात कीमत के प्राधिकारियों के निर्धारण में बंदरगाह से संबंधित खर्चों को छोड़ दिया गया है और अनुरोध किया गया है कि अंतिम निर्धारण में इसकी समीक्षा की जाए और इसे स्पष्ट किया जाए।

xiv. उत्पादक/निर्यातक का अनुरोध है कि जांच की अवधि के दौरान भारत को पीयूसी का निर्यात मात्रा में नगण्य, प्रकृति में छिटपुट था और केवल वैध उद्देश्यों जैसे बेंचमार्किंग, पुनर्रचना और ग्राहक-विशिष्ट तकनीकी मानकों से अनुरूपता के लिए किया गया था। ये निर्यात न तो वाणिज्यिक पैमाने पर आपूर्ति के लिए थे और न ही घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति पहुँचाने में सक्षम थे। तदनुसार, यह अनुरोध किया जाता है कि सूज़ौ सवेरा शांगवु एलिवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी

लिमिटेड और तियानजिन सवेरा एलिवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड को वर्तमान पाटनरोधी जाँच के क्षेत्र से बाहर रखा जाए।

xv. विश्व स्तरीय विनिर्माण, लागत-नियंत्रण क्षमताओं और प्रमुख भारतीय भागीदारों के साथ स्थिर संबंधों वाला एक चीन-इतालवी संयुक्त उद्यम, माराज़ी, कम कीमत पर पाटन किए बिना गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करता है। फिर भी, प्रकटन विवरण में इसे 40%-50% पाटन मार्जिन दिया गया है, जो झेजियांग बोनली जैसे प्रतिस्पर्धियों से अधिक है, और इसके प्रचालनात्मक रिकॉर्ड, कीमत निर्धारण परिपाटियों और बाजार आचरण के आलोक में सावधानीपूर्वक पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है।

xvi. कच्चे माल की कीमतों में अस्थिरता एक वस्तुनिष्ठ, उद्योग-व्यापी कारक है जो सभी चीनी निर्यातकों को प्रभावित करता है। यह अनुरोध किया जाता है कि प्राधिकारी को सटीकता सुनिश्चित करने और समय के अंतर से होने वाली विकृतियों को रोकने के लिए मासिक औसत कच्चे माल की लागत या निर्यात कीमतों पर पाटन मार्जिन की गणना करनी चाहिए थी।

xvii. कुछ निर्यातक क्रॉस-सेक्शनल मापदंडों को कम कर देते हैं, उत्पाद का वजन कम करते हुए भी वही सीमा शुल्क भार घोषित करते हैं, जिससे प्रति टन परिकलित मूल्य बढ़ जाता है और उनका पाटन मार्जिन कम हो जाता है। अनुरोध है कि प्राधिकारी ऐसे विनिर्देशन परिवर्तनों की जाँच करे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मार्जिन निर्धारण वास्तविक गुणवत्ता और मापदंडों को सटीक रूप से दर्शाते हैं।

xviii. कुछ निर्यातकों ने हल्के विकल्प मॉडल पेश किए हैं, जिससे सुरक्षा कमज़ोर हो रही है और भार-आधारित पाटन मार्जिन गणनाएँ विकृत हो रही हैं। अनुरोध है कि प्राधिकारी बाज़ार की निष्पक्षता और सार्वजनिक अवसंरचना उत्पादों की गुणवत्ता की रक्षा के लिए ऐसे उत्पाद डाउनग्रेड को ध्यान में रखे।

xix. प्रमुख कच्चे माल की आयात कीमतों में गिरावट, उद्योग-व्यापी इस्पात की कीमतों में नरमी के अनुरूप है, जैसा कि सीसीसीएमई द्वारा स्वीकार किया गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में 17.90% की गिरावट और वित्त वर्ष 2024-25 में 1.30% की मामूली वृद्धि दर्शाने वाले खरीद आँकड़े सामान्य बाज़ार प्रवृत्तियों को दर्शाते हैं, न कि निरंतर पाटन अथवा कीमत कटौती को।

xx. कुछ हितबद्ध पक्षकार यह अनुरोध करते हैं कि प्रकटन विवरण में मालसूची समायोजन वास्तविक बाज़ार स्थितियों को नहीं दर्शाता है, क्योंकि मालसूची स्तर और लागत विभिन्न वाणिज्यिक और प्रचालनात्मक कारकों द्वारा निर्धारित होते हैं। उनका तर्क है कि लागू समायोजन इन गतिशीलताओं को नज़रअंदाज़ करता है, जिससे क्षति विश्लेषण विकृत हो जाता है।

xxi. पक्षकार का तर्क है कि प्रकटन विवरण में गणना के अनुसार, कम कीमत पर बिक्री का निर्धारण वास्तविक बाजार कीमतों के अनुरूप नहीं है। उनका कहना है कि इस्तेमाल की गई कार्यप्रणाली क्षति मार्जिन को बढ़ाती है और घरेलू बाजार में प्रचलित लेनदेन मूल्यों के अनुरूप नहीं है।

xxii. 25%-70% पाटन मार्जिन रेंज खरीद प्रवृत्तियों के अनुरूप नहीं है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.90% की गिरावट और उसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 में 1.30% की वृद्धि दर्शाती है। अधिकतर रेल प्रकारों के लिए भारित औसत कीमतें स्थिर हो गई हैं या बढ़ गई हैं, जो निरंतर कटौती की बजाय चक्रीय लागत-आधारित संचलन को दर्शाते हैं।

xxiii. घरेलू उद्योग को कथित क्षति संबंधित आयातों के अलावा कई अन्य कारकों के कारण है, जैसे कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, प्रचालनात्मक निर्णय और लागत संरचनाएं। उनका दावा है कि इन कारकों ने क्षति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कारण विश्लेषण में इन पर उचित रूप से विचार किया जाना चाहिए।

xxiv. 19 नवंबर 2024 की अंतिम पीयूसी/पीसीएन अधिसूचना और प्रकटन विवरण के बीच विसंगतियां मौजूद हैं, क्योंकि शुरू में शामिल कुछ मॉडलों (जैसे, टीके2ए और टीके3ए) पर ध्यान नहीं दिया गया है, जबकि अधिसूचित क्षेत्र से बाहर के अन्य मॉडलों जैसे एसटी89-1बी को विश्लेषण में शामिल किया गया है।

xxv. अंतिम उपाय, यदि लागू किया जाता है, तो उसे भविष्य में लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि पूर्वव्यापी आवेदन पिछले अनुबंधों को अनुचित रूप से प्रभावित करेगा, परियोजना अर्थशास्त्र को विकृत करेगा और निचले स्तर के क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाएगा।

xxvi. बोनली के पाटन मार्जिन या क्षति मार्जिन को, यदि संशोधित किया जाता है, तो टिप्पणी प्रदान करने के अवसर के साथ एक नया प्रकटन किया जाना चाहिए।

ठ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

199. घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:-

i. पीयूसी एक मानकीकृत उत्पाद नहीं है और इसका कारोबार "संख्याओं, "सेटों" या "किलोग्रामों" सहित माप की कई इकाइयों में होता है। घरेलू उद्योग के साथ-साथ चीन के निर्यातक भी "संख्याओं" और "सेटों" में बीजक जारी करते हैं। इस प्रकार, निश्चित शुल्क दरें अव्यावहारिक हो जाती हैं और कम भुगतान का

जोखिम बढ़ जाता है। उत्पाद की तकनीकी विविधताओं, सीमा शुल्क के लिए प्रशासनिक कठिनाइयों और प्राधिकारी की पिछली परिपाटियों को देखते हुए, अनुरोध है कि शुल्क की सिफारिश यथामूल्य आधार पर की जाए।

ii. बोन्ली का क्षति मार्जिन (0%-10%) उसके पाटन मार्जिन (25%-35%) से काफी कम है और अन्य निर्यातकों के मार्जिन से कहीं कम है। बोन्ली की भारी उत्पादन क्षमता, जांच की अवधि के बाद निर्यात कीमतों में कमी और आयात में वृद्धि के जोखिम को ध्यान में रखते हुए, घरेलू उद्योग प्राधिकारी से बोन्ली के आंकड़ों की पुनः जांच करने का अनुरोध करता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शुल्क अपने उपचारात्मक उद्देश्य को पूरा करता है।

ठ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

200. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोधों की जांच की है और नोट करते हैं कि कई अनुरोध पुनरावृत्ति के हैं जिनकी पहले ही उपयुक्त रूप से जांच की जा चुकी है और अंतिम जांच परिणामों के संगत पैराओं में पर्याप्त रूप से हल किए गए है। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन पश्चात टिप्पणियों/अनुरोधों में पहली बार उठाए गए और प्राधिकारी द्वारा संगत माने गए मुद्दों की नीचे जांच की गई है।

201. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश से आयातों में वृद्धि समग्र घरेलू मांग में वृद्धि से अधिक थी, जिससे घरेलू उद्योग की बिक्री को सिद्ध किए बिना या मात्रा-आधारित क्षति का कारण बने बिना केवल अतिरिक्त बाजार मांग को पूरा किया गया, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि क्षति अवधि के दौरान बाजार मांग में वृद्धि हुई, चीन जन.गण. से आयातों में वृद्धि पर्याप्त थी और घरेलू उद्योग की बिक्री में वृद्धि से कहीं अधिक थी। देश में पर्याप्त मांग के बावजूद, घरेलू उद्योग का क्षमता उपयोग काफी कम रहा, जो पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण विस्तारित बाजार से पूरी तरह लाभ उठाने में इसकी असमर्थता को दर्शाता है। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि घरेलू बिक्री 100 से बढ़कर 144 हो गई, जबकि चीन जन.गण. से आयात 100 से बढ़कर 192 हो गया, जो आयात में असमानुपातिक वृद्धि को दर्शाता है। यह पैटर्न घरेलू उद्योग के स्पष्ट विस्थापन को

दर्शाता है, क्योंकि बढ़ते बाजार में पाटित आयातों के बढ़ते हिस्से ने मांग को ले लिया है जिसे घरेलू उत्पादकों द्वारा पूरा किया जा सकता था, जिससे वास्तविक क्षति हुई है।

202. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि केवल आयातों को वास्तविक क्षति का कारण बताने से क्षमता विस्तार, उच्च ब्याज और मूल्यह्रास लागत, व्यापक आर्थिक स्थिति और कोविड-19 व्यवधानों के अवशिष्ट प्रभाव जैसे अन्य कारणात्मक कारकों की अनदेखी होती है, इसलिए नियम 11(2) के तहत उचित गैर-आरोपण विश्लेषण की आवश्यकता होती है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने इन पहलुओं पर विधिवत विचार किया है और वर्तमान जांच में पहले ही एक विस्तृत गैर-आरोपण विश्लेषण किया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग का वित्तीय निष्पादन जांच की अवधि में पीबीआईटी और लागत लाभ में ब्याज और मूल्यह्रास लागतों में तथाकथित वृद्धि के बावजूद गिरावट दर्शाता है। विशेष रूप से, पीबीआईटी 2021-22 में ***लाख रुपये से गिरकर जांच की अवधि में *** लाख रुपये हो गया, और इसी अवधि में नकद लाभ *** लाख रुपये से घटकर *** लाख रुपये हो गया, जो दर्शाता है कि गिरावट उच्च वित्तीय शुल्कों के बजाय पाटित आयातों के प्रभाव से जुड़ी है। इसके अतिरिक्त, जांच की अवधि एक गैर-कोविड अवधि है, निष्पादन में गिरावट को कोविड-19 के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। घरेलू उद्योग परिपक्व उत्पादन प्रक्रियाओं और स्थापित ग्राहक नेटवर्क के साथ संबद्ध वस्तुओं का एक स्थापित उत्पादक है। परिणामस्वरूप, किए गए क्षमता विस्तार के लिए नए प्रवेशकों के लिए विशिष्ट जेस्टेशन या स्थिरीकरण अवधि की आवश्यकता नहीं होती है और इससे हुई क्षति की व्याख्या नहीं होती है। तदनुसार, न तो बढ़ी हुई वित्तीय लागतें और न ही क्षमता विस्तार और न ही कोई अवशिष्ट कोविड-19 प्रभाव पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई वास्तविक क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क को तोड़ते हैं।

203. हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि कर्मचारियों की संख्या, प्रति कर्मचारी उत्पादन और मजदूरी सभी में वृद्धि हुई है, जो क्षति अवधि के दौरान एक सकारात्मक प्रवृत्ति दर्शाती है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने ऐसे मापदंडों के आधार पर क्षति का दावा नहीं किया है।

204. हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि प्रकटन विवरण में गोपनीयता विश्लेषण विरोधाभासी है, क्योंकि यह पहले गोपनीयता संबंधी आपत्तियों को देरी से दायर किए जाने के कारण प्रक्रियात्मक रूप से अस्वीकार्य घोषित करता है, लेकिन फिर गोपनीयता संबंधी दावों को स्वीकार करता है और उनकी जांच करता है, जिससे कथित रूप से निष्कर्ष अस्पष्ट, अपारदर्शी और प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन करने वाला हो जाता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों की यह व्याख्या गलत है। प्रक्रियात्मक अस्वीकार्यता केवल देर से दायर की गई आपत्तियों पर लागू होती है, जबकि नियम 7 के तहत प्राधिकारी को गोपनीयता के दावों का उनके गुण-दोष के आधार पर आकलन करने का स्वतंत्र रूप से अधिकार प्राप्त है। जांच के दूसरा भाग इस पृथक सांविधिक समीक्षा को दर्शाता है, जिसमें गोपनीयता को केवल वहीं स्वीकार किया गया जहाँ इसकी आवश्यकता थी और जहाँ भी संभव हो, पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर दिए गए थे। तदनुसार, प्राधिकारी के जांच परिणामों में कोई विरोधाभास नहीं है।

205. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कुछ हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत वित्तीय आंकड़ों की विश्वसनीयता पर इस आधार पर प्रश्न उठाए हैं कि हाल के वर्षों की सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों में कमियाँ दर्ज की गई हैं। इस संबंध में, प्राधिकारी का मानना है कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाना चाहिए। सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा उल्लिखित किए गए ऐसे नियंत्रणों में कोई भी कमज़ोरी, उन प्रणालियों और प्रक्रियाओं से संबंधित है जिनके माध्यम से वित्तीय सूचना संकलित की जाती है, और विसंगतियों या धोखाधड़ी को रोकने और उनका पता लगाने के लिए अभिप्रेत तंत्रों से संबंधित है। इन टिप्पणियों के बावजूद, लेखा परीक्षक ने कंपनी के वित्तीय परिणामों पर कोई प्रतिकूल राय जारी नहीं की है, बल्कि एक सही रिपोर्ट जारी की है। ऐसी रिपोर्ट यह दर्शाती है कि कुछ गलत विवरण या सीमाएँ नोट की गई थीं, हालाँकि, इन्हें समग्र वित्तीय विवरणों को बदलने के लिए नहीं माना गया था, और लेखा परीक्षक ने पहचाने गए मुद्दों "को छोड़कर" अपनी राय व्यक्त की है। प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि इस जाँच में प्रस्तुत वित्तीय सूचना की प्राधिकारी द्वारा स्वयं स्वतंत्र रूप से जाँच की गई है। इसलिए, आंतरिक नियंत्रणों से संबंधित लेखापरीक्षा टिप्पणियों के आधार पर घरेलू उद्योग के वित्तीय अनुरोधों को बदनाम करने के प्रयास काल्पनिक

हैं। वास्तविक त्रुटि या गलतबयानी के किसी भी पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में, प्राधिकारी प्रस्तुत वित्तीय आँकड़ों को विश्वसनीय और भरोसेमंद मानते हैं।

206. कुछ हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने जानबूझकर अतिरिक्त उधारी ली, जिससे "कृत्रिम क्षति" पैदा करने की एक सोची-समझी रणनीति के रूप में उसके ब्याज व्यय और अन्य प्रचालनात्मक लागतें बढ़ गईं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ये उधारी 2023 में नई मशीनरी की स्थापना सहित वैध पूंजी विस्तार गतिविधियों का समर्थन करने के लिए सामान्य व्यावसायिक क्रम में लिए गए थे। जाँच अवधि में हुई हानियां यह सिद्ध करती हैं कि पाटित आयातों से प्रतिकूल कीमत निर्धारण दबाव के कारण ऐसे निवेश आय में परिवर्तित नहीं हुए हैं। अत:, यह तर्क कि उधारी का उद्देश्य कर से बचना या क्षति में हेरफेर करना था, पूरी तरह से निराधार है।

207. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि 19 नवंबर 2024 की अंतिम पीयूसी/पीसीएन अधिसूचना और प्रकटन विवरण के बीच विसंगतियां हैं, इस आधार पर कि आरंभ में शामिल कुछ मॉडलों (जैसे टीके2ए और टीके3ए) को प्रकटन विवरण में हल नहीं किया गया है, जबकि अधिसूचित क्षेत्र से बाहर के अन्य मॉडलों (जैसे एसटी89-1बी) को प्रकटन विवरण में शामिल किया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि अंतिम पीयूसी/पीसीएन अधिसूचना में स्पष्ट रूप से "अन्य" शीर्षक वाली एक अलग श्रेणी शामिल की गई है। इसमें प्रदान किए गए पीसीएन प्रकृति में सांकेतिक थे और उनका उद्देश्य केवल वर्तमान जांच के संदर्भ में पीयूसी की सटीक और निष्पक्ष तुलना को सुगम बनाना था। ये उदाहरण सभी उत्पाद श्रेणियों की संपूर्ण गणना नहीं करते थे। सॉलिड गाइड रेल और होलो गाइड रेल दोनों के लिए "अन्य" श्रेणी का समावेश यह सुनिश्चित करने के लिए एक जानबूझकर और तर्कपूर्ण उपाय था कि कोई भी श्रेणी स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध नहीं है, परंतु विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में आने से, विश्लेषण में विधिवत लिया गया था। इस प्रकार, उठाए गए तर्क पूरी तरह से निराधार और केवल काल्पनिक थे।

208. कच्चे माल की कीमत में अस्थिरता और मासिक मार्जिन गणना के मुद्दे के संबंध में, प्राधिकारी ने यह पाया कि जांच के दौरान किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने मासिक

मार्जिन गणना का मामला नहीं उठाया। चूंकि इस मुद्दे का उल्लेख केवल प्रकटन पश्चात टिप्पणियों में किया गया था और ऐसी गणनाओं का समर्थन करने के लिए आवश्यक आंकड़ों का अभाव है, इसलिए प्राधिकारी ने निष्कर्ष निकाला है कि मासिक मार्जिन गणना नहीं अपनाई जा सकती।

209. इस चिंता के संबंध में कि प्राधिकारी ने प्रत्येक पीसीएन के लिए पाटन और क्षति मार्जिन की गणना नहीं की, जिससे पीसीएन वर्गीकरण प्रक्रिया अप्रभावी हो गई और क्षति विश्लेषण की सटीकता कम हो गई, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी ने वास्तव में पीसीएन-वार पाटन और क्षति मार्जिन गणनाएं की हैं। इसके अलावा, प्रकटन विवरण इन पीसीएन-वार मार्जिन के भारित औसत को दर्शाता है।

210. हल्के वजन वाली गाइड रेलों से संबंधित हितबद्ध पक्षों के निवेदनों के संबंध में, प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन अनुभाग के अंतर्गत इस मुद्दे की विस्तार से जांच की है।

211. यथा-मूल्य आधार पर शुल्क की सिफारिश के संबंध में घरेलू उद्योग के अनुरोध के बारे में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पीयूसी और इसका व्यापार माप की कई इकाइयों में होता है, जिनमें "संख्या", "सेट" या "किलोग्राम" शामिल हैं। घरेलू उद्योग के साथ-साथ चीन के निर्यातक भी "संख्या" या "सेट" में बीजक जारी करते हैं। निष्पक्ष तुलना करने के लिए, वर्तमान जाँच के प्रयोजनों के लिए माप की इकाई को भार (किलोग्राम) माना गया है। इसलिए, पाटनरोधी शुल्क की निश्चित दर के परिणामस्वरूप सीमा शुल्क अधिकारियों पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण करने में अनावश्यक बोझ और प्रशासनिक कठिनाई आएगी क्योंकि उन्हें आयातित ज्यामिति के प्रकार के आधार पर प्रत्येक शिपमेंट के भार की गणना करने की आवश्यकता होगी। यह भी संभावना है कि कुछ निर्यातक शिपमेंट का भार निकालने के लिए गलत आयाम घोषित कर दें, जिसके परिणामस्वरूप पाटनरोधी शुल्क का कम भुगतान हो सकता है। यदि कुछ निर्यातक शिपिंग दस्तावेज़ों में वज़न घोषित भी कर देते हैं, तो भी उसकी सटीकता को सत्यापित करने प्रशासनिक रूप से कठिनाई होती है। इसलिए, विचाराधीन उत्पाद की विशिष्टता को ध्यान में रखते हुए, प्राधिकारी यथा-मूल्य आधार पर पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करना उचित समझता है।

ङ. <u>निष्कर्ष एवं सिफारिशें</u>

212. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जांच करने तथा रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि:

i. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद टी-आकार के एलिवेटर/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल हैं, जिन्हें लिफ्ट गाइड रेल भी कहा जाता है। लिफ्ट गाइड रेल दो प्रकार के होते हैं, अर्थात् सॉलिड गाइड रेल और हॉलो गाइड रेल।

ii. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में निम्नलिखित को छोड़कर सभी प्रकार और आयामों के टी-आकार के एलिवेटर/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल शामिल हैं:

   क. कोल्ड-ड्रॉन गाइड रेल: टी65/ए, टी45/ए और टी50/ए कोल्ड-ड्रॉन गाइड रेल के सामान्य नाम हैं (जहां, नाम के अंत में /ए' कोल्ड-ड्रॉ प्रकार को इंगित करता है)।

   ख. बड़े आकार/चौड़ाई की ठोस गाइड रेल, अर्थात् टी114/बी, टी127/बी, टी125/बी और टी140/बी विभिन्न प्रकारों में (अंत में '/बी' या'/बीई' मशीनी प्रकार और गुणवत्ता को दर्शाता है)

   ग. वेल्डेड होलो गाइड रेल।

   घ. पूर्ण लिफ्ट किट के भाग के रूप में आयातित टी-आकार की लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल।

   ङ. टी-आकार की लिफ्ट/लिफ्ट गाइड रेल के सहायक उपकरण जैसे बोल्ट, फिशप्लेट और क्लिप, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में नहीं हैं।

iii. संबद्ध देश से निर्यातित संबद्ध सामान और घरेलू उद्योग द्वारा विनिर्मित वस्तुएँ, पाटनरोधी नियमावली, 1995 के नियम 2(घ) के अनुसार एक-दूसरे के "समान वस्तुएँ" हैं।

iv. भारत में विचाराधीन उत्पाद के कुल घरेलू उत्पादन में अकेले घरेलू उद्योग का हिस्सा 89% है और समर्थक कंपनी का हिस्सा 95% है। इस प्रकार, यह विचाराधीन उत्पाद के भारतीय उत्पादन का अधिकांश हिस्सा है।

v. याचिकाकर्ता द्वारा किए गए आयात कुल भारतीय मांग, कुल घरेलू उत्पादन, कुल आयात और उसके अपने उत्पादन की तुलना में नगण्य हैं, और भारतीय विनिर्माण को समर्थन और संवर्द्धन हेतु वैध कारणों से किए गए हैं।

vi. संबद्ध देश के निर्यातकों के साथ संबंधों के संबंध में, याचिकाकर्ता और संबद्ध चीनी निर्यातक दोनों अपनी व्यावसायिक रणनीतियों को परिभाषित करने और उनका पालन करने में स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं। याचिकाकर्ता भारतीय बाजार

में स्वायत्त रूप से प्रचालन करता है, अपने स्वयं के उत्पादन और बिक्री पर केंद्रित रहता है, उसे पाटन से कोई लाभ नहीं हुआ है, और वह अनुचित व्यापार परिपाटियों के विरुद्ध सक्रिय रूप से निवारण की मांग कर रहा है, जबकि उसे हुई क्षति स्व-प्रभावित नहीं है। इसलिए, आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत अपेक्षित शर्तों को पूरा करता है और आवेदन-पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार स्थिति के आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

vii. संबद्ध सामानों के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत को ध्यान में रखते हुए, संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के लिए पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है, और मार्जिन सकारात्मक और काफी हैं।

viii. संबद्ध सामानों की मांग जांच की अवधि सहित संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान बढ़ी है। आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में संबद्ध सामानों की मांग में 71% की वृद्धि हुई है। भारत में विचाराधीन उत्पाद की लगभग 40% मांग को पूरा करने की क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग की बाजार हिस्सेदारी आधार वर्ष में पहले से ही कम हिस्सेदारी [***] से घटकर [***] हो गई है। घरेलू उद्योग उत्पादन का इष्टतम स्तर हासिल करने में असमर्थ रहा है।

ix. संबद्ध आयातों की पहुंच कीमतों में जांच की अवधि में तेजी से गिरावट आई है और वे घरेलू उद्योग की कच्चे माल की लागत से कम हैं, जिसके परिणामस्वरूप संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान सकारात्मक और काफी कीमत कटौती हुई है। घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, नकद लाभ, पीबीआईटी और नियोजित पूंजी पर आय में 2021-22 को छोड़कर संपूर्ण क्षति अवधि के दौरान गिरावट देखी गई। आधार वर्ष में लाभ जांच की अवधि में घाटे में बदल गया।

x. पाटित आयातों के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है। क्षति मार्जिन काफी है।

xi. पाटनरोधी शुल्क लगाने से ग्राहकों के लिए उत्पाद की उपलब्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

213. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरु की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित की गई थी तथा पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के पहलू पर सकारात्मक सूचना प्रदान करने के लिए घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया था। पाटनरोधी नियमावली के तहत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में जांच शुरु करने और जांच करने पर प्राधिकारी का यह मत है कि पाटन और क्षति को दूर

करने के लिए शुल्क लगाए जाने की आवश्यकता है। अत: प्राधिकारी इसे आवश्यक समझते हैं और संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं।

214. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी नियमावली के नियम 4(घ) के साथ पठित नियम 17(1)(ख) में निहित प्रावधानों के अनुसार पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन से कमतर के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त की जा सके। तद्नुसार, प्राधिकारी निम्नलिखित शुल्क तालिका के कॉलम 7 में दर्शाए गए अनुसार सामानों की सीआईएफ कीमत के प्रतिशत के रूप में, केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख पांच वर्षों की अवधि के लिए चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश करते हैं।

<u>शुल्क तालिका</u>

क्र.सं.	**उप शीर्ष या प्रशुल्क मद***	**सामानों का विवरण**	**मूल देश**	**निर्यात का देश**	**उत्पादक**	**सीआईएफ के % के रूप में शुल्क**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
1	84313100, 84313910, 84313990, 73089090	टी-आकार की एलीवेटर /लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल**	चीन जन.गण	चीन जन.गण. सहित कोई देश	माराज़ी (जियांग्सू) एलीवेटर गाइड रेल कंपनी लिमिटेड	24.11%
2	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	वूशी कोएनिग एलीवेटर एक्सेसरीज़ कंपनी लिमिटेड	31.20%
3	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	झेजियांग बोनली एलीवेटर गाइड रेल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड	32.26%

4	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	नीचे दी गई सूची के अनुसार गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक ***	26.10%
5	-वही-	-वही-	चीन जन.गण.	चीन जन.गण. सहित कोई देश	क्रम संख्या 1 से 4 को छोड़कर कोई भी उत्पादक	51.87%
6	-वही-	-वही-	चीन जन.गण. को छोड़कर कोई देश	चीन जन.गण.	कोई	51.87%

*सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

** निम्नलिखित को हटाकर:

क. कोल्ड-ड्रान गाइड रेल: टी65/ए, टी45/ए और टी50/ए कोल्ड-ड्रान गाइड रेल के सामान्य नाम हैं (जहाँ, नाम के अंत में '/ए' कोल्ड-ड्रॉन टाइप को दर्शाता है)।

ख. बड़े आकार/चौड़ाई की सॉलिड गाइड रेल, अर्थात् टी114/बी, टी127/बी, टी125/बी और टी140/बी विभिन्न प्रकारों में (अंत में '/बी' या '/बीई' मशीनी प्रकार और गुणवत्ता को दर्शाता है)

ग. वेल्डेड होलो गाइड रेल।

घ. पूर्ण एलिवेटर किट के भाग के रूप में आयातित टी-आकार की एलिवेटर/लिफ्ट गाइड रेल और काउंटरवेट गाइड रेल।

ङ. टी-आकार के एलिवेटर/लिफ्ट गाइड रेल के सहायक उपकरण जैसे बोल्ट, फिशप्लेट और क्लिप, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में नहीं आते हैं।

*** चीन जन.गण. के गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादकों की सूची-

क्र.सं.	**गैर-नमूनाकृत सहयोगी उत्पादक**
1	तियानजिन सवेरा एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड
2	सूज़ौ सवेरा शांगवु एलेवेटर राइडिंग सिस्टम कंपनी लिमिटेड
3	झांगजियागांग ऑस्कर एंड जेसन एलेवेटर पार्ट्स कंपनी लिमिटेड

ढ. आगे की प्रक्रिया

215. इस जांच परिणामों के निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवाकर अपीलीय अधिकरण के समक्ष की जाएगी।

सिद्धार्थ

(सिद्धार्थ महाजन)
निर्दिष्ट प्राधिकारी